

14:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 101 | epaper.rashtriyakhabar.com | वैशाख, कृष्णपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

अनागतविधाता च प्रत्युत्पन्नमतिस्तथा।
द्वावेतौ सुखमेधेते यद्भविष्यो विनश्यति॥

भावार्थ : आनेवाले कष्ट को दूरकरने के लिए जो पहले से ही तैयार रहता है और जो विपत्ति आने पर उसे दूर करने का उपाय सोच लेता है, ये दोनों प्रकार के व्यक्ति अपने सुख की वृद्धि करते हैं अर्थात् सुखी रहते हैं तथा जो यह सोचता है कि जो भाग्य में लिखा है वही होगा, ऐसा व्यक्ति नष्ट हो जाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 39.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .09 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05 .29 बजे

## दिल्ली एम्स में सभी कर्मचारियों के लिए मास्क अनिवार्य

नयी दिल्ली: दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने कोविड संक्रमण के मामले बढ़ने के मद्देनजर सभी कर्मचारियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। एम्स ने गुरुवार को यहां जारी परामर्श में कहा कि सभी कर्मचारियों को एकल प्रयोग या दोबारा प्रयोग किए जाने वाला मास्क पहनना चाहिए। इसके अलावा कर्मचारियों को अपने कार्य स्थलों पर उचित साफ सफाई रखनी चाहिए तथा नियमित रूप से उस स्थल को संक्रमण रहित करना चाहिए। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर कोविड संक्रमण तेजी से फैल रहा है। हालांकि संक्रमण बहुत तेज नहीं है। अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं है। जानकारों का कहना है कि अगले दो-तीन सप्ताह में कोविड संक्रमण में उतार आना शुरू होगा। विशेषज्ञों के अनुसार कोविड संक्रमण निम्न और मध्यम स्तर का है लेकिन बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को सतर्कता बरतनी आवश्यक है।

## नाराज पूर्व मंत्री शिवन्ना ने भाजपा का दामन छोड़ा

तुमकुर: पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सोगाडू शिवन्ना ने कहा है कि वह शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। श्री शिवन्ना ने कर्नाटक के तुमकुर शहर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिये जाने से इनकार किए जाने के बाद गुरुवार को यह घोषणा की। इस सीट से भाजपा ने मौजूदा विधायक ज्योति गणेश को उतारा है। श्री शिवन्ना ने यहां संवाददाताओं से कहा, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के कहने पर मैं कल पार्टी से इस्तीफा दे दूंगा और चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि श्री बीएस येदियुरप्पा के आश्वासन के बाद उन्होंने 2018 में तुमकुर शहर सीट से चुनाव लड़ने से नाम वापस ले लिया था, लेकिन आज उन्हें हाशिये पर डाल दिया गया है।

## भाजपा ने झारसुगुड़ा से त्रिपाठी को मैदान में उतारा

**भुवनेश्वर:** ओडिशा में भाजपा ने पार्टी के युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष टंकाधर त्रिपाठी को झारसुगुडा विधानसभा सीट पर 10 मई को होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। भाजपा ने बुधवार देर रात श्री त्रिपाठी के नाम की घोषणा की। यह उपचुनाव गत 29 जनवरी को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास की गोली मारकर हत्या करने के कारण कराए जा रहे है। श्री दास की हत्या के बाद यह सीट रिक्त पड़ी थी। बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस ने इस उपचुनाव के लिए पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। बीजद अध्यक्ष एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 31 मार्च को उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नाबा किशोर दास की बेटी दीपाली दास के नाम की घोषणा की थी। जबकि कांग्रेस ने पार्टी विधायक दिवंगत वीरेंद्र चंद्र पांडे के पुत्र तरुण कुमार पांडेय को मैदान में उतारा है। इस बीच गुरुवार को उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गयी। अधिसूचना के अनुसार 20 अप्रैल तक नामांकन की अंतिम तिथि है और 21 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी तथा 24 अप्रैल नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है। मतदान 10 मई को होगा और मतगणना 13 मई को होगी। चुनाव प्रक्रिया अगले 15 मई तक पूरी कर ली जाएगी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्यक्रम** › सरकारी सेवाओं में आ रहे कर्मी जन विश्वास बढ़ाने का काम करें : मोदी

# प्रधानमंत्री मोदी ने 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया

- आजादी के अमृतकाल की याद दिलायी
- हर किसी का बेहतर कार्य प्रेरणा बने
- आम जनता की तकलीफों का ध्यान रखें

राष्ट्रीय खबर




**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी कर्मी के रूप में अपनी यात्रा शुरू कर रहे लोगों से आजादी के अमृतकाल में हर कदम विकास के प्रयासों में योगदान करने और नागरिकों के साथ व्यवहार करते समय अपने को उसकी जगह रख कर सोचने तथा उनका उत्साह एवं विश्वास बढ़ाने वाला आचरण प्रस्तुत करने का आह्वान किया है। उन्होंने सरकारी कर्मियों से कहा कि वे देश के नागरिकों के मन में अपने बर्ताव से बुरा अनुभव न आने दें। श्री मोदी गुरुवार को सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम में विभिन्न विभागों में भर्ती किए गए करीब 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा, अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि सरकारी सेवा में आने के बाद, दूसरों की उन उम्मीदों को आप पूरा करें। अपने आपको योग्य बनाएं। आप में से हर कोई किसी न किसी रूप में अपने कार्य से सामान्य मानव के जीवन को प्रभावित भी कर सकता है, प्रेरित भी कर सकता है। उसको निराशा की गर्त में डूबने से बचा भी सकता है। इससे बड़ा मानवता का क्या काम हो सकता है साथियों? उन्होंने कहा, आपकी कोशिश होनी चाहिए कि आपके कार्य का सकारात्मक प्रभाव हो, आपके काम से सामान्य मानवी का जीवन बेहतर हो। व्यवस्थाओं पर उसका विश्वास बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, आज आप एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर अपनी यात्रा भले ही शुरू कर रहे हैं। इस यात्रा में हमेशा उन बातों को याद रखना चाहिए और हमेशा अपने आप को एक सामान्य नागरिक के तौर पर आप पिछले पांच साल से, 10 साल से या जब से समझने लगे हैं, क्या-क्या महसूस करते थे। सरकार का कौन सा व्यवहार आपको अखरता था। सरकार का कौन सा व्यवहार आपको अच्छा लगता था। आप भी ये जरूर मन में मानीये कि जो बुरे अनुभव आपको आए हैं, आपके रहते हुए किसी भी देश के नागरिक को बुरा अनुभव नहीं आने देंगे। सरकार ने एक वर्ष के भीतर केंद्र सरकार में करीब 10 लाख नौकरियां देने का फैसला किया है। इसकी के तहत पिछले वर्ष 22 अक्टूबर को पहला पीएम रोजगार मेला शुरू किया गया था, जहां 75 हजार सरकारी नौकरियां दी गईं। कई रोजगार मेलों के जरिए अब तक केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 2,18,000 नौकरियां प्रदान की गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिला है, उन्हें मैं विशेष तौर पर कुछ सुझाव अवशय देना चाहता हूं। आप में से कुछ लोग रेलवे, तो कुछ लोग शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ रहे हैं। कुछ लोगों को बैंकों में अपनी सेवाएं देने का अवसर मिल रहा है। ये आपके लिए देश के विकास में योगदान देने का

›› पेज 2 भी देखें

कोलकाता मेट्रो रेल ने रच दिया है एक और नया इतिहास

# गंगा नदी के नीचे से मेट्रो का सफल परीक्षण



https://twitter?com/i/status/1646124044838932481

- दोनों तरफ से मेट्रो रेल का परिचालन
- छोटा सा हिस्सा ही नदी के नीचे है
- नदी के नीचे पार करने में 45 सेकंड

राष्ट्रीय खबर

**कोलकाता:** कोलकाता मेट्रो रेल ने अंततः गंगा नदी के नीचे से मेट्रो रेल चलाने का रिकार्ड कायम कर लिया है। मेट्रो रेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां बताया कि कोलकाता मेट्रो ने बुधवार को इतिहास रच दिया जब देश में पहली बार इसका रेक एक नदी के नीचे सुरंग से होकर गुजरा। मेट्रो की जिस रेक में केवल अधिकारी और इंजीनियर सवार थे, वह हुगली के नीचे कोलकाता से हावड़ा तक नदी के दूसरी ओर चलती थी। अधिकारी ने कहा कि कोलकाता और उसके उपनगरों के लोगों को एक आधुनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम है। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी उदय कुमार रेड्डी ने कोलकाता के महाकरण स्टेशन से ईस्ट वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर के हावड़ा मैदान स्टेशन तक रेक में सफर किया। बाद में इसी रास्ते से एक और रैक भी हावड़ा मैदान स्टेशन पहुंची। मेट्रो के महाप्रबंधक ने इसे ऐतिहासिक घटना करार देते हुए कहा, अगले सात महीनों के लिए हावड़ा मैदान और एस्प्लेनेड स्टेशन के बीच ट्रायल रन आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद इस खंड पर नियमित सेवाएं शुरू हो जाएंगी। अधिकारी ने कहा कि भूमिगत खंड के 4.8 किलोमीटर खंड पर परीक्षण जल्द ही शुरू होगा।

इस खंड के चालू हो जाने के बाद, हावड़ा मैदान देश का सबसे गहरा मेट्रो स्टेशन,

›› पेज 2 भी देखें

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मदद लेने पर आतुर है पाकिस्तान

# यूक्रेन को दो जहाज भरकर भेजेगा हथियार



राष्ट्रीय खबर

**इस्लामाबाद:** युद्धग्रस्त यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनके साथ खड़े होने को कहा है। इसी बीच पता चला कि पाकिस्तान टैंकों और रॉकेटों से भरे 230 कंटेनर यूक्रेन भेजने की योजना बना रहा है। बदले में, इस्लामाबाद को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक बड़ा वित्तीय पैकेज प्राप्त होगा। यह सूचना तब बाहर आ रही है जबकि पाकिस्तान का मददगार चीन अभी रूस के साथ खड़ा है। जानकार मानते हैं कि देश की ध्वस्त होती अर्थव्यवस्था की वजह से अब पाकिस्तान की यह मजबूरी हो गयी है कि वह पश्चिमी देशों के सारे निदेर्शों का पालन करे। मालूम हो कि पाकिस्तान के दो जहाज एमवी बोकराम और एमवी खेरसॉन अप्रैल में कराची बंदरगाह से यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति शुरू करेंगे। जहाजों में अमेरिकी और यूरोपीय झंडे होंगे। दोनों पोत पोलैंड और जर्मनी के बंदरगाहों के जरिए हथियारों की आपूर्ति करेंगे।

एक मीडिया के मुताबिक इसके बदले में पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से साढ़े सात अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक पैकेज मिलेगा। संयोग से ऐसी अफवाह है कि पाकिस्तान अप्रैल से रूस से कम कीमत पर ईंधन खरीदने जा रहा है। हालांकि अभी तक दोनों देशों के बीच कोई समझौता नहीं हो पाया है। लेकिन इसी बीच पाकिस्तान हथियारों से यूक्रेन की मदद करने जा रहा है, ये अफवाह भी उड़ी है। अब इस सूचना के बाद रूस से उसे सस्ता तेल मिल पायेगा इस पर भी संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ महीनों से बद से बदतर होती जा रही है। उनके पास कायापलट के लिए आईएमएफ पर भरोसा करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में शाहबाज प्रशासन ने यूक्रेन को हथियार भेजने का फैसला किया। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एक वर्ष से

›› पेज 2 भी देखें

# टिपरा मोथा और भाजपा की झड़प में सात घायल



**अगरतला:** त्रिपुरा के धलाई जिले में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) और टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के समर्थकों के बीच सलेमा ब्लॉक के पनबुआ ग्राम समिति के कार्यों पर नियंत्रण को लेकर बुधवार को हुई हिंसक झड़प में कम से कम सात लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को कुलई जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। तनाव को कम करने के लिए इलाके में पुलिस और त्रिपुरा राज्य राइफल्स (टीएसआर) के जवानों को तैनात किया गया है। प्रशासन ने कथित रूप से गुरुवार को दोनों दलों के स्थानीय नेताओं से बातचीत की और उन्हें हिंसा रोकने और शांति बनाए रखने की सलाह दी। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा, मेरी सरकार किसी भी प्रकार के अपराध और हिंसा का समर्थन नहीं करती। इन घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस को निर्देश दिया गया है कि वह राजनीतिक संबद्धता पर विचार किए बिना कानून तोड़ने की कोशिश में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करे। रिपोर्ट के अनुसार टीएमपी समर्थकों ने सलेमा ब्लॉक के अंतर्गत पनबुआ ग्राम समिति के कार्यों का प्रबंधन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है ।

सूरत की अदालत में अब राहुल की तरफ से आक्रामक दलील

# आधे घंटे में सबसे अधिक सजा दी गयी

- निचली अदालत का रवैया गलत था
- गलत संदर्भ में सजा का फैसला हुआ
- अमित शाह के वकील रहे हैं यह जज

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** सूरत के सेशंस कोर्ट में अब राहुल गांधी की तरफ से सजा को चुनौती देने की याचिका पर उनकी तरफ से आक्रामक दलील दी गयी है। उनके वकील आर एस चीमा ने कहा 11 बजकर 51 मिनट पर मेरे मुवक्किल को दोषी करार दिया गया. और आधे घंटे के भीतर उसे कड़ी से कड़ी और सबसे बड़ी सजा दी गई। उन्होंने अपने ऊपर से दलील देते हुए कहा कि अगर कोई कहे कि पंजाबी बहुत झगड़ालू और बदतमीजी करने वाले होते हैं तो क्या मैं मानहानि का केस कर दूं? वकील आरएस चीमा ने कहा कि वेनारा से राहुल गांधी भारी मतों से जीते हैं। उन्हें इस तरह सांसद पद से बर्खास्त करने से क्षेत्र को भारी नुकसान हो रहा है। सुनवाई के दौरान राहुल के वकील ने कहा, मेरा भाषण तभी अपमानजनक होगा, जब मैं संदर्भ से हटकर बोलूंगा। जो मुकदमा हुआ वह मुझे बहुत कठोर और अनुचित लगा। इस बीच पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के भाषण की शिकायत की। शिकायतकर्ता की भौगोलिक स्थिति का हवाला देते हुए वकील चीमा ने कहा, बयान कोलार में दिया गया था और शिकायतकर्ता को उसके व्हाट्सएप पर एक संदेश मिला। राहुल गांधी के वकील का कहना है कि अगर कोई आपसे कहे कि पंजाबी बहुत झगड़ालू होते हैं तो क्या मैं जाकर मानहानि का केस करूंगा? ऐसे शब्दों का प्रयोग कभी-कभी गुजराती सहित अन्य

›› पेज 2 भी देखें

**बदलाव** › मौसम के गर्म होने का पूवार्नुमान गलत साबित हुआ खतरा बीस गुणा अधिक

# हर दिन छह सौ मीटर तक पिघल रहे हैं बर्फखंड

- कई अनुसंधान केंद्रों ने अलग अलग काम किया
- सभी का निष्कर्ष बर्फ पिघलने का तेज होना है
- समुद्री जलस्तर बढ़ा तो किनारे तक फैलेगा

राष्ट्रीय खबर



https://youtu.be/JvFkLWHRUwo

**रांची:** मौसम के बदलाव को लेकर पहले व्यक्त की गयी चिंता के साथ साथ चेतावनी संकेत को अब बदला गया है। यह पाया गया है कि जलवायु के गर्म होने की अवधि के दौरान बर्फ की चादरें एक दिन में 600 मीटर तक पीछे हट सकती हैं, जो पहले मापी गई पीछे हटने की उच्चतम दर से 20 गुना तेज है। इस गति से बर्फ के पिघलने की हालत में समुद्र के किनारे बसे शहरों के लिए खतरा और भी करीब आ गयी है। ब्रिटेन के न्यू कैसल विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टीन बैचेलर के नेतृत्व में शोधकताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने समुद्र तल की उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजरी का उपयोग यह प्रकट करने के लिए किया कि नॉर्वे से फैली एक पूर्व बर्फ की चादर पिछले हिम युग के अंत में कितनी जल्दी पीछे हट गई। यह शोध बताता है कि यह करीब लगभग 20,000 साल पहले से पूरी तरह बदल चुका है। इस टीम, जिसमें यूके में कैम्ब्रिज और लॉफबरो विश्वविद्यालयों के शोधकर्ता और नॉर्वे के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण शामिल थे, ने समुद्र के पार गलियारे की लकीरें नामक 7,600 से अधिक छोटे पैमाने के भू-आकृतियों की मैपिंग की। लकीरें 2.5 मीटर से कम ऊँची हैं और लगभग 25 और

›› पेज 2 भी देखें

### शोध वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारा शोध अतीत से चेतावनी देता हैं

शोध वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारा शोध अतीत से चेतावनी देता है कि बर्फ की चादरें शारीरिक रूप से पीछे हटने में सक्षम हैं। नतीजे बताते हैं कि अब तक हमने जो कुछ भी देखा है उससे तेजी से पीछे हटने की दालें कहीं ज्यादा तेज हो सकती हैं। क्लाइमेट वार्मिंग के पिछले समय के दौरान बर्फ की चादरें कैसे व्यवहार करती हैं, इसके बारे में जानकारी कंप्यूटर सिमुलेशन को सूचित करने के लिए महत्वपूर्ण है जो भविष्य में बर्फ की चादर और समुद्र के स्तर में बदलाव की भविष्यवाणी करती है।

यूक्रेन के युद्ध में मौजूद हैं पश्चिमी देशों के सैनिक भी

# दस्तावेजों के लीक होने के बाद रूस ने हमला तेज किया

राष्ट्रीय खबर



**लेनिनग्राड:** रूस ने पूर्वी यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई जहाज और तोपखाने से हमले शुरू किए हैं। रूस ने ऐसा कड़ा हमला ऐसे समय में किया जब यूक्रेन के खिलाफ जवाबी हमले की योजना समेत अमेरिकी दस्तावेजों को जारी करने को लेकर तनाव चरम पर था। यूक्रेनी बलों ने दावा किया कि रूसी सैनिकों ने मंगलवार को पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में भारी आक्रमण किया। यूक्रेन ने पुष्टि की है कि भारी बमबारी से कई शहर प्रभावित हुए हैं। दरअसल समझा जाता है कि अमेरिकी माध्यम से जो गोपनीय दस्तावेज लीक हुए हैं, उसमें इस बात की पुष्टि हो गयी है कि यूक्रेन में जारी युद्ध में पश्चिमी देशों की सक्रिय भूमिका है। वैसे रूस ने पहले ही यह आरोप लगाया था। इसके तहत कई अमेरिकी और ब्रिटिश

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## राजनीतिक कार्यक्रम में लगाये गए संप्रदायिक नारे


**रांची:** झामुमो के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा के सचिवालय घेराव के कार्यक्रम पर कहा कि धुर्वा इलाके में मंगलवार को एक शालीमार बाजार और दूसरी बौखलायी राजनीतिक पार्टी भाजपा का प्रभात तारा मैदान में बाजार लगा था। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कार्यक्रम में राजनीतिक नारे लगाये जाते है। लेकिन भाजपा के सचिवालय घेराव के राजनीतिक कार्यक्रम में संप्रदायिक और उन्मादी नारे लगाये जा रहे थे। समाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले नारे थे। स्वच्छ तौर पर लोकतंत्र को समाप्त करने वाले नारे थे। सुप्रियो भट्टाचार्य पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और अन्य भाजपा के कई सांसद एवं विधायक घेराव के लिए जुटे हुए थे।

आग्रह > भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का राज्य सरकार पर हमला

# राज्य सरकार के कई और चहेते दागी ऑफिसर्स की भी जांच करे ईडी : दीपक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक प्रकाश ने गुरुवार को राज्य के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दी है। कहा कि हेमंत सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार के महागर्त में धकेल दिया है। रोज नये-नये कारनामे उजागर हो रहे हैं। ईडी की कार्रवाई में अधिकारियों के घर में अकूत अवैध संपत्ति, नकदी बरामद हो रही है। ये सभी राज्य संपोषित भ्रष्टाचार के ही परिणाम हैं।उन्होंने कहा कि जितने लोग ईडी की चंगुल में अबतक आ चुके हैं, ऐसा लगता है कि भ्रष्टाचार के कारनामे केवल उन्हीं तक सीमित नहीं हैं बल्कि ईडी को राज्य सरकार के अन्य चहेते पदाधिकारियों पर भी पैनी निगाह रखनी चाहिए। जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि दाल में काला नहीं है बल्कि राज्य सरकार की पूरी दाल ही काली हो चुकी है।श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा सड़क से सदन तक राज्य सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और आंदोलन कर रही है। जब भाजपा राज्य सरकार के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करती है तो यह सरकार अपने पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए लाठी डंडों, गोली बंदूक के बल पर कुचलना चाहती है। 11 अप्रैल को भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम को भी हेमंत सरकार ने कुचलने की कोशिश की। राज्य की जनता के सामने भ्रष्ट निकम्मी सरकार की पोल खुल चुकी है। यह सरकार केवल विफलताओं की गठरी सिर पर रख कर चल रही है। राज्य की जनता अब क्षण भर भी इस भ्रष्ट निकम्मी आदिवासी, दलित पिछड़े, महिला, युवा विरोधी तुष्टिकरण में लिप्त सरकार को देखना नहीं चाहती। जनता के लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने के लिए किए गए प्रशासनिक दुरुपयोग पर हेमंत सरकार को माफी मांगनी चाहिए।




## नक्सलियों ने किया बंद का ऐलान

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**चतरा जिले के लावालौंग थाना स्थित ग्रहे जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जाने के विरोध में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने 14 और 15 अप्रैल को दक्षिणी बिहार और पश्चिमी झारखंड को बंद करने का ऐलान किया है। इसको लेकर खुफिया विभाग ने एलर्ट जारी किया है। इस बाबत बिहार के सभी जिलों के डीएम, एसएसपी, एसपी, रेल एसपी, डीआईजी, आईजी और झारखंड पुलिस के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। जिसमें बताया गया है कि झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी कि सक्रियता है। उग्रवादियों के गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंण्ड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। उग्रवादियों द्वारा प्रतिशोध स्वरुप अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पुलिस, अर्धसैनिक बलों, थाना, ओपी, पिकेट, बैस कैम्प, चौकीदार, पुलिस मुखबिर, मोबाईल टावर, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, विकास कार्य से जुड़े ठीकेदार सहित उनके कार्यस्थल, उनके उपकरण, वाहन, मुंशी, मजदूर आदि पर हमला कर हिंसक घटना कारित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। खुफिया विभाग ने कहा है कि उग्रवाद प्रभावित जिलों में सिक्युरिटी ऑडिट कराते हुए विशेष सतर्कता और आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करें।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत और विधायक बंधु तिर्की की प्रेस वार्ता

# राहुल को सच बोलने की सजा मिली

- पहली बार सरकार सदन चलने से रोक रही है
- जनता का सारा कुछ एक व्यक्ति को दे दिया
- सत्याग्रह कार्यक्रम का समापन 16 अप्रैल को

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राहुल गांधी को दी गयी सजा और उसके बाद के घटनाक्रमों पर कांग्रेस नेताओं ने रोष प्रकट किया है। आज स्थानीय प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत ने कहा कि चोर की कोई जात नहीं होती है, चोर तो चोर होता है। जिसके बारे में ये बात कही गई थी, वो तो कोर्ट में शिकाय करने नहीं आये हैं। राहुल गांधी को सच बोलने और अडाणी के साथ प्रधानमंत्री के रिश्ते को सार्वजनिक करने की सजा मिली है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया था। आज केंद्र सरकार की मार पराकाष्ठा पर है। संसद में भी बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा है। पहली बार ऐसा देखने को मिला जब सत्ता पक्ष के द्वारा लोकसभा और राज्यसभा को नहीं चलने दिया गया। इस राज्य में 12 हजार उद्योग बंद हो गए। स्पेशल इकनॉमिक जोन की मांग हम कर रहे थे लेकिन पोर्ट से लेकर एयरपोर्ट और कोयला खदान तक एक ही व्यक्ति को दिया गया। इन्हीं मुद्दों को लेकर जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2023 को पुराना विधानसभा मैदान, धुर्वा में कार्यक्रम का समापन होगा।

कांग्रेस प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कांग्रेस सड़क से सदन तक केंद्र सरकार की नीति कर खिलाफ लड़ाई लड़ रही है। 13 दिन तक प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष लगातार जय भारत सत्याग्रह के कार्यक्रम में जुड़े रहेंगे । संविधान के साथ केंद्र सरकार खिलवाड़ कर रही है । इस समापन समारोह में 18 प्रखंड से लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस समापन कार्यक्रम में पंचायत स्तर तक के कांग्रेस पदाधिकारी एवं आमजनता शामिल होंगे। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, ग्रामीण जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा उपस्थित थे।




नियोजन नीति- 72 घंटे का महाआंदोलन

# 17 अप्रैल को रांची में जुटेंगे राज्यभर के छात्र, 19 को झारखंड बंद

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में नियोजन नीति को लेकर छात्रों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों छात्रों के एक गुट के द्वारा झारखंड बंद बुलाए जाने के बाद एक बार फिर छात्र संगठनों ने 19 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। इससे पहले 17 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के देवेंद्र नाथ महतो ने मीडियाकर्मियों को कहा कि राज्य सरकार के 60/40 नियोजन नीति के खिलाफ तथा झारखंड में झारखंडियों को नौकरी की मांग को लेकर यूनियन पिछले 4 महीनों से आंदोलन कर रहा है।न्होंने कहा कि सरकार के द्वारा आश्वासन बार-बार दिया जा रहा है लेकिन उसका पालन नहीं किया गया है। इस वजह से झारखंडी छात्र बाध्य होकर 17 अप्रैल से त्रिदिवसीय 72 घंटे का महाआंदोलन करने का निर्णय लिया है। 17 अप्रैल 2023 यानी सोमवार को सुबह 10 बजे झारखंड के सभी जिलों से छात्र मोराबादी मैदान में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। 18 अप्रैल को शाम 5 बजे राज्यभर के सभी प्रखंड और जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा तथा 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जाएगा। बंद के दौरान आकस्मिक मेडिकल सेवा को अलग रखा गया है।मोरहाबादी के ऑक्सीजन पार्क में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि झारखंड बंद का विभिन्न छात्र संगठनों ने समर्थन किया है। जिसमें आदिवासी छात्र संघ, आयसा छात्रसंघ, आदिवासी सेंगल अभियान, आदिवासी जन परिषद, आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के अलावा कई अन्य संगठन ने समर्थन किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो, मनोज यादव, अमनदीप मुंडा, मनोज उड़ांव, योगेश भारती, अशोक नायक, सूरज मंडल के अलावा अन्य छात्र शामिल थे।गौरतलब है कि 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ छात्र पिछले कई महीनों से सोशल मीडिया के जरिए विरोध जता रहे थे। उसके बाद बजट सत्र के दौरान विधानसभा घेराव करने बड़ी संख्या में छात्र पहुंचे थे जिस दौरान लाठीचार्ज की घटना भी हुई। उसके बाद नाराज छात्रों ने सरकार पर हठधर्मिता का आरोप लगाते हुए झारखंड बंद की घोषणा की थी लेकिन इस दौरान शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के असामयिक निधन की वजह से छात्रों का इस गुट ने आंदोलन को तत्काल स्थगित करते हुए 17 से 19 अप्रैल तक आंदोलन की घोषणा की थी।



# लालू प्रसाद की सजा बढ़ाने को लेकर एचसी में हुई सुनवाई

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित 6 सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस याचिका को सक्षम खंडपीठ में भेजने का निर्देश दिया है। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता पीएएस पति ने पैरवी की। वही लालू प्रसाद की ओर से अधिवक्ता प्रभात कुमार ने पैरवी की।बता दें कि इस मामले में पूर्व में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है। जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था।उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि देवघर कोषागार से अवैध निकासी मामले में लालू प्रसाद, बेक जूलियस, सुबीर भट्टाचार्य सहित छह सजायाफ्ता को तीन से छह साल की सजा सुनाई गई है। इन्हें सीबीआई ने इन्हें अधिकतम सजा देने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया था कि लालू प्रसाद को इस मामले में साढ़े तीन साल की सजा मिली है इन्हें अधिकतम 7 साल की सजा मिलनी चाहिए।



न्याय मार्च > आजसू कार्यकताओं ने पूरे झारखंड में निकाला न्याय मार्च

# सुदेश महतो ने कहा: हेमंत सरकार ने नहीं निभाया वादा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हेमंत सरकार के खिलाफ इन दिनों विपक्षी दल सड़कों पर उतरने में जुटे हैं। भारतीय जनता पार्टी के सचिवालय घेराव के बाद गुरुवार को आजसू ने राज्य सरकार के खिलाफ सभी जिला मुख्यालयों पर न्याय मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में आजसू कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और सरकार विरोधी नारे लगाए। राजधानी रांची में न्याय मार्च का नेतृत्व आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने किया।रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समीप जमा हुए आजसू कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर न्याय मार्च की शुरूआत की। मोरहाबादी बापू वाटिका से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता समाहरणालय पहुंचे। इस दौरान सरकार के नियोजन नीति, राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर आजसू सुप्रीमो ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, उन्हीं अधिकारियों की तैनाती की जाती है जो इस तरह के कारनामों में माहिर माने जाते हैं। ऐसे में राज्य की जनता अब जान चुकी है कि यह सरकार जो वादा करके आई थी उसे पूरा करने में विफल रही है। इसलिए आने वाले समय में जनता इनके काले कारनामों के लिए जरुर सबक सिखाएगी।भ्रष्टाचार नियोजन नीति सहित सात मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए सड़कों पर उतरी आजसू पार्टी ने अप्रैल महीने को सामाजिक न्याय महीना घोषित कर रखा है, जिसके तहत सभी जिला मुख्यालयों पर न्याय मार्च निकालकर सरकार के विरोध में उलगुलान की शुरूआत की है। न्याय मार्च की शुरूआत करते हुए आजसू नेता देवशरण भगत ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने अपने 3 वर्षों के कार्यकाल में झारखंड की भावना, उम्मीद और जनादेश के साथ जो विश्वासघात किया है उससे जनता उब चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने युवा किसान, मजदूर, गरीब, बुजुर्ग सभी को ठगने का काम किया है। 3 साल में कोई वैकेंसी नहीं, परीक्षा नहीं, ऐसे में नियुक्तियां और बहाली पूरी तरह से ठप रही। जबकि खुद मुख्यमंत्री ने पब्लिक डोमेन में वादा किया था कि सत्ता में आते ही पहले साल 5 लाख नौकरियां देंगे।




## पेज एक का शेष

### प्रधानमंत्री मोदी ने .. ..

अवसर है। उन्होंने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं कितने उत्तम कालखंड में, कितने उत्तम अवसर के साथ, देश को आगे बढ़ाने के लिए आज आपके कंधों पर आप नयी जिम्मेदारी ले रहे हैं। आपका एक-एक कदम, आपके समय की एक-एक पल देश को तेज गति से विकसित बनाने में काम आने वाली है। इन नवनियुक्त कर्मियों में ट्रेन मैनेजर, स्टेशन मास्टर, सीनियर कमर्शियल कम टिकट क्लर्क, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, स्टेनोग्राफर, जूनियर अकाउंटेंट, पोस्टल असिस्टेंट, इनकम टैक्स इंस्पेक्टर, टैक्स असिस्टेंट, सीनियर ड्राफ्ट्समैन, जूनियर इंजीनियर/सुपरवाइजर, असिस्टेंट प्रोफेसर, टीचर, लाइब्रेरियन, नर्स, प्रोबेशनरी ऑफिसर, पीए, एमटीएस, अन्य शामिल हैं। नये भर्ती किए गए लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ के जरिए खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स है।

### गंगा नदी के नीचे से..

जमीन से 33 मीटर नीचे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मेट्रो से हुगली नदी के नीचे 520 मीटर के हिस्से को 45 सेकंड में कवर करने की उम्मीद है, उन्होंने कहा कि नदी के नीचे यह सुरंग पानी की निचली सतह के स्तर से 32 मीटर नीचे है। हावड़ा मैदान और साल्ट लेक में सूचना प्रौद्योगिकी हब सेक्टर पांच को जोड़ने वाला ईस्ट वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर आंशिक रूप से चालू है - सियालदह और सेक्टर पांच के स्टेशनों के बीच।

मध्य कोलकाता के बहुबाजार क्षेत्र में दुर्घटनाओं के कारण पूरी परियोजना को पूरा करने में देरी हुई है। 31 अगस्त, 2019 को, एक टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ने एक संरचना को टक्कर मार दी थी, जिससे गंभीर भू-धंसाव हुआ और बहुबाजार में कई इमारतें ढह गईं। मई 2022 में कई घर फिर से क्षतिग्रस्त हो गए, पूर्व में सियालदह की ओर से आने वाली सुरंगों और पश्चिमी तरफ एस्प्लेनेड की ओर से आने वाली सुरंगों में शामिल होने के लिए काम के दौरान पानी के रिसाव के कारण जमीन धंसने के कारण। 14 अक्टूबर, 2022 को बहुबाजार में मदन दत्ता लेन में भूमिगत जल रिसाव के कारण 12 इमारतों में दरारें आ गईं, जो परियोजना के पूरा होने को प्रभावित करने वाली आखिरी दुर्घटना थी। इसके बाद सारी परिस्थितियों का नये सिरे से आकलन कर लेने के बाद इसका काम चालू किया गया था। केएमआरसी के एक अधिकारी के अनुसार, ईस्ट वेस्ट मेट्रो की 16.6 किमी लंबाई में से, भूमिगत गलियारा हावड़ा मैदान और फूलबागान के बीच 10.8 किमी का है, जिसमें सुरंग हुगली (गंगा) नदी के नीचे से गुजरती है, जबकि शेष ऊंचा गलियारा है।

### यूक्रेन को दो जहाज .. .. ..

अधिक समय से रूस और यूक्रेन के बीच भयंकर युद्ध चल रहा है। शुरूआत में तो रूसी सेना युद्ध के मैदान में सफल रही, लेकिन समय के साथ यूक्रेन की सेना भारी होती चली गई।

### आधे घंटे में सबसे .. ..

वक्ताओं द्वारा किया जाता है। इस बात का भी उल्लेख किया गया कि ट्रायल कोर्ट ने कहा, आपको सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी थी, बहुत अशिष्ट! आपको कुछ समझ नहीं आ रहा। वकील ने कहा, मुझे बहुत खेद है कि मैं कठोर शब्दों का प्रयोग कर रहा हूं लेकिन वास्तव में जजों को गुमराह किया गया और उन्होंने कठोर रवैया दिखाया। राहुल गांधी के वकील ने कहा, नवंबर 2019 में मेरे मुवक्किल चौकीदार ने चोर शब्द के लिए माफी मांगी थी। और उन्होंने अप्रैल 2019 में मोदी के उपनाम के बारे में बात की। वैसे राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई कर रहे जज रॉबिन पॉल मोगेरा 2006 के तुलसीराम प्रजापति फर्जी मुठभेड़ मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वकील थे। इस बात की चर्चा भी यहां मीडिया में होने लगी है। सूरत के सूत्रों से पुष्टि की है कि न्यायाधीश मोगेरा, जिन्हें जनवरी 2018 में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था, ने 2006 के फर्जी मुठभेड़ मामले में शाह का बचाव किया था। सीबीआई अदालत ने शाह के वकील मोगेरा को उनके आवेदन में कोई कारण नहीं बताने के लिए खींचा था जिसमें उन्होंने अनुरोध किया था कि शाह को अदालत की सुनवाई में शारीरिक रूप से उपस्थित होने से छूट दी जानी चाहिए। न्यायाधीश मोगेरा 8वें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सूरत हैं।

### हर दिन छह सौ .. ..

300 मीटर के बीच की दूरी पर हैं। समझा जाता है कि इन भू-आकृतियों का निर्माण तब हुआ जब बर्फ की चादर का पीछे हटने वाला मार्जिन ज्वार के साथ ऊपर और नीचे चला गया, जिससे समुद्र तल के तलछट हर कम ज्वार में एक छोर में धकेल दिए गए। यह देखते हुए कि प्रत्येक दिन दो लकीरें उत्पन्न होतीं (प्रति दिन दो ज्वारीय चक्रों के तहत), शोधकर्ता यह गणना करने में सक्षम थे कि बर्फ की चादर कितनी जल्दी पीछे हट गई। जर्नल नेचर में रिपोर्ट किए गए उनके परिणाम, पूर्व बर्फ की चादर को प्रति दिन 50 से 600 मीटर की गति से तेजी से पीछे हटने वाली ढालों को दिखाते हैं। यह किसी भी बर्फ की चादर के पीछे हटने की दर से बहुत तेज है जिसे उपग्रहों से देखा गया है या अंटार्कटिका में इसी तरह के भू-आकृतियों से अनुमान लगाया गया है।

नॉर्वे के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से अध्ययन के सह-लेखक डॉ. डैग ओटेसन ने कहा, यह अध्ययन हिमाच्छादित परिदृश्यों के बारे में उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजरी प्राप्त करने के मूल्य को दिखाता है, जो समुद्री तट पर संरक्षित हैं। नए शोध से पता चलता है कि इस तरह के तेजी से आइस-शीट रिट्रीट की अवधि केवल थोड़े समय (दिनों से महीनों) तक ही रह सकती है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के स्कॉट पोलर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सह-लेखक प्रोफेसर जूलियन डॉवडेवेल ने कहा, यह दिखाता है कि कई वर्षों या उससे अधिक समय में आइस-शीट रिट्रीट की दर कितनी तेजी से पीछे हटने के छोटे एपिसोड को छुपा सकती है। यह महत्वपूर्ण है कि कंप्यूटर सिमुलेशन इस स्पंदित बर्फ खंड व्यवहार को पुनः उत्पन्न करने में सक्षम हों। डॉ बैचेलर और उनके सहयोगियों ने नोट किया कि पूर्व की बर्फ की चादर अपने बिस्तर के सबसे सपाट हिस्सों में सबसे तेजी से पीछे हट गई थी। स्कॉट पोलर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सह-लेखक डॉ फ्रैजर क्रिस्टी ने समझाया, एक बर्फ का मार्जिन समुद्र तल से भूमिगत हो सकता है और तुरंत पीछे हट सकता है जब इसकी गति तेज हो जाती है। शोधकताओं ने निष्कर्ष निकाला है कि अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में जल्द ही इसी तरह की तेजी से वापसी की ढालों को देखा जा सकता है। इसमें पश्चिम अंटार्कटिका का विशाल थवाइट्स ग्लेशियर शामिल है, जो अस्थिर वापसी के लिए इसकी संभावित संवेदनशीलता के कारण काफी अंतरराष्ट्रीय शोध का विषय है। इस नए अध्ययन के लेखकों का सुझाव है कि थवाइट्स ग्लेशियर तेजी से पीछे हटने की नाड़ी से गुजर सकता है क्योंकि यह हाल ही में अपने मूल क्षेत्र से काफी दूर फिसल गया है। इसका एक मात्र निष्कर्ष है कि समुद्र में अधिक जल का होना है। समुद्र में अधिक जल का दूसरा अर्थ समुद्री जलस्तर का बढ़ना है जो किनारे बसे इलाकों को अपने आगोश में लेने में सक्षम है।

### दस्तावेजों के लीक .. .. ..

सैनिक भी युद्धबंदी बनाये गये थे। इन सभी के बारे में उनके अपने देशों का कहना था कि वे सारे लोग पूर्व सैनिक थे और स्वयंसेवी संगठनों के साथ जुड़कर काम कर रहे थे। रूस ने एक ब्रिटिश सांसद के पुत्र को सैनिक वर्दी में होने का फोटो भी जारी कर दिया था। इस बीच एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, लीक हुए गोपनीय दस्तावेजों से सनसनीखेज जानकारियां सामने आ रही हैं। पश्चिमी देशों के विशेष बलों के सैन्य सदस्य गुप्त रूप से यूक्रेन में रह रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि लीक हुए दस्तावेजों में, 22 मार्च के एक दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में 50 यूके सैनिक, 17 लातवियाई सैनिक, 15 फ्रांसीसी सैनिक, 14 अमेरिकी सैनिक और एक डच विशेष बल है। हालाँकि, दस्तावेज में यह उल्लेख नहीं है कि ये सैनिक यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र में तैनात हैं।

## शहर >> अपडेट

### लोजपा ने बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव मनाने का लिया निर्णय

**गया** : बृहस्पतिवार को शहर के पुलिस लाईन स्थित सिंगरा स्थान में बाबू वीर कुंवर सिंह स्मारक समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंह ने किया। स्मारक समिति के सदस्यों ने बैठक में निर्णय लिया है कि आगामी 23 अप्रैल को पुलिस लाइन स्थित वीर कुंवर सिंह पार्क में बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव मनाया जाएगा। इस बैठक में अरविंद कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, साकेत सिंह उर्फ भगत सिंह, राधा स्वामी, मनोज जी, मुकेश चंद्रवंशी, सुबोध सिंह, राम पुकार सिंह, टिंकू सिंह, राजेश कुमार, सोनू सिंह, लालबाबू, डॉ बी एन चौधरी,मोहित सिंह,गौतम सिंह,ठाकुर सुमन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# जदयू नेताओं ने महादलित टोले में जाकर बाबासाहेब के संदेशों को पहुंचाया

## अंबेडकर पार्क में जलाएं गए असंख्य दीपक

राष्ट्रीय खबर

**गया** : जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजू बरनवाल के नेतृत्व में सैकड़ों साथियों के साथ वार्ड नं.46 केंदुई, बक्षु-बिगहा एवं वार्ड नं 45, घुघड़ीटाड़, माड़नपुर स्थित दलित-महादलित टोलों में पार्टी द्वारा निर्देशित बाबा भीमराव अंबेडकर साहब जी के संदेश-पत्र एवं स्टीकर उक्त मुहल्लों में जाकर बाबा साहेब जी के विचार और मार्गदर्शन जनमानस के बीच अभियान चलाकर प्रत्येक घरों में लगाया गया। वहीं देर शाम अंबेडकर पार्क में जदयू के सैकड़ों साथियों के अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया।



बरनवाल ने लोगों को सम्बोधित कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जो 17 वर्षों से दलितो,महादलितो के लिऐ अतुलनीय कार्य किए हैं जो ऐतिहासिक है पंचायती राज एंव नगर निकाय में 16% दलितों को राजनीती अधिकार दिया शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए साइकिल योजना, पोशाक योजना, प्रोत्साहन राशि, बीपीएससी यूपीएससी में दलित समाज में बेटी/बेटियाँ को पीटी पास करने पर 100000 रूपया आगे पढ़ाई के लिऐ सरकार की ओर से मिलता है, जिससे प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी आदि बन रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दलितो ,महादलितो के लिऐ खजाने का पिटारा खोल दिए हैं।


उक्त अभियान में अरविंद सिंह, लालजी प्रसाद, निर्भय सिंह, मिंता देवी, ओम प्रकाश, जितेंद्र पंडित, गोपाल प्रसाद, प्रभात राउत,अमर चंद्रवंशी, शिव शंकर दास, नीरज वर्मा, जूली मेहता, सुषमा बरनवाल, गणेश दास, अरुण दास, नरेश प्रसाद, राजू यादव, गीता देवी, भारती प्रियदर्शनी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी गण मौजूद रहें।

### कार्यशाला में जीबीएम कॉलेज की शिक्षिकाओं ने लिया हिस्सा



**गया** : मगध विश्वविद्यालय बोधगया के डॉ राधाकृष्ण सभागार हॉल में रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग गौशाला में गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय के मानविकी संकाय के शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा रिसर्च पेपर के तकनीकी पहलुओं एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चले इस कार्यशाला में विशेषज्ञों एवं विद्वानों द्वारा मानविकी संकाय के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी,विधि, शिक्षा शास्त्र से शोध पत्र प्रस्तुत करने के तकनीकी माध्यमों को साझा किया। इस अवसर पर गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ अमृता घोष, डॉ पूजा राय आदि लोग उपस्थित थे।

### बरसात पूर्व बेतिया को जलजमाव से मुक्ति दिलाने कि दिशा में कवायद तेज



**बेतिया** : पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर को जलजमाव से मुक्ति दिलाने की कवायद तेज कर दी गई है। नगर निगम के पदाधिकारी स्वयं चिन्हित स्थानों का दौरा कर शिकायत वाले जागहो का अवलोकन कर रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 9 स्थित डॉ दिनेश राय के बगल से गुजरने वाले नाला, उत्तरी द्वार देवी चौक के समीप से गुजरता है, पुल और जमीन के बीच से निकलने वाले नाले का पानी के रास्ता अवरुद्ध की शिकायत पर स्वयं नगर निगम आयुक्त शम्भु कुमार, जेई सुजय सुमन, निगम पार्षद कुणाल सर्राफ, उपमहापौर प्रतिनिधि रमन गुप्ता मामले को गंभीरता से लेते हुए, उसके समाधान और उपाय पर विचार विमर्श कर इस मामले को निष्पादन करने का आदेश दिया। ज्ञात हो कि बेतिया में बरसों से लोग जलजमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। कुछ घंटे के बारिश से ही बेतिया शहर का हर क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। इसको देखते हुए बेतिया नगर निगम बरसात से पहले नाले की सफाई पुल पुलिया की मरम्मत पर विशेष अभियान चलाकर काम प्रारम्भ पीकिया है।

# आजाद पार्क में वर्षों से चल रहा था जुआ, पुलिस ने की छापेमारी

>> प्लेइंग कार्ड और कुछ रुपए बरामद

राष्ट्रीय खबर

**गया** : कोतवाली थाना के महज कुछ ही दूरी पर स्थित आजाद पार्क में कई वर्षों से चल रहे अवैध जुए के अड्डे पर पुलिस ने अचानक छापेमारी कर मौके पर से जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इस छापेमारी में पुलिस ने प्लेइंग कार्ड और कुछ रुपए बरामद किया है। गुरुवार की शाम आजाद पार्क के मैदान में जुआ खेल रहे कई लोगों पर पुलिस ने लाठियां बरसानी शुरू कर दी, जिससे पार्क में अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग इधर-उधर भागने लगे।करीब सैकड़ों की संख्या में जुआरी ताश और जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने अचानक मौके पर से कई जुआरियों को धर दबोचा और उसके पास से ताश बरामद किया। मौका का फायदा उठाते हुए जुआरी पुलिस को आते देख भाग निकल गए। इस दौरान पुलिस और जुआ खेल रहे लोगों के बीच नोकझोंक होती रही। पुलिस ने समझा-बुझाकर सामाजिक बुराई बताकर जुआ नहीं खेलने की चेतावनी दी। बता दें कि आजाद पार्क में कई वर्षों से जुआ का खेल चल रहा है।शाम ढलते ही पार्क असामाजिक तत्वों का बसेरा बन जाता है। अपराधिक किस्म के लोक मादक पदार्थ का सेवन करते हैं। जिससे पार्क में घूमने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। नतीजा है कि संभ्रांत परिवार के महिला पुरुष और बच्चे शाम के वक्त आजाद पार्क में जाने से परहेज करते हैं।



# मगध प्रमंडल के जिलों में अपराध नियंत्रण के लिए डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को पढ़ाया पाठ

>> महाबोधि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का लेंगे जायजा

राष्ट्रीय खबर

**गया** : बिहार के डीजीपी राजविंदर सिंह भट्टी अपने दो दिवसीय दौरे पर गया प्रवास पर हैं। गुरुवार को गया में मगध रेंज के आईजी कार्यालय में डीजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दी गई। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद आईजी कार्यालय कक्ष में मगध रेंज अंतर्गत गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल और नवादा जिले के एसएसपी एसपी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। डीजीपी ने बैठक में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के साथ पुलिस और जनता के बीच मजबूत संबंध बनाए रखने पर चर्चा की। पुलिस अधिकारियों को अपने अपने जिले में हर हाल में अपराध नियंत्रण बनाए रखने पर विशेष फोकस किया। बैठक के बाद पुलिस लाइन केंद्र में पुलिस सभा का आयोजन किया जाएगा।अगले दिन शुक्रवार को महाबोधी मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचेंगे।ज्ञात हो की बिहार डीजीपी का कार्यभार संभालने के बाद गया पहली बार पहुंचे है। बैठक में डीजीपी ने क्रमवार तरीके से संबंधित जिलों के पुलिस कप्तानों से विधि व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही डब्बू गांव में हुए सांप्रदायिक विवाद पर नाराजगी व्यक्त की। बता दें कि रामनवमी जुलूस में चाकन्द थाना अंतर्गत डब्बू गांव में हुए संप्रदायिक विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले पर पुलिस मुख्यालय ने कड़ी नजर रखा था। माना जा रहा है कि इस मुद्दे को लेकर डीजीपी ने कई जानकारी हासिल किया है और अधिकारियों को निर्देश दिया है।



### लक्ष्मीपुर गांव में लगी आग से भारी तबाही, दर्जनों घर खाक



**भितहा** : प्रखंड के परसौना पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव में तकरीबन 4बजे अपराह्न अचानक लगी आग से दर्जनों घर जलकर राख हो गये। जिसमें दो गाय एवं एक भैस सहित लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गई। जिसमें लोगों ने बताया कि नईम मियां की एक भैस, तथा नेउर मियां एवं फूलकरीम मियां की एक एक गायें जल कर मर गई। वहीं लोगों ने बताया कि फूलकरीम मियां और न ईम मियां की लड़कियों की शादी अगले माह में होने वाली थी।साथ हीं ललन यादव के लड़के की शादी भी अगले माह होने वाली थी। जिसके लिए सभी सामानों की खरीददारी इन लोगों के द्वारा कर ली गई थी वह भी जल कर राख हो गई। उक्त आपदा से इन परिवारों का रो रो कर बूरा हाल है कि अब बेटियों की शादी कैसे हो पायेगी। वहीं अन्य घरों से भी नगदी,व वाहन सहित लाखों की संपत्ति का नुक्सान हुआ है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि चंदन गुप्ता ने बताया कि उक्त अगली में तकरीबन 25 घर जले हैं। वहीं आग लगने की सूचना पाते हीं भितहा थाने की पुलिस अग्नि शमन यंत्र के साथ तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में लगी रही। वहीं मौके पर अंचलाधिकारी अबू अफसर, अंचल सीआई रामेश्वर सिंह व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वेता रमण ऐम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम के साथ राहत व बचाव कार्य में लग गये।

# प्रचण्ड गर्मी में स्वास्थ्य का रखें ध्यान : डॉ जुबैर आलम

राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया** : प्रखंड अंतर्गत प्रचण्ड गर्मी के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए शरीर को हाइड्रेट करने के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस महीने में तापमान बढ़ जाता है। यह गर्मी बाहर के तापमान को बढ़ाती है, शरीर में गर्मी उत्पन्न करती है। चम्पारण हेल्थ केयर सेंटर जगदीशपुर के संचालक फिजिशियन एंड सर्जन डॉ जुबैर आलम ने बताया कि गर्मी के महीने में विटामिन और न्यूट्रिशीयन से भरपूर चीजें भोजन में शामिल करनी चाहिए। जिससे कई तरह की बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। गर्मियों में खरबूज किसी चमत्कारी औषधि से कम नहीं माना जाता है, बॉडी को हाइड्रेट रखने में मददगार यह फल कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों, कॉमन कोल्ड और फ्लू जैसी कई गंभीर बीमारियों से आपको शरीर का बचाव करता है। गर्मियों में आपको नींबू और पुदीना आपकी डाइट में अवश्य शामिल करना चाहिए। यह न शिर्फ शरीर में लिवर क्लिंजर का काम करता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म सिस्टम को व्यवस्थित रखने में भी कारगर है। गर्मियों के दिन में तरबूज खाए या उसका जूस निकालकर पीये। तरबूज में लगभग 90 प्रतिशत पानी होता है, जो बॉडी को हाइड्रेट रखने के साथ ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से त्वचा की सुरक्षा करता है। शरीर में इसके घुलते ही आपको इंस्टेंट एनर्जी भी मिलती है। इस मौसम में तीन वक्त के खाने के साथ सलाद जोड़कर हेल्दी और फिट रह सकते है। सलाद में खीरा के अलावा तुलसी का पत्ता, पुदीना और काली मिर्च जैसी चीजें हेल्थ के लिए काफी लाभदायक है। कैल्शियम मैग्नीशियम विटामिन सी और विटामिन ए से युक्त लौकी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को जड़ से खत्म करने में कारगर होती है। मोटापे की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए लौकी किसी वरदान से कम नहीं है। लौकी का जूस ब्लड प्यूरीफायर का भी काम करता है। इस मौसम में आपको बासी खाना और फ्रीज में रखे फूड के सेवन से परहेज करनी चाहिए।



# पूर्व सैनिक के निधन पर शोक, अंतिम दर्शन को उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर

**कोटवा पू चं** : प्रखंड अंतर्गत जसौली पंचायत के निवासी भूतपूर्व सैनिक 76 वर्षीय रंगी राम (पासवान) का निधन उनके पैतृक गांव राजापुर मठिया हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर परिजनों और गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव राजापुर मठिया में किया गया। मुखाग्नि बड़ा पुत्र वार्ड सदस्य अर्जुन पासवान ने दी। पासवान अपने पीछे तीन पुत्र वार्ड सदस्य अर्जुन पासवान, भूतपूर्व दिनेश पासवान और उमेश पासवान छोड़ गए। वे 1अप्रैल 1964 में सेना में भर्ती हुए थे। वे नायक सूबेदार पद पर रहते सेवा निवृत हुए। उनके निधन की खबर सुनते ही प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंतिम यात्रा में हजारों लोग सामिल हुए।जिसमे इनके निधन पर भूतपूर्व सैनिक मुक्तिनाथ सिंह, सुरेश पाण्डे, साकेंद्र राम, अजीत पाण्डे, पूर्व मुखिया शिव बालक राय,पूर्व प्रमुख अवधेश सिंह, लालबाबू उर्फ कलीमुल्लाह, सरपंच शिवजी यादव, पूर्व सरपंच रविंद्र सिंह, भूतपूर्व सैनिक रामलाल पासवान, दिनेश पासवान, उप मुखिया दिलीप दुबे,वार्ड सदस्य बिपिन उपाधधाय, अमित ठाकुर, डॉक्टर हरिलाल प्रसाद कुशवाहा, नागेंद्र गिरी, राम तपस्या ठाकुर, अशोक पटेल, करामत मियां, राजेंद्र यादव, पप्पू यादव, मोतीलाल पासवान, संजीत पासवान, जेडीयू नेता संजय सिंह, पूर्व मुखिया सजावल राम, विधायक प्रतिनिधि लखींद्र प्रसाद यादव,सरोज यादव, सिर पंडित, बृज पंडित, पूर्व मुखिया सत्यदेव राय, भरत राय, रामायण सिंह आदि लोगो ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।



### किशोरी का अपहरण 6 माह बाद भी आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी

**बेतिया** : बिहार में पुलिस इन दिनों कर्त्तव्य निर्वहन में उदासीनता बरत रही है। अपराध कर्म को अंजाम देने वाले बेखौफ घूम रहे हैं और कानून व्यवस्था पर विश्वास करने वालों पर शासन व प्रशासन का विश्वास नहीं, वे दर दर भटकने को विवश हैं। ऐसा ही एक वाकया पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी पुलिस के रामगढ़वा थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी किशोरी के अपहरण की है। उल्लेखनीय है कि किशोरी के अपहरण के 6 माह बाद भी रामगढ़वा थाना की पुलिस ने गांव के आरोपी अर्जुन कुमार को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रामगढ़वा थाना की पुलिस की विफलता की बावत अपहृता के पिता ने चम्पारण प्रक्षेत्र के डीआईजी जयंत कांत को आवेदन देकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग किया है। अपहृता का कहना है कि यदि अपहरण का आरोपी को पुलिस 6 माह बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी, आरोपी यदि फरार है तो, पुलिस को कुर्की की कार्रवाई की जानी चाहिए। आखिर पर रामगढवा पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने आशंका व्यक्त किया है कि कहीं पुलिस आरोपी का बचाव तो नहीं कर रही है। अपहृता के पिता ने डीआईजी को दिये आवेदन में बताया है कि रामगढ़वा पुलिस प्रशासन का चक्कर काटकर थक चुका है। अंतत: डीआईजी की शरण में न्याय की गुहार लगाया है। डीआईजी ने लड़की के पिता की बातें सुनकर गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और उन्होंने कहा कि अब उपर्युक्त मामले में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। हमारे संवाददाता ने रामगढ़वा थाना के कांड के अनुसंधानक राम नारायण ओझा से उपर्युक्त कांड के बावत पूछने पर उन्होंने बताया कि आरोपी अन्य परदेश(बाहर) भागकर शरण लिए हुए हैं। ऐसे में आरोपी की कुर्की जप्ती की कार्रवाई शीघ्र कर ली जाएगी।

# शोधार्थियों ने शोध कार्यों को पोस्टर के द्वारा रचनात्मकता का दिया परिचय

## 232 शोधार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया** : मगध विश्वविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय ₹ रिसर्च एथिक्स एंड प्रोजेक्ट राइटिंग₹ कार्यशाला में गुरुवार को विभिन्न संकायों में पोस्टर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समाजशास्त्र विभाग से 97 पोस्टर, वाणिज्य और प्रबंधन विभाग से 12 पोस्टर, गृह विज्ञान विभाग से 39 पोस्टर, शिक्षा विभाग से 9 पोस्टर तथा विज्ञान संकाय से 75 पोस्टर शोधार्थियों द्वारा बहुत ही रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किए गए। सभी संकायों से लगभग 232 से ज्यादा पोस्टर शोधार्थी द्वारा बनाएं गए तथा अपनी गुणवत्तापूर्ण रचनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न विषयों पर शोधाथीयो ने पोस्टरों का प्रस्तुतीकरण किया।



मानविकी संकाय , विधि संकाय और शिक्षा संकयों के पोस्टरों का अवलोकन मगध विश्वविद्यालय के प्रो. विनय भारद्वाज, संकायाध्यक्ष, मानविकी विभाग, प्रो. बृजेश राय अध्यक्ष, छात्र कल्याण, मगध विश्वविद्यालय बोधगया, प्रो. प्रदीप कुमार, संकायाध्यक्ष विधि, प्रो. सुशील कुमार सिंह, निदेशक, दूरस्थ शिक्षा विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, प्रो. संगीता वीरांगना, अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने किया।

सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के पोस्टर के निरक्षण मगध विश्वविद्यालय के प्रो. आर. एस. जमुआर, संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान, प्रो. जगत प्रसाद सिंह संकायाध्यक्ष, वाणिज्य, प्रो .दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, प्रो. निपेंद्र कुमार सिन्हा, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग ने किया ।

विज्ञान संकाय के पोस्टर निरक्षण प्रो. बृज बिहारी शर्मा, रसायन विज्ञान विभाग, प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग, प्रो. विजय वर्मा, भौतिकी विभाग, डॉ. सुनील सुमन, गणित विभाग, डॉ नरेंद्र कुमार सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग, मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने किया ।

# नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक कारोबारी गिरफ्तार

>> यूपी बिहार बॉर्डर पर यूपी पुलिस की कारवाई, बिहार में सप्लाई के फिराक में थे कारोबारी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : यूपी बिहार बॉर्डर पर यूपी के सीमावर्ती थाना खड्डा पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के सालिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत गण्डक नदी के दियारा क्षेत्र से नकली शराब बनाने की फैक्ट्री, उपकरण सहित एक आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

इस कार्रवाई से अवैध शराब के धन्धें में लिप्त कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार शराब कारोबारी बड़े पैमाने पर शराब की खेप बिहार में पहुंचाने की तैयारी में थे। जिसकी भनक यूपी पुलिस को लगी और उनके द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह बिहार सीमा से सटे सालिकपुर गाँव के गंडक नदी दियारा क्षेत्र में नकली शराब बनाकर बिहार प्रांत में बेचने का धंधा चलाने की सूचना पर खड्डा के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम ने गुप्त रूप से दबिश दिया तो अवैध फैक्ट्री की तरह कारोबार देख दंग रह गई। मौके पर 350 लीटर अपमिश्रित शराब, भारी मात्रा में स्प्रीट, 02 मोटरसाइकिल व 1070 देशी शराब की खाली शीशी बिना रैपर, 117 अदद इम्पिरियल ब्लू 375 एमएल मिलावटी अंग्रेजी शराब, 27 पीस रायल स्टेज 180 एमएल, 05 किग्रा.यूरिया व 3 किग्रा. नौशादर बरामद हुए। मौके से एक आरोपी मनोज चौहान ग्राम पुरैनी थाना रामपुर कारखाना जिला देवरिया को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य सदस्य फरार हो गये। गिरफ्तार कारोबारी अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

इस संबंध में खड्डा थाना के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि विहार सीमा के पास नकली शराब बनाने व बड़े पैमाने पर बिहार में बेचने की सूचना पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब, उपकरण आदि बरामद किया गया है।

# जन सुराज अभियान : जिला कार्यवाहक समिति के 29 पदाधिकारी चयनित

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** जन सुराज अभियान का पश्चिम चम्पारण जिला कार्यवाहक समिति के पदाधिकारियों का चयन सम्पन्न। संस्थापक सदस्यों ने सर्वसम्मति से 29 नाम का चयन किया। उल्लेखनीय है कि जन सुराज पदयात्रा का आगाज भितिहरवा गांधी आश्रम से 2 अक्तूबर 2022 को किया गया। उस क्रम में पदयात्रा के दौरान लाखों लोग जन सुराज के विचार से प्रभावित हुए और पदयात्रा में कदम से कदम मिलाकर चले। संगठन के कार्य को गति देने, बढ़ाने और स्थायी समिति के चुनाव तक कार्यवाहक समिति के सदस्यों और संस्थापक सदस्यों की सवार्नुमति से कुल 29 पदाधिकारियों का चयन किया गया है। सभी नामित पदाधिकारियों को




दायित्व सौंपा गया है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि पदाधिकारियों के माध्यम से सभी संस्थापक सदस्य जन सुराज की सोच और प्रशांत किशोर के (दृष्टिकोण) विजन को घर-घर जाकर जन जन तक पहुंचाएंगे। जिससे बिहार में एक नई राजनीतिक व्यवस्था बनाने के पीके के प्रयास को सशक्तता प्रदान करेंगे। इसके साथ सभी पदाधिकारी जिला में स्थायी चुनाव होने तक पद पर बने रहेंगे। पश्चिम चम्पारण जिला जिला कार्यवाहक समिति के पदाधिकारियों की सूची में तुलसी चौधरी को सभापति और बिकई महतो को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला के कुल 4 अनुमंडल अध्यक्षों में कृष्णा बिंद, बुधई राम, विष्णु गुप्ता, अब्दुल सत्तार का चयन किया गया है। जिला के मुख्य प्रवक्ता गुलरेज अख्तर को बनाया गया है।

उनके अतिरिक्त जिला में जन सुराज अभियान की सोच को जन-जन और घर-घर तक पहुंचाने को जिला स्तर पर अभियान समिति (कैंपेन कमिटी) बनाई गई है। अभियान समिति के अध्यक्ष रामदेव महतो और संयोजक काशी बैठा को चुना गया है। उपर्युक्त समिति में 9 अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के सदस्यों का काम प्रशांत किशोर की जन सुराज पदयात्रा और उसके मूल मंत्र - 'सही लोग, सही सोच और सामूहिक प्रयास' को आम लोगों तक पहुंचाने को जमीनी स्तर पर अभियान संचालित करना और सभी सही लोगों को एक मंच पर लाकर अभियान को सशक्त बनाना है।

## शहर >> अपडेट

### जर्जर लोहे का पुल व सड़क बनवाने की एमएलसी सौरभ कुमार ने की पहल

**मझौलिया :** प्रखंड अंतर्गत रघुनाथपुर में जर्जर लोहे का पुल व सड़क बनवाने को लेकर एमएलसी सौरभ कुमार को लोगो द्वारा बुलावा कर इसका निरीक्षण करवाकर वर्तमान मुखिया संतोष यादव, पूर्व मुखिया सोनू राय, पूर्व मुखिया अफसार अहमद, जिला पार्षद महम्मद ज्याउद्दीन, इजहार हुसैन, एहसान अहमद, असरफ अली, बाबूलाल मुखिया, काजिम अंसारी, भूटी यादव सैकड़ो ग्रामीण पुल बनवाने की मांग किया। ग्रामीणों की मांग पर एमएलसी सौरभ कुमार ने कहा कि यह पुल बहुत खतरनाक है। उसकी मरम्मत या निर्माण शीघ्र होना चाहिए। उन्होंने ने बताया कि बरसात से पूर्व उसको बनवाने का काम किया जायेगा।

## अनियंत्रित वाहन की चपेट में आया एक युवक



**मुजफ्फरपुर :** अनियंत्रित रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके कारण आए दिन सड़क हादसा देखने को मिल रही है।वही ताजा मामला जिले के औराई थाना क्षेत्र की है।जहा एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक आपको बताते चलें कि मामला जिले के औराई थाना इलाके के कटौझा ठल्77 की है। जहा पर एक युवक का अज्ञात वाहन की चपेट मे आ जाने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गया जिसको आनन-फानन में इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई,जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वही मृत युवक की पहचान औराई थाना क्षेत्र के भरथुआ गांव निवासी शिक्षक रंजीत मंडल के 24 वर्षीय पुत्र सनी कुमार के रूप में हुई है। सूत्रो के मुताबिक सूचना पर पहुंचे औराई थाना के पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस जाच में जुट गई है।

## आरपीएफ ने छापेमारी कर रेलवे टिकट दलाल को किया गिरफ्तार



**मुज़फ़्फरपुर :** जिले मे अक्सर रेलवे का रिजर्वेसन कंफर्म टिकट कराने का खेल जारी है। वही, दूसरी ओर रेल पुलिस भी अपनी तत्परता दिखाते हुए ऐसे दलालों के खिलाफ लगातार कारवाई कर रही है। एक के बाद एक कई टिकट दलालों को अब तक गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज चुकी है। वही, जानकारी के मुताबिक एक ऐसा ही, मामला जिले के सकरा थाना के सरमस्तपुर स्थित विश्वकर्मा चौक का है।जहां आर्यन मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर नाम के दुकान मे आरपीएफ नारायणपुर द्वारा छापेमारी कर दुकान के संचालक विनय कुमार को 18016 रुपये नगद और 22 ई. टिकट के साथ गिरफ्तार किया है। सूत्रो के मुताबिक मामले मे नारायणपुर अनंत के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्राधिकार मे रेलवे ई टिकट का अवैध कारोबार में संलिप्त दुकान संचालकों को चिन्हित कर लगातार छापेमारी की जा रही है। उसी क्रम मे यह उपलब्धि हाथ लगी है।

# शिक्षकों के संबंध में की जा रही तुगलकी फरमान वापस ले सरकार - आफाक अहमद

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** शिक्षकों के संबंध में की जा रही तुगलकी फरमान शीघ्र वापस ले सरकार अन्यथा मजबूर होकर शिक्षकों को एक मंच पर आकर आंदोलन करना होगा। उक्त बातें मंगलवार को सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के नवनिर्वाचित एमएलसी आफाक अहमद ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने ऐसी नियमावली क्यों बनाई जिसमें नियोजित शिक्षकों का कोई भविष्य नहीं है और ना शिक्षकों के प्रमोशन एवं ट्रांसफर के जो नियम बनाए गए हैं उसका कोई मतलब रह जाता है नियमावली के अनुसार एसटीइटी, टीईटी, सीटेट एवं दक्षता परीक्षा



उत्तीर्ण किए हुए अभ्यार्थियों को भी परीक्षा देनी है तब वह राज्य कर्मी होगा और पुराने शिक्षकों को भी यह परीक्षा देकर पास करना होगा तभी वह राज्य कर्मी होंगे क्या अभी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के साथ बैठकर वर्तमान समय में 50 वर्ष का शिक्षण उनकी बराबरी कर पाएंगे क्या, कहां का न्याय है उन्होंने कहा कि शिक्षक संगठनों ने अपने हक के लिए पहले भी आंदोलन कर अपने भविष्य को संवारा है उन्हें आज भी अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी शिक्षकों के पास अभी भी वक्त है जाति धर्म एवं अलग-अलग संगठनों की राजनीति से ऊपर उठकर सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरे वरना समय आपको माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हम सभी शिक्षक संस्थाओं से आह्वान करते हैं कि सभी शिक्षक संघ संगठित होकर समन्वय स्थापित कर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में संघर्ष करें।

# हवाई अड्डा का नहीं हो सका विकास

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत बेतिया का एकमात्र हवाई अड्डा जो बेतिया के पूर्वी छोर पर बरवत सेना क्षेत्र में स्थित है व वर्षों से उपेक्षा का शिकार है। विगत कुछ वर्ष पहले हवाई अड्डा की चाहरदीवारी कराकर भू माफियाओं से सुरक्षित करा लिया गया, लेकिन अन्य सुविधाओं को विकसित नहीं किया जा सका। जिसके कारण आम जनता को उस हवाई अड्डा का लाभ अब तक नहीं मिल सका। रिटायर गार्ड दशरथ राम ने बताया कि हवाई अड्डा का हाल बुरा है। उसके अतिथि गृह तथा गार्ड रुम तक जर्जर हो ध्वस्त होने के कगार पर हैं। इतना ही नहीं लचर व्यवस्था के कारण चाहरदीवारी में वहां के अगल-बगल के लोग



मनमानी कर अपनी सुविधा के लिए कहीं-कहीं चाहरदीवारी को अवैध आवागमन का रास्ता बना रखा है। चुनाव के दौरान सभाओं के लिए नेताओं के आने पर यदाकदा यहां हेलीकॉप्टर लैंड करने का कार्य हवाई अड्डा पर किया जाता है। ज्ञात हो कि चम्पारण वासियों को वर्षों से लगातार सांसद, विधायक तथा मंत्री आश्वासन देते आए हैं। लेकिन उसका लाभ उन्हें संभवत अब तक नहीं मिल सका है। यदि हवाई अड्डा का समुचित विकास करा दिया जाता है तो पश्चिम चम्पारण जिला वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि तथा सुविधा होगी।

## कॉपरेटिव बैंक की चेयरमैन बनी मिंटू देवी व उपाध्यक्ष बने श्रीकांत यादव

**मुंगेर :** जमुई सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष पद के चुनाव में विनोद सिंह की पत्नी मिंटू देवी ने जीत दर्ज की है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्रीकांत यादव ने बाजी मारी है । मुंगेर एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी यतेंद्र कुमार पाल की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा के बीच हुए मतदान में मिंटू देवी को कुल 149 मत प्राप्त हुए। जबकि प्रतिद्वंदी सुबोध कुमार को 132 मत मिले ।12 वोट से मिंटू देवी ने अपने प्रतिद्वंदी सुबोध कुमार को हराकर अपनी चेयरमैन की कुर्सी बचा ली। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्रीकांत यादव को कुल154 मत मिले ।जबकि प्रतिद्वंदी दिनेश सिंह को 142 मत मिले ।इस प्रकार श्रीकांत यादव 12 वोट से जीत दर्ज करते हुए उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए । वही पिछड़ा वर्ग से निदेशक पद के लिए चुनाव लड़ रहे मुकेश यादव ने 176 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मानगढ़ पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार को 45 मतों से हराया। अनुसूचित जाति से निदेशक पद के लिए नरेश पासवान ने 137 मत प्राप्त किया। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मकेश्वर पासवान को 120 मत मिले।

# गरीब, कमजोर वर्गों के हित में काम कर रही है सरकार - विधायक राजीव

▶▶ 91 भूमिहीनों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण

राष्ट्रीय खबर

**हवेली खड़गपुर :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार के द्वारो अनुमंडल सभागार में हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के 91 लाभुको के बीच अभियान बसेरा के तहत बासगीत पर्चा का वितरण किया गया। शिविर में अचंल के कुल 91भूमिहीन परिवारों को जमीन का बासगीत पर्चा प्रदान दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के मुढ़ेरी, बैजलपुर, बढ़ौना, मुरादे कौड़िया तथा तेलियाडीह पंचायत के अंतर्गत भूमिहीनों को बासगीत का पर्चा स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह, जिलाधिकारी नवीन कुमार, डीडीसी संजय कुमार, एडीएम, एसडीओ आदित्य कुमार झा, अंचलाधिकारी संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में दिया गया। इस मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार गरीब,



कमजोर वर्गों के हित में काम कर रहे हैं। अभियान बसेरा के तहत आज 91 लोगों को मकान बनाने के लिए जमीन दी गई है। पचार्धारियों को आवास योजना के तहत राशि मुहैया कराया जाएगा। मुख्यमंत्री नल जल योजना से उनके घरों को पानी दिया जाएगा। बिजली की व्यवस्था होगी, घर के साथ शौचालय का निर्माण होगा। सरकार की सोच सभी भूमिहीन, गृहविहीन लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। डीएम नवीन कुमार ने कहा कि लगातार सर्वे के माध्यम से भूमिहीन व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है। अनुमंडल क्षेत्र के पहली पीढ़ी के भूमिहीन लोगों को आने वाले दो-तीन महीनों में जमीन की खोज कर मकान बनाने के लिए निश्चित रूप से जमीन मुहैया करा दी जाएगी। इस मौके पर विधायक राजीव कुमार सिंह, डीएम नवीन कुमार , डीडीसी, एडीएम, एसडीएम, सीओ, राजस्व कर्मचारी ओम प्रकाश, जदयू नेतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# जलियांवाला बाग के 104 वीं शहादत दिवस पर शहीद को श्रद्धांजलि

▶▶ स्वतंत्र भारत में जलियांवाला बाग की भांति हो रही आंदोलनकारियों पर दमनात्मक कार्रवाई : यादव

राष्ट्रीय खबर

**खगड़िया :** 'देश बचाओ अभियान' एवं भाकपा माले, असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन, खेत मजदूर किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में जलियांवाला बाग काण्ड की 104 वीं शहादत पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि समर्पित किया गया। तदुपरान्त 2 मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता करते हुए 'देश बचाओ अभियान' के संस्थापक अध्यक्ष सह भाकपा माले के जिला संयोजक किरणदेव यादव ने कहा कि 13 अप्रैल 1919 को रॉलेक्ट एक्ट के विरोध में पंजाब के अमृतसर स्थित जलियांवाला बाग में देशभक्तों की सभा पर जनरल



ओ डायर ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर हजारों देशभक्तों को गोलियों से भूनकर विश्व का सबसे बड़ा नरसंहार किया। उन शहीदों की शहादत कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्री यादव ने कहा कि उपर्युक्त घटना का बदला उधम सिंह, भगत सिंह ने 11 वर्ष बाद ब्रिटेन में जाकर जनरल ओ डायर को थाना के निकट गोली मारकर हत्या कर बदला लिया। खेत मजदूर यूनियन के संयोजक धर्मेंद्र कुमार एवं असंगठित निर्माण मजदूर यूनियन के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आजाद देश में जलियांवाला बाग की भांति सरकार निर्मित काला कानून, तुगलकी फरमान के विरुद्ध आंदोलनकारियों पर दुर्भाग्यपूर्ण दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के चंद्रशेखर मंडल, राजो साहनी, राजकुमार पोद्दार, दिनेश मालाकार, बिजली देवी, साबो देवी, होची मिन्ह ने शहीदों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## छावनी में ओवर ब्रिज निर्माण के क्रम में हनुमान मंदिर का नव निर्माण प्रारम्भ



**बेतिया :** छावनी ओवरब्रिज के नजदीक हनुमान मंदिर की जगह अब नये मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति पर है। इसी क्रम में गुरुवार को मंदिर के उपरी हिस्से तथा गुम्बज की ढलाई सम्पन्न हुई। विहिप व बजरंग दल के जिला मंत्री व उपमेयर प्रतिनिधि रमण गुप्ता ने विधि विधान व मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर के ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। बहुचर्चित मन्दिर के निर्माण से कई चर्चाओं पर विराम सी लग गई, जब से मन्दिर स्थानांतरित हुई, तब से सोसल मीडिया पर चर्चाओं का दौर आम हो गया हैं। पहले ही दिन से युवक तथा विहिप जिला उपाध्यक्ष श्याम राम इस मामले को देख रहे हैं। ओवरब्रिज बनाने वाली कम्पनी के पदाधिकारियों से मिलकर बात करना हो या आंदोलन कर के नये मन्दिर का निर्माण करवाने में श्याम राम की भूमिका प्रशंसनीय रही है। उन्ही की जागरुकता तथा लोगों के सहयोग से मंदिर का नव निर्माण हो सका हैं । इस अवसर पर जिला संरक्षक विनय कुमार, विहिप जिलाध्यक्ष श्याम राम, विहिप जिला सहमंत्री जितेन्द्र श्रीवास्तव, संजय राम, प्रकाश झा, राजू कुमार, कृष्णा कुमार, भूषण राम, भोज राम, सन्नी कुमार उपस्थित रहे।

# देश में जब-जब यात्रा हुआ है कुछ न कुछ परिवर्तन देखने को मिला

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** माड़ीपुर स्थित आजाद कालोनी कार्यालय में सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से आफाक अहमद की जीत की खुशी में कार्यकत्ताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाया तथा लड्डू बाटा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव परिणाम पर बोलते हुए गांधीवादी चिंतक और सर्वोदयी नेता लक्षणदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि जन सुराज समर्थित उम्मीदवार आफाक अहमद की जीत बीज मे वृक्ष का दर्शन है। उन्होंने कहा गांधी ग्राम गणतंत्र की बात करते थे उसी को आगे बढाते हुए जे.पी जनता सरकार की सपना देखा लेकिन परिणाम पूरी तरह सफल नहीं हो पाया। अब समय



आ चुका है प्रशांत जी के नेतृत्व में जन सुराज के माध्यम से गांधी के ग्राम स्वराज के सपना को साकार किया जा सके। शिक्षित, स्वस्थ और रोजगार उन्मुख बिहार जन सुराज के यात्रा की बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी कहा देश में जब जब यात्रा हुआ है कुछ न कुछ परिवर्तन देखने को मिलता है। गांधी की दांडी यात्रा अंग्रेजी साम्राज्य की चूल हिला दिया था। उसी तरह जन सुराज की यात्रा बिहार में व्याप्त जात पात, धर्म, अशिक्षा, पलायन और उधोग धंधे जैसे समस्याओं का समाधान करके ही रहेगी। रामनवमी उत्सव पर यात्रा के दौरान गोडसे की तस्वीर लेकर चलना बहुत ही निंदनीय है। एक तरफ प्रधान मंत्री मोदी देश और विदेशों में गांधी को अपना मोडल बताकर नाम कमाना चाहते हैं तो दूसरी ओर गोडसे की जयकारा लगाने वाले को प्रधानमंत्री संसद में सदस्यता दिलाते, है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने जन सुराज को गांव गांव तक पहुंचाने की बात की। बैठक की अध्यक्षता लक्षणदेव प्रसाद सिंह तथा संचालन मुकेश ठाकुर ने किया। बैठक में डा आनंद कुमार, दिनेश कुमार, अधिवक्ता वंदना प्रीतम, डॉ. प्रणव कुमार, हरेंद्र चौधरी, अवध किशोर सिंह, अधिवक्ता मुकेश ठाकुर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# इंटरसिटी ट्रेन से पाटलिपुत्र जाने का सपना रह गया अधूरा

▶▶ 15 अप्रैल से चलेगी मोतिहारी-पाटलिपुत्र डेमू स्पेशल

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** अब तक रक्सौल-सुगौली के रास्ते इस क्षेत्र के लोगों का इंटरसिटी एक्सप्रेस से पाटलिपुत्र जाने का सपने अधूरा हीं रह गया। क्योंकि, बगल के स्टेशन मोतिहारी से पाटलिपुत्र के लिए रेलवे की ओर से जिले को मिली बड़ी सौगात के तहत 15 अप्रैल से डेमू स्पेशल ट्रेन चलने जा रही है। अब बापूधाम मोतिहारी के लोगों को राजधानी पटना के लिए प्रतिदिन ट्रेन की सेवा की शुरूआत होने जा रही है।इसको लेकर पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के परिचालन विभाग ने स्टेशनों को टाइम टेबल की लिखित जानकारी भेज दी है।अधिकारियो से मिली




जानकारी के अनुसार मोतिहारी से पाटलिपुत्र के लिए ट्रेन सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था। जिसकी स्वीकृति बुधवार को मिली है। बताया गया कि स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह 15 अप्रेल को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।रेलवे अधिकारी ने बताया कि 15 अप्रैल का दिन चंपारण वासियो और रेलवे के लिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि 15 अप्रैल 1917 को हीं महात्मा गांधी ट्रेन पर सवार होकर मुजफ्फरपुर से मोतिहारी की धरती पर पहुंचे थे।उल्लेखनीय है कि पाटलिपुत्र मेमू इंटरसिटी एक्सप्रेस बापूधाम मोतिहारी स्टेशन से प्रतिदिन सुबह 06:00 बजे खुलकर 09:30 बजे पाटलिपुत्र स्टेशन पहुंचेगी। वही वापसी में यह ट्रेन संध्या 07:00 बजे पाटलिपुत्र स्टेशन से खुलकर रात्रि 10:30 बजे बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। जीवधारा, पीपरा, चकिया, मेहसी, मुजफ्फरपुर, रामदयालु नगर, हाजीपुर और सोनपुर स्टेशन पर रूकेगी। यह सुविधा रक्सौल सुगौली के लोगों को नही मिलने पर इस क्षेत्र के लोग काफी नाराज दिख रहे हैं।

शहर >> अपडेट

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**सुगौली, पू.च :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम, आशा, स्वास्थ्य जनों के साथ साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शुभम कुमार ने किया।जहां चालू मौसम में गर्मी से होने वाली एईएस/जेई अर्थात चमकी बुखार से बचाव के बारे में बताया गया।इसकी जानकारी देते हुए बीसीएम नितेश कुमार गिरी ने बताया कि इस बीमारी के लक्षण को देखते ही नजदीक के आशा या अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करें साथ ही नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि अगर कहीं इस तरह के रोग से ग्रसित कोई व्यक्ति या बच्चा पाया जाता है तो तत्काल अस्पताल समय पर तत्काल एंबुलेंस नहीं होने के पश्चात प्राइवेट वाहन से लेकर अस्पताल पहुंचे।

# भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में संविधान पर भाजपा सबसे खतरनाक फासीवादी हमला कर रही : विधायक

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला के सिकटा में भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबाफुले की जयंती पर बिहारशरीफ और सासाराम में हुई सांप्रदायिक उन्माद व हिंसा के विरुद्ध भाकपा-माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बैशखवा, परसौनी, झखरा, गौचरी, बलथर, मिश्र टोला, शिकारपुर, लालपरसा, मंगलपुर, बिरईठ दर्जनों गांवों में सदभावना-एकजुटता अभियान अंतर्गत जनसंवाद किया। विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जब भारतीय लोकतंत्र इतिहास में सबसे खतरनाक फासीवादी हमले का सामना कर रहा है, एक विपक्ष विहीन संसदीय व्यवस्था की ओर भारत को जबरन धकेला जा रहा है। लोकतंत्र को लेकर डॉ अम्बेडकर की गहरी समझ पर एक नजर आवश्यक है। अम्बेडकर के अनुसार संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का होना आवश्यक है। राजनीतिक दल जनमत की अभिव्यक्ति और उसको लागू करने के औजार हैं, लेकिन व्यवहार में भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रहीं हैं। आये दिन गृहमंत्री अमित शाह खुला ऐलान कर रहे है कि देश में मात्र एक पार्टी भाजपा रहेगी, भाजपा का उदेश्य सभी पार्टियों को खत्म करना है। ग्रामीण गरीबों- मजदूरों को संबोधित करते हुए, विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि भीमराव आंबेडकर ने 1946 के बजट सत्र में, सप्ताह के काम के घंटे 54 से घटाकर 48 घंटे और 10 घंटे के बजाय 8 घंटे दैनिक करने का प्रस्ताव दिया। आजादी के 75 वर्ष बाद भाजपा और मोदी सरकार अपने दोस्तों अंबानी, अडानी के लिए मजदूरों पर 8 घंटे काम के बदले 12 घंटे का कानून थोपा है। जिसका मुहतोड़ जबाब 2024 और 2025 के चुनाव में देना है। माले विधायक ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को उनकी नजर से देखने और समझने की आवश्यकता है। यही समझ हमें शहीदे आजम भगत सिंह और डॉ अम्बेडकर के सपनों के भारत के साकार होने की तरफ ले जाती है। इसी भारत के निर्माण के लिए देश के सभी मेहनतकशों, शोषित, उत्पीड़ितों को एकजुट होने की आवश्यकता है। इस क्रम में संजय मुखिया, सुरेश राम, संजय राम, भोज राम नेताओं ने विचार व्यक्त किया। उपर्युक्त जानकारी भाकपा माले नेता सुनील कुमार यादव ने मीडिया को दी।

### भाजपा स्थापना पखवाड़ा पर पौधारोपण सम्पन्न



**बेतिया :** भाजपा पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष अभिषेक सर्राफ के नेतृत्व में पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान कालीबाग मठीयां में आम का पौधा लगाया गया। उसके बाद बेतिया में राजगुरु चौक पर देश के पहले गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के मूर्ति की सफाई की गई। उसके पश्चात उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर दीपेन्द्र सर्राफ, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, आनंद सिंह, जनक साह, जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह, रिंकी गुप्ता, सुरेश महतो, चंद्रशेखर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, मंटु, आकाश श्रीवास्तव, सिकन्दर पटेल, रवि प्रताप व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उपर्युक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सहाय उर्फ गाँधी बाबा ने मीडिया को दी।

### पुलिस कप्तान के निर्देश पर विशेष छापामारी, 5 गिरफ्तार



**बेतिया :** मझौलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न ठिकानों पर विशेष छापामारी अभियान में पांच की गिरफ्तारी की खबर है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों को बेतिया न्यायालय को सौंप दिया है। नवागत कप्तान डी.अमरकेश के निर्देश पर विशेष छापेमारी अभियान संचालित है। मझौलिया थाना की पुलिस ने विभिन्न ठिकानों से पांच व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों को न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उपर्युक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने दी।

## शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस बल का प्रयोग सरकार की तानाशाही का परिचायक

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** नियोजन की मांग को लेकर पटना के इको पार्क के पास जुटे शिक्षक अभ्यर्थियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किए जाने की परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ ने तीव्र निंदा की है। संघ के जिला अध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा है कि टीईटी, एसटीईटी और सीटीईटी उत्तीर्ण सभी शिक्षक अभ्यर्थियों की बहाली उनके मेधा अंकों के आधार पर तुरंत की जानी चाहिए। राज्य सरकार यदि शिक्षक नियुक्ति के लिए आयोग का गठन करना चाहती है तो वह अभियंत्रण सेवा आयोग की तर्ज पर एक आयोग गठित करे और राज्य स्तर पर केंद्रीयकृत आवेदन आमंत्रित कर उनके शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्णता के आधार पर मेधा सूची का निर्धारण करते हुए एक माह के अंदर सभी अभ्यर्थियों का नियोजन करे। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा के नाम पर अभ्यर्थियों को झूठा दिलासा देने और जनता को गुमराह करने के खिलाफ परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ अभ्यर्थियों के साथ सड़क पर उतरेगा। प्रमंडल संयोजक मंकेशवर कुमार राम ने कहा कि छठे चरण के नियोजन के दौरान राज्य में कुल 94000 रिक्तियां निर्धारित की गई थी जिसके विरुद्ध मात्र 42000 अभ्यर्थियों का ही चयन हो सका क्योंकि संबंधित विषय में पर्याप्त योग्य अभ्यर्थी ही नहीं मिले। राज्य में शिक्षकों के जितने पद रिक्त हैं उतने अभ्यर्थी पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं है। जितने अभ्यर्थी हैं उससे अधिक रिक्तियां हैं तो फिर लोक सेवा आयोग से परीक्षा आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं है। यह केवल बहाली में विलंब और कम से कम लोगों का चयन हो इसके लिए सरकार द्वारा ताना-बाना बुना जा रहा है। सरकार बिहार के शिक्षित बेरोजगार नौजवानों को फुसला रही है और जनता को गुमराह कर रही है।

## लैंगिक हिंसा को रोकने ने लिए महिलाओं को किया गया जागरूक

महिला थाना, विधिक सेवा और महिला हेल्प लाइन के बारे में दी गई जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** महिलाओं के प्रति हिंसा उन्मुलन के क्षेत्र में जागरूकता और विभिन्न संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय बनाने हेतु जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की साझा शक्ति केंद्र समन्यवक तथा सक्षमा दीदी व अन्य जीविका दीदियों का महिला थाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सखी वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन आदि संस्थानों में एक्सपोजर विजिट कराया गया। इस परिभ्रमण कार्यक्रम को जीविका डीपीएम अनीशा और सी थ्री के प्रोग्राम ऑफिसर आशीष चंद्रा के साथ ही कई अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस एक्सपोजर का आयोजन जीविका व सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के समन्वय से किया गया । लिंग आधारित हिंसा के रोकथाम तथा इस दिशा में चल रहे प्रयास के लिए जीविका व सी थ्री संस्था साथ मिलकर कार्य कर रही है और इसी प्रयास को सुचारु रूप से चलाने के लिए जीविका साझा शक्ति केन्द्र का उद्घाटन गत वर्ष किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा रोकने तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देने हेतु ग्रामीण महिलाओं के लिए उनके आवाज को बुलंद करने तथा विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें अधिकार दिलवाना तथा उन्हें उचित परामर्श देना हैं। साथ हीं विभिन्न सहायक सेवा प्रदान करने वाले संस्थाओं जैसे महिला थाना, महिला हेल्पलाइन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर इत्यादि विभागों के साथ समन्वय करके महिलाओं को यथोचित लाभ दिलाना है, जिसके लिए इन सभी विभागों में जीविका दीदियों का परिभ्रमण कराया गया। इस मौके पर संचार प्रबंधक राजीव रंजन, सामाजिक विकास प्रबंधक विनोद कुमार, मनीष कुमार, दिव्या स्वरूप, दिव्या चौरसिया, अतिकुर रहमान, पायल कुमारी, उज्जवल कुमार, विकास कुमार, आनंद शंकर, खुशबू कुमारी, सबाना खातून, तेतरी देवी, समता कुमारी सहित कई जीविका कर्मी और दीदियाँ उपस्थित थी।

### मुख्य नाला की वर्षो बाद हो रही सफाई, नगरवासियों में हर्ष



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम ने बरसात पूर्व युद्ध स्तर पर नालों की सफाई कराई जा रही है। जिस नाला में जेसीबी मशीन नहीं जा सकता है। उस नाले की सफाई मैनुअल श्रमिकों से कराई जा रही है। गैसलाल चौक के पास से गुजरने वाला शहर का यह मुख्य नाला जिसकी सफाई लगभग 30 वर्ष (पूर्व) पहले उस नाले की सफाई तलहटी से की गई थी, लेकिन उसके बाद कभी उस नाला की सफाई तलहटी से उपर तक नहीं हुई। जिसके कारण प्रत्येक बरसात में बेतिया नगरवासी जलजमाव के शिकार होते रहे हैं। कुछ घंटे की वर्षा में बेतिया शहर वासी नरक झेलने को विवश होते रहे हैं। जिसको देखते हुए, बेतिया नगर निगम प्रशासन ने इस बार नाला की सफाई विशेष अभियान संचालित कर तलहटी से लेकर पूरी सफाई शहर के सभी तरफ कराई जा रही है। पुनः नगर निगम मैनुअल लेबर के सहारे नाली की तलहठी से लेकर पूरी नाली की सफाई हो रही है। जिसको लेकर बेतियावासियों में हर्ष है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा ने स्थापना सप्ताह पर किया शहीद स्मारक की सफाई



**बेतिया :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने भाजपा स्थापना दिवस और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में सामाजिक न्याय सप्ताह अंतर्गत शहीद पार्क में सफाई अभियान संचालित किया। इस अवसर पर स्मारक के सभी शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को सामाजिक न्याय सप्ताह जो 6 अप्रैल 23 से लेकर 14 अप्रैल 23 बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती तक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को जिला भाजयुमो के कार्यकताओं ने सफाई अभियान संचालित कर समाज को स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने युवा मोर्चा के कार्यकताओं से कहा कि हम सभी को जीवन में स्वच्छता सफाई महत्वपूर्ण है, जिसका ध्यान रखना चाहिए। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि युवा मोर्चा बेतिया के कार्यकताओं ने शहीद पार्क बेतिया में सफाई किया। नौतन, मझौलिया, सिकटा, नरकटियागंज व अन्य मंडल में युवाओं ने बढ़ चढ़कर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर मुकेश कुशवाहा, मुन्ना गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, उज्ज्वल झा, आशीष कुशवाहा, संजय यादव, भास्कर भारद्वाज, पीयूष यादव, समर्थ गोयल व दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मारपीट और हत्यारोपी सहित चार चढ़े पुलिस के हत्थे

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू च :** स्थानीय पुलिस ने जमीनी विवाद में मारपीट और हत्या के नामजद आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।थाना क्षेत्र के छपरा बहास धरमपुर में जमीनी विवाद में दो लोगों के बीच हुई मारपीट में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस टीम को भेजा गया। जहां पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि एक जमीनी विवाद में मारपीट हुआ है। बताया गया कि एक खेत की जमीन पर जंग बहादुर साह गेहूं बोए हुए थे।जिस खेत को जोतने के लिए रामाशीष राम दर्जनों लोगों के साथ हरवे हाथियार से लैश होकर लेकर ट्रैक्टर के साथ पहुंचे और उसे जोतने लगे। जब जंग बहादुर साह अपने परिवार के साथ रोकने गए। तब रामाशीष राम और उनके पक्ष के लोग जांगबहादुर साह सहित उनके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया और मारपीट कर जख्मी कर दिए। जख्मी जंग बहादुर साह और एक महिला को एम्बुलेंस से ईलाज हेतु मोतिहारी भेजा गया।तथा जख्मी जंग बहादुर साह के लिखित आवेदन पर 11 नामजद अभियुक्त के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट करने वाले मुख्य अभियुक्त रामाशीष राम सहित दो अन्य अभियुक्तों देवलक्षण साह और नीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। साथ हीं फुलवारिया पंचायत में पिछले मार्च महीने में आपसी मारपीट में पिटाई से घायल धनीलाल साह की मौत हो गई थी। जिसको लेकर मृतक की पत्नी उमा देवी ने फुलवरिया पंचायत निवासी जितेंद्र महतो पर मार कर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## खीस्तराजा.हाई स्कुल से 95 बैच ग्रुप की संस्था ने गरीबों की सहायता का संकल्प लिया

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** खीस्तराजा.हाई स्कुल से 95 बैच ग्रुप की संस्था के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आमदनी से कुछ राशि एकत्र कर संस्था के माध्यम से गरीबों की मदद करेंगे। जिससे जरुरतमंद पुरुष,महिला, बच्चों की सहायता की जा सके। इस संस्था का काम सुदूरवर्ती (शहर से काफी दूर) ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हेल्थ कैंप लगाकर निःशुल्क चिकित्सा एवं दवा उपलब्ध, बाढ़ की स्थिति में राशन कपड़ा दवा का वितरण, अग्नि पीड़ितों की सहायता, मजदूर दिवस पर उनके बीच आवश्यक सामग्री वितरण, महिला दिवस के दिन गरीब महिलाओं को साड़ी उपलब्ध, ठंढी के मौसम में गरीब वर्ग के लोगों को कंबल उपलब्ध कराना है। उपर्युक्त संस्था ने निःशुल्क पुस्तकालय की व्यवस्था किया है। जिसमें छात्र एवं छात्रा निःशुल्क पुस्तक पढ़ सकते हैं। कुछ बच्चे पढ़ने वाले होते हैं पर उनके अभिभावक पढ़ाने में समर्थ नहीं होते हैं, उन बच्चों के लिए संस्था प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप देती है। संस्था के इस कार्य को देखकर, देश के प्रधानमंत्री ने 2019 में अपने मन की बात में संस्था की सराहना कर चुके हैं। अग्नि पीड़ीतो को आवश्यक सामग्री वितरण किया।

# दुसरे चरण की जाति आधारित गणना का प्रशिक्षण पुरा

प्रगणकों के बीच गणना सामग्रियों का किया गया वितरण

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** दूसरे चरण की बिहार जाति आधार्रित गणना को लेकर प्रखंड के सभागार, ई किसान भवन और नगर पंचायत के सभागार में कर्मियों का प्रशिक्षण पूरा होने के बाद कुल 525 प्रगणकों के बीच गणना सामग्रियों का वितरण किया गया।प्रशिक्षक बिनोद चौधरी और राघवेंद्र कुमार कमलेश ने संयुक्त रूप से बताया कि पंचायत क्षेत्र के लिए कुल 440 प्रगणकों के बीच सामानों का वितरण किया गया।वहीं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में कुल 85 प्रगणकों को सामान दिया गया।बताया कि इस प्रशिक्षण में विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और अन्य कर्मी सहित 525 कर्मी शामिल हो रहे हैं। प्राशिक्षण के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि सभागार में प्रशिक्षक विनोद कुमार चौधरी, ब्रज राज किशोर सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, आशुतोष कुमार, मंटू चौधरी, राम नारायण प्रसाद यादव और टेक्निकल टीम में राहुल कुमार, हरेंद्र कुमार, अश्विनी कुमार, राजेश कुमार, अनुज कुमार झा, अरविंद कुमार मिश्र, लालबाबू प्रसाद, श्रीनिवास सिंह, महेश कुमार और टेक्निकल टीम के विकास महतो, अंशु श्रीवास्तव और श्यामसुंदर प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया। जहां प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र में जनगणना करने के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने उपस्थित प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को बताया कि गणना के दौरान किसी तरह की समस्या आती है तो अपने पर्यवेक्षक से संपर्क करें। साथ हीं आवश्यकतानुसार प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों से मिल कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

## पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए भारत भ्रमण पर निकले रॉबिन सिंह का स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**मोतीहारी पू चं :** महात्मा गांधी केंदीय विश्वविद्यालय के जीव विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा पर्यावरण विशेषज्ञ रॉबिन सिंह, इटावा, उत्तर प्रदेश अयोजन का स्वागत कार्यक्रम चाणक्य परिसर स्थित राजकुमार शुक्ल सभागार में किया गया। वह पर्यावरण संबंधी समस्याएं और उनका उचित संरक्षण एवं प्रबंधन' विषय पर विद्यार्थियों के बीच अपने विचार भी साझा किए। श्री सिंह पर्यावरण संरक्षण एवं उसके प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए इस समय पर्यावरण प्रहरी के रूप में भारत वर्ष भ्रमण पर है। वे साइकिल यात्रा कर पर्यावरण जागरूकता के प्रति एक मिशाल कायम किया है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पर्यावरण के बदलते स्वरूप को देखते हुए उसके प्रति व्यक्ति के दायित्व निर्वहन के तरीकों के बारें में जानकारी दी। साथ ही परिसर में एक पौधे भी लगाया। रॉबिन सिंह की पर्यावरण को समर्पित यह यात्रा 6 अक्टूबर, 2022 को कन्याकुमारी से प्रारंभ होकर दक्षिण पूर्व एवं उत्तर पूर्व के राज्यो से होते हुए अभी बिहार में पहुँचे हैं। अभी तक 189 दिनों में लगभग 14000 किमी की साइकिल यात्रा सम्पन्न हो चुकी है। उन्होंने बताया कि लगभग 700 दिनों में अगले वर्ष लगभग 50000 किमी. यात्रा का समापन भोपाल में होना है। अपनी यात्रा और पर्यावरण विषय पर विद्यार्थियों के कुछ प्रश्नों का भी उन्होंने सहजता से जवाब दिया। कार्यक्रम में प्रॉक्टर प्रो. प्रणवीर सिंह, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शिरीष कुमार, जीव विज्ञान विभाग के डॉ. अमित रंजन सहित विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थीगण मौजूद थे।

## संपादकीय

# हिंदी पट्टी में भाजपा को रोकने की नीतीश पहल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से भेंट की है। इस मुलाकात में राहुल गांधी को भी आमंत्रित किया गया था। दूसरी तरफ नीतीश के साथ उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल थे। स्पष्ट है कि बिहार के जमीन पर जातिगत समीकरणों को साधते हुए भाजपा को रोकने का काम आगे बढ़ाया गया है। वरना इससे पहले कई क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस को हर बार की तरह बड़ा पार्टनर मानने तक से इंकार कर दिया था। इसके बाद विपक्षी एकता की गाड़ी ठहर सी गई थी, जो अब नीतीश की पहल पर दोबारा चल पड़ी है। इस मुलाकात की भाजपा की तरफ से प्रतिक्रिया आना स्वाभाविक था। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी को बधाई देते हुए नीतीश कुमार की एक तस्वीर साझा की और लिखा: और न जाने किस के सामने झुकेंगे नीतीश कुमार। भाजपा की खुशबू सुंदर ने समूह को बेकार जमात कहा, और यह भी कहा कि इसने महाभारत के कौरवों की याद दिला दी। शिमला में केंद्रीय मंत्री



अनुराग ठाकुर ने गठबंधन को उन दलों का ठगबंधन बताया जो गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। भाजपा की तरफ से ऐसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। लेकिन नीतीश कुमार की पहल के दूरगामी परिणाम को पिछले लोकसभा चुनाव के वोट प्रतिशत से समझा जा सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 37.37 प्रतिशत वोट मिले थे, जो साल 1989 के बाद उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। इसकी बदौलत पार्टी ने 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। एनडीए को 353 सीटें मिली थी, जिनमें जेडीयू और अकाली दल भी शामिल थे। कांग्रेस को मात्र 52 सीटें मिली थी जबकि यूपीए को 91 सीटें मिली थी। देश की अन्य पार्टियों को 98 सीटें मिली थी। इसलिए नीतीश कुमार की इस पहल का अगर कोई सार्थक परिणाम निकला तो यह जाहिर तौर पर भाजपा के लिए कठिन चुनौती वाली स्थिति होगी। इसके बीच ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बार बार यह दावा ठोंक रहे हैं कि इस बार भी भाजपा तीन सौ से अधिक सीटें जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। नीतीश कुमार ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कल ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से भी भेंट कर ली है। उनके साथ उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की, जिससे अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों के एक साथ आने की अटकलों को और बल मिला। केजरीवाल ने कुमार से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा, नीतीश जी ने सभी विपक्षी दलों को एक छत के नीचे इकट्ठा करने की अच्छी पहल की है। हम इसके साथ हैं और जिस तरह से यह बढ़ रहा है। केजरीवाल ने भी कहा कि देश बहुत कठिन समय से गुजर रहा है। मैंने कई बार कहा है कि आजादी के बाद से आज देश में शायद सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा के साथ, अक्सर केंद्र पर उपराज्यपाल के माध्यम से दिल्ली की प्रगति को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाती है। श्री केजरीवाल की बैठक श्री कुमार और श्री यादव द्वारा कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ बातचीत के घंटों बाद हुई है। यह 2024 के चुनाव के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए कांग्रेस और जनता दल (यूनाइटेड), या जद (यू) के शीर्ष नेताओं की पहली औपचारिक बैठक थी। हमने यहां एक ऐतिहासिक बैठक की। बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा की गई और हमने फैसला किया कि हम सभी दलों को एकजुट करेंगे और आगामी चुनाव एकजुट तरीके से लड़ेंगे। हमने यह फैसला किया है और हम सभी इसके लिए काम करेंगे। इस प्रारंभिक बैठक में यह तय हो गया है कि नीतीश कुमार अन्य दलों के साथ किस तरीके से संपर्क करेंगे। शेष के साथ संवाद की जिम्मेदारी कांग्रेस की है। खडगे के साथ हुई बैठक में राहुल का होना इस बात के संकेत है कि कांग्रेस की तरफ से दो किस्म की बातें नहीं निकले। वरना इससे पहले राहुल गांधी ने सावरकर का नाम लेकर महाराष्ट्र में अपने सहयोगी दलों को नाराज कर लिया था। जातिगत समीकरणों से मतदान का मिजाज तय होने वाले राज्यों में भाजपा के हिंदू कार्ड का उत्तर तो जातिगत गोलबंदी ही दे सकती है, यह कई बार उत्तरप्रदेश और बिहार में प्रमाणित हो चुका है। इसलिए हिंदी पट्टी में अगर यह दांव कारगर हो गया तो भाजपा को जीत के राह में सबसे अधिक रोड़े इन्हीं दो राज्यों में होंगे, इस बात से किसी को इंकार नहीं होगा। शेष राज्यों में अगर क्षेत्रीय दलों के साथ वोटों के विभाजन को रोकने में कांग्रेस कामयाब हुई तो यह काम असंभव नहीं है, यह बात हर कोई जानता है। इसलिए माना जा सकता है कि भाजपा के चाणक्य के सामने अब बिहार का वह नेता खड़ा हो गया है, जिनकी चालों को समझना कठिन है।

# जाति प्रथा के विरोधी थे डा.आम्बेडकर

### 14 अप्रैल जयन्ती पर विशेष

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र पत्रकार

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।


डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही ह्यशिक्षित करोह्न से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे। डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है।

# घमंड मत करो


सन्त च्वांगत्सु एक अन्धेरी रात में मरघट से गुजर रहा था। वह मरघट शाही खानदान का था। अचानक उसका पैर एक आदमी की खोपड़ी पर लग गया। च्वांगत्सु फकीर घबरा गया। उसने वह खोपड़ी उठायी और घर लाकर उसके आगे हाथ-पांव जोड़ने लगा कि मुझे क्षमा कर दो। उसके मित्र इकट्ठे हो गये और कहने लगे,'पागल हो गये हो, इस खोपड़ी से क्षमा मांगते हो?'च्वांगत्सु ने उत्तर दिया,'यह बड़े आदमी की खोपड़ी है। यह सिंहासन पर बैठ चुकी है। मैं क्षमा इसलिए मांगता हूं क्योंकि यह आदमी आज जीवित होता और मेरा पैर उसके सिर पर लग जाता तो पता नहीं मेरी क्या हालत बनाता? यह तो सौभाग्य है, यह आदमी जीवित नहीं है, लेकिन क्षमा मांग ही लेनी चाहिए।'



मित्रों ने कहा, तुम बड़े पागल हो।' च्वांगत्से ने कहा, मैं पागल नहीं हूं। मैं तो इस मरे हुए आदमी से कहना चाहता हूं कि जिस खोपड़ी को तू सोचता था, सिंहासन पर बैठी है वही लोगों की, एक फकीर की ठोकर खा रही है और 'उफ'भी नहीं कर सकती। कहां गया तेरा सिंहासन? कहाँ गया तेरा अहंकार?'
कितना अच्छा जवाब था च्वांगत्सु का! आदमी को कभी भी पद और नाम का घमण्ड नहीं करना चाहिए।
इस संसार में हर कोई सात्विक प्रवृत्ति का इंसान नहीं है, तामसिक विचारों वालों की भी कमी नहीं। तामसिक विचार से पीड़ित व्यक्ति किसी की भी उन्नति से खुश होने की बजाय दु:खित होते रहे हैं और कोई-न-कोई नुक्स निकालकर आलोचना करते रहते हैं।अपनी आलोचना या निंदा सुनकर आवेश में नहीं आना चाहिए, बल्कि यह विचार करना चाहिए अमुक ने मेरी निंदा या आलोचना किन कारणों से की? उन कारणों को समाप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए और आलोचना करने वाले को गाली-गलौज की बजाय धन्यवाद देना चाहिए, कि शुक्रिया आपने मुझे मेरी गलती का अहसास करा दिया। गलतियों और आलोचनाओं को स्वीकार करने का विचार ही सकारात्मक सोच को जन्म देता है।

## साहित्य

# कोरोना प्रोटोकाल की पालना होने लगी है जरुरी



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

कोरोना की दहसत ने एक बार फिर कोरोना प्रोटोकाल की पालना के प्रति गंभीर होने के लिए चेता दिया है। ऐसे में कोरोना प्रोटोकाल को लागू करने या लोगों को पालना के प्रति सावचेत करने का समय आ गया है। यह इसलिए भी जरुरी हो गया है कि देष में कोरोना प्रोटोकाल की पालना लगभग नहीं की स्थिति में पहुंच गई है तो लोगों की गंभीरता भी नहीं रही है। देश में एक तरफ जहां दिन प्रतिदिन कोरोना के मामलों में उछाल आता जा रहा हैं वहीं कोरोना प्रोटोकाल की पालना करीब करीब समाप्त हो चुकी है। पिछले दिनों में ओसतन प्रतिदिन देश में पांच हजार से अधिक कोरोना पोजिटिव आ रहे हैं और कोरोना के कारण भले ही कम हो पर मौत के मामलें भी आने लगे हैं। एक सप्ताह में ही कोरोना के कारण 68 मौत के समाचार है। हांलाकि केन्द्र व राज्य सरकारें सजग तो होने लगी है व 10 और 11 अप्रेल को समूचे देश में दो दिन की मॉक ड्रिल कर कोरोना से निपटने की तैयारियों या यों कहें कि दवाओं व संसाधनों की उपलब्धता को जांचा परखा जा सके। पर जिस तरह से देष के पांच राज्यों में कोरोना मामलों की बढ़ोतरी ने चिंता में ड़ाल दिया है उसे देखते हुए सतर्कता और सजगता जरुरी हो गया है। लगभग समूची दुनिया में यह माना जा चुका है कि कोरोना से बचाव के लिए कोरोना प्रोटोकाल की पालना एक कारगर माध्यम है। आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सेनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है। मास्क के उपयोग को लेकर पिछले दिनों लोकल सर्कल द्वारा कराए गए सर्वे ने तो चिंता में ही ड़ाल दिया है। सर्वे में सामने आया है कि केवल और केवल 6 प्रतिषत लोग ही मास्क के प्रति थोड़े गंभीर दिख रहे हैं। यानी की 6 प्रतिशत लोग ही मास्क का उपयोग कर रहे हैं। हालात तो यह है कि कोरोना तो दूर वाइरस जनित बीमारियों के फैलाव के बावजूद देष के किसी भी क्षेत्र के किसी भी अस्पताल में चल जाएं कोई इक्के दुक्के लोग ही मास्क लगाएं हुए दिखाई देते हैं। यह तो अस्पतालों के हालात है जहां बीमार या उनके तीमारदार ही जाते हैं। ऐसे में यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। बाजार, सार्वजनिक परिवहन साधनों, मॉल्स, सिनेमागृहों, राजनीतिक रैलियों, धार्मिक स्थलों आदि पर खोजने से भी मास्क लगाए कोई नहीं दिखते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण के नए मामलों के आना चिंता का सबब बन ही जाता है। खासतौर से केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा और तमिलनाडू में जिस तरह से कोरोना संक्रमण का अधिक फैलाव देखा जा रहा है यह चिंतनीय है।
दरअसल कोरोना काल के अनुभव आज भी रुह कंपा देने के लिए काफी है। लंबा लॉक डाउन, सबकुछ बंद, प्रवासी श्रमिकों की हाईवे पर रेला, वेंटिलेटरों और ऑक्सिजन बेड की तलाश में भटकते लोगों और कोरोना संक्रमण से मौत के ग्रास बनते लोगों के चित्र आंखों के समाने घूमने लगते है तो सिहर जाते हैं। दवाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और आक्सीजन की कमी को भूले नहीं हैं। ऐसे में कोरोना काल के अनुभवों को देखते हुए इन दिनों बढ़ते कोरोना संक्रमण को हल्के से लेने की भूल नहीं करनी होगी। सरकार को जनहित में जहां अवेयरनेस अभियान तो चला ही देना ही चाहिए वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने की अनिवार्यता सख्ती से लागू करने की पहल कर देनी चाहिए। खासतौर से चिकित्सालयों में तो सख्ती से पालना होनी ही चाहिए। इसी तरह से सार्वजनिक स्थानों पर सेनेटाइजर के डिस्प्रेंसर लगा दिए जाए तो सरकार के लिए यह कोई महंगा सौदा नहीं होगा।

**आज हम मास्क पहनना भूल गए हैं तो सेनेटाइजर का उपयोग भी लगभग बंद ही हो गया है। इसी तरह से दो गज की दूरी की बात भी इन दिनों तो बेमानी हो चुकी है।**

## जानकारी

# एलोवेरा का इस्तेमाल

अगर चेहरे पर कभी-कभी पिंपल्स आ जाएं तो इतनी समस्या नहीं होती है। लेकिन जब चेहरा हमेशा पिंपल्स से भरा रहता है तो यह आपकी खूबसूरती को बिगाड़ता है। साथ ही चेहरे के पिंपल्स मेंटल प्रेशर को भी बढ़ाते हैं। पिंपल्स को जबरन हटाने या फोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने पर यह कई बार गंभीर दाग भी छोड़ जाते हैं। एलोवेरा की मदद से आप इन पिंपल्स से छुटकारा पा सकते हैं। एलोवेरा का इस्तेमाल न सिर्फ पिंपल्स को हटाने बल्कि स्किन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है। एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल गुण पिंपल्स को रोकने में मदद करते हैं। एलोवेरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण से पिंपल्स के कारण होने वाली सूजन भी कम होती है।एक कटोरी में जरूरत के अनुसार एलोवेरा जेल लें।
एलोवेरा में गुलाब जल की बूंदे



डालें और दोनों को अच्छी तरह मिक्स कर लें।
इसके बाद इसे चेहरे पर लगाएं और अच्छे से सूखने दें। इसके बाद पानी से चेहरा धो लें।
अगर आप चाहें तो इस पैक को पूरी रात के लिए भी फेस पर अप्लाई कर सकते हैं। सुबह उठकर अपना चेहरा सादे पानी से धो लें। यह उपाय पिंपल्स के लिए और स्किन के लिए भी फायदेमंद होता है।

# दो 5G सिम वाला टैबलेट 'us Gen 1 के साथ लॉन्च!

**नई दिल्ली :** ZTE ने चीन में एक इवेंट के दौरान Axon 50 Ultra फ्लैगशिप फोन को लॉन्च किया है। इसी इवेंट में कंपनी ने Axon Pad 5G टैबलेट को भी पेश किया। यह पहला टैबलेट है जो कि Snapdragon8 Plus Gen 1 चिपसेट से लैस है। यहां हम आपको Axon Pad 5G के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस से लेकर कीमत आदि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं। **ZTE AxonPad 5G की उपलब्धता और कलर ऑप्शन**



फिलहाल ZTE ने Axon Pad 5G की RAM और स्टोरेज वेरिएंट का खुलासा नहीं किया है। वर्तमान में ZTE AxonPad सिर्फ सरकार और कॉर्पोरेट सस्थाओं के लिए खरीद के लिए उपलब्ध है। टैबलेट का कोई वर्जन नहीं है जो वर्तमान में निजी यूजर्स के लिए उपलब्ध हो। कलर ऑप्शन की बात की जाए तो यह टैबलेट ब्लैक और ग्रे कलर ऑप्शन में उपलब्ध होगा।

**ZTE AxonPad 5G के स्पेसिफिकेशंस और फीचर्स**

ZTE Axon Pad 5G में 12.1 इंच की IPS LCD डिस्प्ले दी गई है, जिसका रेजोल्यूशन 2560 X 1600 पिक्सल और रिफ्रेश रेट 120Hz है। ऑपरेटिंग सिस्टम की बात की जाए तो यह टैबलेट एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड MyOS 13 के साथ आता है। ZTE का यह टैबलेट Snapdragon 8 Plus Gen1 प्रोसेसर से लैस है। स्टोरेज की बात करें तो इसमें LDDR5 RAM और UFS 3.1 स्टोरेज दी गई है। Axon Pad 5G में 10,000mA की बैटरी दी गई है जो कि 80W चार्जिंग का सपोर्ट करती है। कैमरा सेटअप की बात करें तो जेडटीई के डिवाइस के रियर में एलईडी फ्लैश के साथ सिंगल कैमरा दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में टैबलेट के फ्रंट और रियर कैमरा के मेगापिक्सल की जानकारी नहीं है। यह पहला टैबलेट है जो कि ड्यूल 5जी सिम का सपोर्ट करता है। इस टैबलेट में यूजर्स आसानी से वर्क और लाइफ प्रोफाइल की बीच स्विच कर सकते हैं।




## टॉप ट्वीट

"क्षेत्र के विकास पर उनके दृष्टिकोण का स्वागत करते हुए अफ्रीकी संघ और संयुक्त राष्ट्र समेत मजबूत बहुपक्षीय सहयोग पर भी विचार साझा किए।"

डॉ. जयशंकर
केंद्रीय विदेश मंत्री





"मेरे प्यारे दोस्त सतीश कौशिक। आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज बैसाखी के दिन आप 67 साल के हो गए होंगे, लेकिन आपके जीवन के 48 साल तक मुझे आपका जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला। इसलिए मैंने फैसला किया है कि आज शाम को हम आपके जन्मदिन को शानदार तरीके से मनाने की कोशिश करेंगे।"

अनुपम खेर
बॉलिवुड अभिनेता

## संपादक के नाम पत्र

### पुलिसकर्मियों को हथताली देकर दी चुनौती

पंजाब की सरजमी पर अलगाववाद के बीज फिर से बोए जाने से सरकार की चिंता बढ़ती जा रही है।खालिस्तान समर्थकों के काले कारनामे से पंजाब में दहशतगर्दी पसर गई है।पावर,प्लांट एवं रेलवे ट्रेक तबाह करने के मंसूबे फिर से पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है।पंजाब को लहूलुहान करके निर्दोष लोगों की जान की कुबार्नी देश और राज्य को अब स्वीकार नही है।खेत,खलियान पर निर्दोष लोगों की शहादत पंजाब की धरती के लिए कलंक समान रही है।आज पूरा पंजाब तीन दशक वाली इबारत लिखता दिखाई दे रहा है।अमृतपाल पर दबाव बढ़ने से पंजाब सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही है।पड़ोसी देश की मदद से खालिस्तानियों के हौसले बुलंद है।पंजाब के लिए यह घटना सामान्य नही है।अलगाववादी ताकतों ने पंजाब में भययुक्त वातावरण पैदा कर दिया है।हरियाणा और हिमाचल से खालिस्तानियों की हरकत सामने आने के बाद इस बार हद कर दी है।विदेशी धरती पर भारत के झंडे को हटाकर खालिस्तानियों के झंडे।लगाने की घटना के बाद दहशत बढ़ गई है।अमेरिका में तोड़फोड़ के बाद हालात बढ़ते जा रहे है।जिस तरह से भगवंत मान सरकार को चुनौती दी जा रही है।उससे पंजाब पुलिस के लिए मुश्किल होता जा रहा है।सोशल मीडिया को हथियार बनाकर हिंसा फैलाने के लिए सक्रिय खालिस्तानियों के पर काटने होंगे।यह देश के लिए दीमक समान है।पंजाब भारत का ताज है।पंजाब के किसान विश्व समुदाय के लिए अनाज पैदा कर पेट भरने की क्षमता रखता है।भारत के इस शक्तिशाली राज्य को विघटनकारी ताकतों के जरिये भारत से अलग करने के लिए साजिशें रच रहे है।पंजाब हमारे देश की शान है।हरपल हैरानी और दहशत फैला कर निर्दोष लोगों पर हमला किया जाना कतई ठीक नही है।पंजाब की इस खौफनाक साजिश को नाकाम करने के लिए पुलिस को और सख्त होना पड़ेगा।पुलिस कमजोर नही है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

### एसपी ने आईसीआईसीआई बैंक लूट मामले में थाना पर चार घण्टे की पूछताछ

**चकिया पू चं:** आईसीआईसीआई बैंक में बंदूक की नोक पर 48 लाख रुपए की हुई लूट मामले को लेकर गुरुवार को जिला पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने थाना पहुंच गहन जांच की। इस दौरान उन्होंने शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मियों से लगभग चार घंटे तक आवश्यक पुछताछ व जांच की। साथ हीं पुलिस अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हों की बीते बुधवार को दिनदहाड़ बेखौफ दो बाईक पर पांच की संख्या में सवार अपराधियों ने नगर परिषद अंतर्गत बजरंगी नगर में स्थित आईसीआईसीआई बैंक में हथियार के बल पर कैश काउंटर में रखा 48 लाख रुपया व महिला कस्टमर से 30 हजार नगद समेत उसका आभूषण तथा एक पुरुष कस्टमर से 5 हजार नगद लूट कर फरार होने में सफल रहा था। लूट की घटना से कारोबारी समेत नगर परिषद वासी भयभीत है डर के साए में जी रहे है।

# आमजनों की समस्या/शिकायत को गंभीरता पूर्वक लें और नियमानुकूल समाधान सुनिश्चित करें : विनय कुमार राय

## डीएम ने प्रखंड कार्यालय, चनपटिया का औचक निरीक्षण कर, पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** प्रखंड कार्यालय चनपटिया का औचक निरीक्षण डीएम विनय कुमार राय ने गुरुवार को किया। इस क्रम में उन्होंने कहा कि कार्यालयों में विभिन्न समस्याओं/शिकायतों के समाधान के लिए आने वाले आमजनों को गंभीरता के साथ सुने और उसका नियमानुकूल समाधान कराने का प्रयास करें। आमजनों के साथ मधुर व्यवहार रखें तथा उनके लिए कार्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करें। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सही तरीके से होना चाहिए। क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है तो



उसकी त्वरित जांच करायी जायेगी और दोषी पाये जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड, अंचल में सभी कार्यों का निष्पादन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करें। आमजन की परेशानी का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन नियमित निर्धारित समयावधि में कराना सुनिश्चित करें। बच्चों को दी जाने वाली सुविधा, उनको हर हाल में मिले। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा कोताही पर कार्रवाई की जाएगी। अंचल राजस्व पदाधिकारी (सीओ) को निर्देश दिया कि राजस्व से सम्बंधित कार्यों का ससमय निष्पादन कराना सुनिश्चित करें। दाखिल-खारिज से सम्बंधित मामलों के निष्पादन में गति लाना सुनिश्चित करें। सभी लम्बित मामलों को विशेष ध्यान देकर त्वरित गति से निराकरण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने आमजनों की समस्याओं और शिकायतों को सुना तथा सम्बंधित पदाधिकारियों को अविलंब नियमानुकूल कार्रवाई का निदेश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, एसडीएम बेतिया विनोद कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपर्युक्त जानकारी जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी के कार्यालय बेतिया पश्चिम चम्पारण ने मीडिया को उपलब्ध कराया।

## बथवरिया पुलिस ने चलाया घंटों सघन वाहन जांच अभियान



राष्ट्रीय खबर

**बगहा:** पुलिस जिला अंतर्गत बथुवरिया थाना पुलिस ने गुरुवार को जैनी टोला - इंगलिसिया मुख्य पथ के तिरुहुत गंडक नहर के समीप घंटो सघन वाहन जांच अभियान चलाया। बथुवरिया थानाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बगहा के आदेश के आलोक में नियमित व सुचारु रुप से वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सअनि हसन इमाम खान के नेतृत्व में सिपाही संजय कुमार सिंह, राजेश ओझा, रामायण राम, चालक व सिपाही राहुल कुमार के नेतृत्व में जैनी टोला गांव के समीप तिरुहुत गंडक नहर पर घंटों वाहन जांच अभियान चलाई गई। उन्होंने बताया कि वाहन जांच के क्रम में असमाजिक तत्वों, शराब धंधेबाजों पर पैनी नजर रखते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाई गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन जांच के दौरान बाईक की डिक्की, हेलमेट समेत विभिन्न प्रकार की कागजातों की जांच की गई। तथा बीना कागजात के वाहन चालकों से जुमार्ना वसुल की गई। बथुवरिया थाना पुलिस की लगातार इस मुहिम से वाहन चालकों में हडकंप मचा हुआ है।

## बाइक की टक्कर से महिला जख्मी, रेफर

**बगहा:** पुलिस जिला अंतर्गत गोबरहिया दोन थाना क्षेत्र की एक महिला गुरूवार के दिन बाइक की टक्कर से जख्मी हो गई। महिला के परिजनों के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सक डॉ राजेंद्र काजी ने महिला का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर स्थिति को देखकर अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महिला की पहचान नौरंगिया दोन निवासी झगरू महतो की 65 वर्षीय पत्नी कमलावती देवी के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार कमलावती देवी गुरुवार के दिन सड़क के किनारे खड़ी थी इस दौरान बाइक सवार ने पिछे से आकर टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से महिला औंधे मुंह गिर गई जिससे उसके चेहरे व सर पर गंभीर चोटे लगी है। स्वास्थ्य केंद्र हरनाटाड के चिकित्सक राजेंद्र काजी ने बताया कि घायल महिला आई हुई थी जिसका प्राथमिक उपचार कर दिया गया। जख्म को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया गया।

# अंचल प्रशासन की निष्क्रियता पडेगी भारी, फिर डुबेगा कांटी टोला

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/पिपरासी :** प्रखंड के सेमरा लबेदाहा पंचायत स्थित कांटी टोला के ग्रामीण अंचल प्रशासन के निष्क्रियता के कारण एक बार फिर पानी में डुबने के लिए बिवस है। जानकार सूत्रों की माने तो पिछले साल आई बाढ़ मे 12 लोगों का घर गंडक नदी में विलीन हो गया था। साथ ही 5 दर्जन लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर गया था। लगभग 5 दिनों तक बाढ़ पीड़ित लोग उत्तरप्रदेश के रेलवे बांध पर शरण लिए हुए थे।जहां स्थानीय अंचल प्रशासन के द्वारा 85 लोगों के बीच चूरा गुड़ का वितरण भी किया गया था। उसके तत्पश्चात बगहा के तत्कालीन एसडीएम दीपक मिश्रा के द्वारा उक्त गांव का निरीक्षण कर



अंचल प्रशासन को निर्देश दिया गया था कि अविलंब कांटी टोला के लोगों को अन्यत्र भूमि उपलब्ध कराकर बसाया जाए। आनन-फानन में अंचलाधिकारी पिपरासी ललित कुमार सिंह के द्वारा उसका स्थल जांच कर लगभग 32 लोगों को भैसहिया गांव के समीप बासगीत का पर्चा भी वितरण कर दिया गया है।लेकिन पर्चा वितरण के 2 माह बीतने के बाद भी कांटी टोला के बाढ़ पीड़ितों को अभी तक जमीन पर कब्जा नहीं दिलाई गई है। जो अंचल प्रशासन की निष्क्रियता को दशार्ता है। साथ ही सीओ के कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। वार्ड सदस्य पति सत्तन मुसहर,पंच छोटेलाल मुशहर, जगदीश बीन,बंडुल हजरा,मदन हजरा आदि ग्रामीणों ने बताया कि सीओ के द्वारा मनमाने ढंग से पर्चा का वितरण किया गया है। पूर्व से जिन्हें पट्टा प्राप्त हैं। उनको भी दुबारा पट्टे की जमीन दी गई है। जबकि अभी दो दर्जन लोग पट्टे से वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर बरसात पूर्व उनको जमीन नहीं मिला तो वह एक बार फिर बाढ़ में डूबने को मजबूर हो जाएंगे जिसकी सारी जवाबदेही अंचल प्रशासन पिपरासी की होगी। वही ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के द्वारा किए गए मनमानी कार्य व फजीर्वाड़े की जांच कर उन पर कार्यवाही करने की मांग की है।

## भाजपा की नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार बगहा नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस अल्पसंख्यक कार्यालय बगहा थाना के पास किया गया। इसकी जानकारी देते हुए कांग्रेस कमिटी के बगहा नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गौतम अदाणी के रिश्ते को लेकर उंगली उठाने के आरोप में श्री राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द की गई है। मोदी सरकार संवैधानिक व्यवस्था को तहस-नहस कर देने पर आमादा है जनता की आवाज और हिंदुस्तान के लोकप्रिय जननेता श्री राहुल गांधी के खिलाफ राजनीतिक सडयंत्र रची गई है। ताकी मोदी मित्र अडानी को बचाया जा सकें। शेल कंपनियों द्वारा अडानी ग्रुप में लगाया गया 20,000 हजार करोड़ रुपया आखिर किसका है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी से रिश्ता क्या है। यह सवाल जब संसद भवन में श्री राहुल गांधी के द्वारा गहन अध्ययन कर उठाया गया तो प्रधानमंत्री व भाजपा के तमाम नेता बिलबिलाते हुए नजर आए जब राहुल गांधी तिरंगा लिए कन्याकुमारी से कश्मीर के लिए निकले करीब 4 हजार किलोमीटर पैदल चलें एकता अखंडता संप्रभुता प्रेम स्नेह भाई चारे का संदेश लिए ताकी देश में नफरत का बीज कोई बो ना सकें और देश की लोकतंत्र प्रजातंत्र संविधान मजबूत हो सकें किंतु आज का जो परिस्थिति आप देख और समझ रहें है। वह संविधान के विपरीत है। केंद्र की मोदी सरकार असल मुद्दों से भटका कर देश की जनता को गुमराह कर रही है। साथ ही देश की शासकीय संस्थानों का दुर्पयोग कर विपक्षी दलों को डराने का विफल प्रयास कर रहीं है।

मैं पूरे देश वासियों को आगाह करना चाहता हूं अपने देश के खातिर एकजुट रहिए ताकी संविधान लोकतंत्र प्रजातंत्र जिंदा रह सकें। अन्यथा केंद्र की मोदी अडानी सरकार देश को बेंच खाएंगे। मैके पर कांग्रेसी के

वरिष्ठ नेता हरिचन्द्र पांडेय, रमेश पाण्डेय, हलीम अख्तर खान अध्यक्ष, रमेश राम जिला सचिव, शेषचन्द यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा विभाग, हरिपंडित अध्यक्ष पिछड़ा विभाग, इमरान मोमिन, मुख़्तार खान, संजय बैठा, बैधनाथ आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## जाति आधारित गणना के सफल आयोजन को लेकर निम्न बिंदुओं पर हुई विस्तृत चर्चा



**मोतिहारी पू चं:** प्रधान गणना पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मोतिहारी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार जाति आधारित गणना 2022 के द्वितीय चरण के सफल आयोजन की तैयारी एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि द्वितीय चरण का गणना कार्य दिनांक 15 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक किया जाना है। जाति आधारित गणना के सफल आयोजन हेतु निम्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। चार्ज पदाधिकारी द्वारा बिहार जाति आधारित गणना पोर्टल पर प्रथम चरण में संकलित किए गए आंकड़ों की प्रविष्टि एवं उसका अनुमोदन। गणना कार्य में दोहरी प्रविष्टि को रोकने एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीआईओ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी चार्ज/सहायक चार्ज पदाधिकारी, आईटी मैनेजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थें।

# सांसद आपके द्वार कार्यक्रम का हुआं आयोजन

## ग्रामीणों से मिल-जूल कर जाना हाल: सांसद

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.च:** प्रखंड के शुकुल पाकड़ पंचायत के लालपरसा गांव में सांसद आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सांसद डॉ संजय जयसवाल ने कहा मैं हमेशा जनता के सुख दुख में साथ रहता हूँ। नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करता हूँ। सभी जनता से मिलकर उनकी समस्या को सुनता भी है। जहां तक संभव होता है उनकी समस्या का निदान भी करता हूँ। क्षेत्र में कई जगह पक्की सड़क व पुल का निर्माण कराया गया है। केंद्र की सरकार के द्वारा जनहित में कई योजनाएं चलाई जा रही है। पीएम नरेंद्र मोदी



हमेशा गरीबो के उत्थान के लिए सोचते है और कार्य भी करते है। गरीब,दलित,महादलित,मजदूर व किसान के लिए कई योजनाओं के माध्यम से सहायता दी जा रही है। युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। केंद्र की सरकार चौमुखी विकास कर रही है। भ्रष्टाचार करने वालो के खिलाफ लगातार करवाई की जा रही है। जिसके चलते बेईमानो का नींद खराब हो गया है। ऐसे लोगो को मदद करने वाले बेचैन हो गए है। पीएम के नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ है। सुगौली की मुख्य समस्या नदी के किनारे बांध बनाने की है। लेकिन कुछ लोगों के द्वारा सहयोग नही करने से कार्य बाधित हो गया है। इसके लिए मेरे द्वारा कई बार प्रयास किया गया है।सड़क की एप्रोच पथ को भी ठीक कराया जाएगा। मौके पर पूर्वमंत्री रामचन्द्र सहनी, वरिष्ठ नेता रामगोपाल खंडेलवाल,मंडल अध्यक्ष महेश मिश्र,रामएकबाल प्रसाद,महामंत्री मनोज सहनी,विजय जयसवाल,पार्षद रवि पासवान,हरि सहनी,मुरारी पांडेय,अमर किशोर सहित कई मौजूद थे।

## डीआरसीसी बेतिया में 15 अप्रैल 2023 को जॉब कैम्प का आयोजन

**बेतिया :** श्रम संसाधन विभाग जिला नियोजनालय के तत्वाधान में दिनांक-15 अप्रैल 2023 को बेतिया डीआरसीसी (जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र) के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उस दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा करेंगे। जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज ने बताया कि जिला पदाधिकारी के दिशा-निर्देश के आलोक में लगातार जॉब कैम्प का आयोजन कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

## स्टार्टअप जोन चनपटिया का नवागत डीएम ने किया अवलोकन



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने चनपटिया स्टार्टअप जोन का अवलोकन किया। उप विकास आयुक्त अनील कुमार ने चनपटिया स्टार्टअप जोन की विकास प्रक्रिया की जानकारी विस्तारपूर्वक डीएम को दिया। इस दौरान उन्होंने स्टार्टअप जोन में संचालित विभिन्न उद्यमों का अवलोकन किया और उनके ऑनर से रॉ-मेटेरियल, प्रोडक्शन, मार्केटिंग, ब्रांडिंग की जानकारी प्राप्त किया। कई उद्यमियों ने बताया कि वे उद्यम बढ़ाना चाहते हैं। डिमांड के अनुरूप वे प्रोडक्शन नहीं कर पा रहे हैं। डिमांड पूरी करने के लिए अतिरिक्त मशीन लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिला प्रशासन से सहयोग की आवश्यकता है। डीएम ने उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया और कहा गया कि स्टार्टअप जोन की स्थापना में जिला प्रशासन का बहुमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रोडक्शन बढ़ाने, अतिरिक्त नयी मशीन स्टॉल करने सहित अन्य बिन्दुओं पर सरकार एवं जिला प्रशासन अत्यंत ही गंभीर है। सभी संभव सहायता की जायेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, एसडीएम बेतिया विनोद कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अनील कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विवान शाह और संजय मिश्रा की फि ल्म कोट का नया पोस्टर जारी, 26 मई को सिनेमागृह में होगी रिलीज

## बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी अतिथि भूमिका में आएंगे नजर

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बॉलीवुड में उत्तर भारत विशेष रूप से पूर्वांचल की कहानियों पर आधारित फि ल्मों और वेब शोज को दर्शकों ने हमेशा पसंद किया है। गंगाजल, गैंग्स ऑफ वासेपुर, खाकी द बिहार चैप्टर, मिजार्पुर, जहानाबाद, महारानी, सूपर 30 जैसी पूर्वांचल की कहानियों हिट रही। अब जिला नालंदा बिहार शरीफ के युवा लेखक की कहानी पर आधारित फि ल्म कोट रिलीज के लिए तैयार हैं। विवान शाह और संजय मिश्रा स्टारर हिंदी फि ल्म कोट की रिलीज डेट पोस्टर फिल्म के निमार्ताओं ने सोशल






मीडिया पर जारी किया गया। फिल्म देश भर के सिनेमागृह में २६ मई को रिलीज होगी। यह कहानी बिहार के एक छोटे से गांव के लड़के माधो की है, जो सरल लेकिन सपने देखने वाला है। वह और उसके पिता सुअर पालन करते हैं, जो भारतीय गाँव में निम्न श्रेणी का व्यवसाय है। भारत में तेजी से बढ़ती इस टेक्नोलॉजी व्यवस्था में वह भी अच्छा दिखना और कुछ बड़ा करना चाहता है। लेकिन वह ऐसा कैसे कर रहा है। एक दिन कुछ एनआरआई उनके गाँव में आते हैं जहाँ उन्होंने उनकी पोशाक (कोट) देखता है। माधो अपने लिए उसी तरह का सूट पाने के लिए कुछ तरकीब लगाता है लेकिन असफल रहता है। नए नए विचार आते हैं लेकिन सब विफल हो जाते हैं। इस बीच माधो को एक लड़की से प्यार हो जाता है माधो को अपने सपनो को पाना हैं क्या माधव को वह सब कुछ मिला जो वह चाहता था ? इसके लिए दर्शकों को २६ मई तक इंतजार करना पड़ेगा। फिल्म में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिहार के जीतन राम मांझी अतिथि भूमिका में नजर आएंगे। परफेक्ट्स टाईम पिक्चर्स इन एसोशिएशन विथ ब्लैक पैंथर मूवीज लिमिटेड और ब्रांडेक्स एंटरटेनमेंट की फि ल्म कोट के निमार्ता निमार्ता कुमार अभिषेक, पिन्नु सिंह, शिव आर्यन और अर्पित गर्ग हैं। फि ल्म की कहानी कुमार अभिषेक ने लिखी है। फि ल्म का निर्देशन अक्षय दित्ती ने किया है। मुख्य भूमिका में विवान शाह, संजय मिश्रा के साथ ही सोनल झा, पूजा पांडेय, बादल राजपूत, हर्षिता पंडेय, नवीन प्रकाश, अभिषेक चौहान, आकांक्षा श्रीवास्तव, रागिनी कश्यप और गंगन गुप्ता नजर आयेंगे। इस अवसर पर निमार्ता और लेखक कुमार अभिषेक ने कहा कि यह बिहार के एक युवा के सपनों को पाने के सफर की कहानी हैं जिसे पूरा देश देखना पसंद करेगा। एक ऐसा सपना जिसकी हिम्मत भी एक छोटे से गांव का युवा नहीं कर पाता हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### होम्योपैथी के प्रति लोगों में बढ़ रही है जागरूकता

**हरिहरगंज/पलामू :** भारत समेत दुनिया भर में बीते 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस बीत गया किंतु इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में जागरूकता को और बढ़ावा देने को लेकर इलाके में कहीं भी कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया। यह लोगों के लिए चिंता का विषय हो सकता है। बता दें कि हरिहरगंज और आस पास में करीब आधा दर्जन होम्योपैथी दवाखाना और अस्पताल संचालित हैं । जहां हर दिन बड़ी संख्या में मरीज ईलाज करवाने भी पहुंचते हैं। विशेषकर उक्त होम्योपैथी अस्पतालों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिला और पुरूषों को ईलाज से इसके काफी फायदे भी पहुंच रहे हैं। कई प्रबुद्ध व्यक्तियों ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से इलाज बहुत ही कारगर साबित हो रहा है ।जिसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की इस पद्धति के चिकित्सकों को चाहिए की समय-समय पर सेमिनार, कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इसके प्रति लोगो को जागरूक किया जाए ताकि होम्योपैथी दवाओं के फायदे को उन्हें समझाया जा सके। मालुम हो कि होम्योपैथी के संस्थापक (जनक) जर्मन चिकित्सक डॉ सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर उन्हें हर वर्ष 10 अप्रैल को याद किया जाता है।

**सजा**

### मुंगेर के पूर्व डीआईजी शफीउक हक को निलंबन मुक्त

# आईपीएस आदित्य कुमार और दयाशंकर की निलंबन की अवधि बढ़ी

- पूर्व एसपी सुधीर पोरिका मामले में सरकार विचार करे
- एक पर अपराध इकाई ने दर्ज किया था एफआईआर
- दूसरे पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप

**दीपक नौरंगी**







**पटनाः** बिहार राज्य सरकार ने लगातार कई आईपीएस अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। आने वाले दिनों में और भी कई आईपीएस अधिकारी पर कार्यवाही की संभावना बनती दिख रही है। गया पूर्व एसएसपी आदित्य कुमार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई ने पिछले साल 15 अक्टूबर को आर्थिक ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद पिछले साल 18 अक्टूबर को आदित्य कुमार को सस्पेंड कर दिया गया था। सरकार ने आदित्य कुमार की निलंबन अवधि को 12 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दिया है। आईपीएस अधिकारी में काफी चर्चा में बने रहे दयाशंकर पर लगे भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप लगे थे। विशेष निगरानी इकाई ने पूर्णिया के तत्कालीन एसपी दया शंकर के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत 10 अक्टूबर 2022 को केस दर्ज किया था। इसके बाद उन्हें 18 अक्टूबर 2022 को निलंबित कर दिया गया था। पूर्णिया के पूर्व एसपी दयाशंकर के निलंबन की अवधि को 12 अक्टूबर 2023 तक बढा दिया है। औरंगाबाद के पूर्व एसपी सुधीर पोरिका भी अभी तक निलंबित है।

राज सरकार ने उनकी अवधि दो बार बढ़ा दी है। भोजपुर के पूर्व एसपी राकेश दुबे के साथ भी यही स्थिति बनी हुई है। भोजपुर के पूर्व एसपी राकेश दुबे भी अभी तक निलंबित है लेकिन औरंगाबाद के पूर्व एसपी सुधीर पोरिका के मामले में राज्य सरकार को सहानुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए क्योंकि इस मामले में भले ही सरकार ने कार्रवाई कर दी है लेकिन आय से अधिक संपत्ति का मामला सुधीर पोरिका नहीं बनता दिखता है। यह चर्चा आईएएस और आईपीएस महकमे में भी है। सरदार पटेल भवन में कई तरह की चर्चाएं देखी जा रही है। आईजी अमित लोढ़ा पर भी एक मामला चल रहा है। उन्होंने अपने ऊपर एक फिल्म रिलीज की है, जो काफी हिट की है। इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा एक जांच की गई है जिसमें कई तरह के तथ्य सामने आने की बात बताई जा रही है।

**भ्रष्टाचार के आरोपी शफीउल हक का निलंबन समाप्त**

एक दिसंबर 2021 को ही शफीउल को सस्पेंड कर दिया था मुंगेर के पूर्व डीआईजी को बड़ी राहत मिली है। अब जल्दी व पुलिस मुख्यालय में अपना योगदान दे देंगे। निलंबन के बाद लगातार डीआईजी शफीउक हक सुर्खियों में बने हुए थे । मुंगेर के पूर्व डीआईजी शफीउल हक ने आवेदन देकर निलंबन से मुक्त करने का अनुरोध सरकार से किया था। शफीउक हक द्वारा दिये गये आवेदन आवेदन में उन्होंने अपनी कई बीमारियों का भी उल्लेख किया है। उक्त आवेदन पर सहानुभूति जताते हुए सरकार ने उन्हें निलंबन से मुक्त कर दिया गया है।

## न्यूज फटाफट

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव में युवा वाहिनी का गांव गांव में चल रहा आमंत्रण अभियान



**डालटनगंज:** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी शहर के बाद गांव गांव का भ्रमण कर अब सांगठनिक मजबूती की ओर अपना कदम बढा. चुकी है । 22 अप्रैल को जन्मोत्सव शोभायात्रा के आमंत्रण के बहाने संगठन लगातार गांव का भ्रमण कर रही है ।संगठन के इस अभियान में कई सदस्य व पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और देर रात तक गांव का भ्रमण कर रहे हैं ।इस संबंध में संगठन के सदस्य बताते हैं कि जन्मोत्सव शोभायात्रा के बाद प्रत्येक गांव में युवा वाहिनी का विस्तार किया जाएगा लेकिन फिलहाल जन्मोत्सव शोभायात्रा को सफल बनाने व अधिक से अधिक भागेदारी हो इसे सुनिश्चित करने के लिए ही संगठन का भ्रमण हो रहा है ।गांव गांव में आमंत्रित करने के क्रम में हो रहे स्वागत से संगठन के कार्यकर्ता काफी अभिभूत हैं और लोगों के विशवास पर खरा उतरने के लिए कृतसंकल्पित हैं ।सदस्यों का कहना है संगठन पहली बार इस तरह का अभियान चला कर गांव में पहुंचने का प्रयास कर रही है संगठन का यह प्रयास है कि सभी गांव में आमंत्रण पत्र पहुंचना चाहिए ।संगठन के द्वारा लगभग सभी गांव के देवस्थान के नाम पर आमंत्रण दिया जा रहा है जिसमें गांव के सभी लोगों का आमंत्रण निहित है ।आमंत्रण पत्र वितरित करने के लिए संगठन के द्वारा कई टोली बनाई है,जो लगातार इस अभियान में लगे हुए हैं ।वहीं इस पूरे आयोजन पर संगठन के वरीय पदाधिकारियों की टीम निगरानी रखने के साथ स्वयं भी ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं ।यह आयोजन राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के लिए अभी तक का सबसे बड़ा आयोजन साबित होने जा रहा है।

### चिलचिलाती धूप से अब होने लगी गर्मी का एहसास,लोग हो रहे हलकान

**हरिहरगंज/पलामू :** चढ़ते वैशाख माह के साथ ही चिलचिलाती तेज धूप की वजह से अब गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। सूर्य की चुभती किरणें और चिलचिलाती धूप लोगों को हलकान करने लगा है। चारो तरफ सूरज की तपिश का असर साफ दिखने लगा है ।दिन में 12 बजे से दो पहर 3 बजे तक गर्मी व चिलचिलाती धूप में लोग घर से बाहर निकलने कतराने लगे हैं। इस दौरान बहुत जरुरी काम से ही लोग बाहर निकलने की सोचते हैं। वहीं पैदल चलने वाले राहगीरों , फुटपाथ पर काम करने वाले दैनिक मजदूरों और वाहन चालको के सिर पर गमछा या तौलियां दिखने लगा है। बता दें कि विद्यालय आने जाने के दौरान छात्र-छात्राओं विशेषकर छोटे बच्चों को गर्मी से थोड़ी ज्यादा ही परेशानी होने लगी है। गर्मी से राहत के लिए लोगों के घरों में पंखे चलने लगे हैं। जबकि कूलर फ्रिज भी इस्तेमाल किया जाने लगा है। चिलचिलाती धूप का असर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखने लगा है। तेज धूप के बीच दोपहरी में उड़ती धूल-का बवंडर ( बड़ेवा ) का जोर भी देखा जा रहा है। इसी बीच कभी तेज धूप तो कभी बादल की वजह से पड़ने वाली छांव थोड़ी राहत भरी होती है। बाबजूद इसके गर्मी से बचाव के लिए लोग नींबू पानी , तरबूज , खीरा , लस्सी , सत्तू पानी का इस्तेमान बढ़ा दी है।

### पंचायत दिवस के अवसर पर एसडीओ ने नवोदय विद्यालय एवं चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**महेशपुर (पाकुड़):** पंचायत दिवस के अवसर पर गुरुवार को एसडीओ हरिवंश पंडित ने जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर, नवोदय विद्यालय सीलमपुर, सोनारपाड़ा चेकपोस्ट एवं अंबेडकर चौक स्थित शराब दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ रितेश जायसवाल भी मौजूद थे। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि पंचायत दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम जवाहर नवोदय विद्यालय तेलियापोखर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय की साफ-सफाई, विद्यालय में पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों से संबंधित समस्याओं का जानकारी लिया। एसडीओ ने विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के साथ भी वार्ता करते हुए उन लोगों का समस्याओं को सुना। छात्रों से उन लोगों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं समस्याओं को लेकर भी पूछताछ किया। इस दौरान एसडीओ ने बच्चों को मिलने वाले गुणवत्तापूर्ण भोजन को लेकर उन सभी के साथ भोजन भी किया। इसके बाद उन्होंने नवोदय विद्यालय सीलमपुर का भी निरीक्षण कर समस्याओं से अवगत हुए। फिर उन्होंने अंतरराज्य सीमा पर स्थित सोनारपाड़ा चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त चौकीदारों से पूछताछ करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त के निर्देश पर शराब दुकान का निरीक्षण उसके बाद उन्होंने अंबेडकर चौक स्थित अंग्रेजी शराब दुकान का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शराब का एक्सपायरी डेट, शराब दुकान का स्टॉक समेत अन्य कागजातों का जांच किया। इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि उक्त शराब दुकान को लेकर उपायुक्त को शिकायत किया गया था कि बंगाल से शराब लाकर शराब बेची जाती है। इसी को लेकर शराब दुकान का जांच किया गया। इस दौरान शराब दुकानदार को कड़ी शब्द में सरकारी मूल्य पर ही शराब बेचे जाने की हिदायत दिया।

## बच्चों को मिले अपने मातृभाषा में स्कूली शिक्षा : बाबूधन



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** पाकुड़ सदर प्रखंड के परोलबोना स्थित प्राथमिक विद्यालय में पूर्व जिप अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने निरक्षण कर विद्यालय के बच्चों से वातालर्लाप की एवं उनकी समस्याओं को सुना। श्री मुर्मु ने कुछ कक्षाओं में बच्चो से गणित एवं सामान्य ज्ञान के सवाल जवाब की। विद्यालय के बच्चों को श्यामपट्ट पर अपने अनूठे अंदाज में गणित सिखाया एवं समझाया। मुर्मु ने विद्यालय के सभी शिक्षकों से नए शिक्षा नीति के तहत बच्चो को उनके मातृभाषा में शिक्षा देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जब बच्चा अपनी मातृभाषा में पड़ेंगे तो बच्चे बड़े आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

जिससे विद्यार्थियों को काफी लाभ होगा। विद्यालय के शिक्षक ने विद्यालय में पानी की दिक्कत की बात बताई। जानकारी दी गई की उक्त विद्यालय में एक छापा नल है जो की खराब है और जिससे पानी ठीक से नहीं निकलता है। जिसपर मुर्मु जी ने कहा की जिला प्रशासन से मिलकर इस समस्या का समाधान करेंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मिठाई खिलाकर दी रवींद्र को जन्म दिन की बधाई

**राष्ट्रीय खबर**



**हरिहरगंज/पलामू :** बीते दिनों पलामू आगमन के दौरान झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष बाबुलाल मरांडी जी ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह को उनके जन्मदिन पर मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उनके सुखमय जीवन की कामना के साथ ही आशिर्वाद दिया। इसके लिए श्री सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इस दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाजपा नेता रवींद्र को दिल से शुभकामनाएं दीं। इसके पहले भाजपा नेता रवींद्र ने पूर्व सीएम को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया था। इस बाबत उन्होंने कहा कि मेरे जन्म दिन पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र समेत जिले और प्रदेश भर से कई गणमान्य व्यक्तियों ने मेरे दीघार्यु जीवन की कामना की है। जिन्हें मैं दिल से ध्यन्यवाद प्रेषित करता हूं।

## हरिहरा गांव में जूट जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़ः** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आई केयर परियोजना के अंतर्गत पाकुड़ सदर प्रखंड के नवादा पंचायत के हरिहरा गांव में जूट उत्पादन करने वाले किसानों के साथ एक दिवसीय जूट बीज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत 20 फरवरी को राष्ट्रीय जूट महोत्सव के अवसर पर चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तहत समझौता किया गया था। इसी समझौता के तहत किसानों को प्रशिक्षण, अनुदान आधारित बीज, मशीन एवं उपकरण तथा उत्पादों को खरीदने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी के तहत गुरुवार को नवादा पंचायत के हरिहरा गांव में दर्जनों किसानों का एक दिवसीय जूट जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीएम फैज आलम, सलिल कुमार मंडल, जूट कारपोरेशन ऑफ इंडिया धुलियान,ब्लॉक सुपर वाइजर आई केअर के इसरार अहमद खान के द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षक इसरार अहमद के द्वारा जूट बीज उपचार, लाइन शोइंग पद्धति, सीड ड्रिल मशीन से बीज की बुआई, साइकिल वीडर के द्वारा निराई करना इत्यादि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक अहम जानकारी सभी किसानों को दिया गया। प्रशिक्षक सुमन मंडल के द्वारा आई केयर परियोजना के प्रमाणित बीज, पंक्तिवक्त तरीके से बीज की रोपाई, जूट फसल में लगने वाली रोगों की निराकरण की उपाय आदि बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

### विशेष ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को वन अग्नि के रोकथाम के संबंध में किया गया जागरूक

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर (पलामू):** मेदनीनगर वन प्रमंडल अंतर्गत सभी प्रक्षेत्र के वन परिसर एवं उपवन परिसर के ग्रामों में बुधवार को वन अग्नि के रोकथाम हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया.इस दौरान ग्रामीणों को वन अग्नि से होने वाले प्राकृतिक नुकसानों के संबंध में अवगत कराया गया.ग्रामीणों को महुआ चुनने के क्रम में पत्तों में आग नहीं लगाने को लेकर भी जागरूक किया गया एवं आग लगाने के पश्चात होने वाले क्षति के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया.ग्रामसभा में वन कर्मियों ने ग्रामीणों से वनों में आग लग जाने की स्थिति में इसकी जानकारी तत्काल निकटवर्ती उप वन परिसर के प्रभारी वनरक्षी को देने की बात कही ताकि समय रहते वनों में आग को फैलने से रोका जा सके.इसके अलावे ग्रामीणों को बताया गया कि अप्रैल से जून तक वनों में आग लगने की प्रबल संभावना बनी रहती है ।

### डीएवी रजरप्पा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती

**रजरप्पा(रामगढ़):** डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, शिक्षाविद, राष्ट्रभक्त, संविधान निमार्ता और कुशल राजनीतिज्ञ बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बाबा साहब की तस्वीर पर विद्यालय प्राचार्य बी पी राय, उपस्थित शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### आमलोगों की समस्या सुनकर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया

## साप्ताहिक पंचायत दिवस कार्यक्रम का डीडीसी ने किया निरीक्षण

- रामचंद्रपुर पंचायत में रुबन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया

**राष्ट्रीय खबर**



**पाकुड़ः** उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने सबसे पहले नवीनगर पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया एवं पंचायत सचिव ग्रामीण उपस्थित थे, वहां उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया एवं निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने आमलोगों की समस्या सुनकर निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। पंचायत अन्तर्गत खराब पड़े चापाकल के बारे में जानकारी ली गई, इस दौरान पंचायत के मुखिया द्वारा बताया गया कि 2 चापाकल खराब है। उप विकास आयुक्त ने सभी चापाकल को मरम्मत करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात नसीपुर पंचायत भवन का उप विकास आयुक्त ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे। वहां कोई ग्रामीण उपस्थित नहीं थे। पंचायत सचिव के द्वारा पंचायत के लोगों को सूचना नहीं दी गई थी कि गुरुवार को पंचायत दिवस आयोजित होना है। इसके लिए उप विकास आयुक्त ने नाराजगी जताई और डांट फटकार लगाते हुए पंचायत सचिव को अगले आदेश तक वेतन बंद करने का निर्देश बीडीओ को दिया।इसके अतिरिक्त उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर के द्वारा सदर प्रखंड के रामचंद्रपुर पंचायत में रुबन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश। ताकि किसानों को इसी सीजन में कोल्ड स्टोरेज का लाभ मिलना शुरू हो जाए।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की सोच है कि सभी सुयोग्य लाभुकों को सरलता पूर्वक योजनाओं का लाभ मिले। इसी सोच को लेकर जिला प्रशासन द्वारा जिला के सभी पंचायतों में गुरुवार को सप्ताहिक पंचायत दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ के लिए आपको सरकारी कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, प्रशासन आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए आपके पंचायत में आ पहुंचा है। इसका उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पंचायत - हर घर को मिल सकें। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र दिए व प्राप्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी बुजूर्ग कार्यक्रम में शामिल हुए है और उन्हें पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, वे अपना आवेदन जरूर जमा करें। प्राप्त आवेदनों का अविलंब निष्पादन करने को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

## रूबेला की रोकथाम को लेकर जागरुकता वाहन हरी झंडी दिखा रवाना



**राष्ट्रीय खबर**

**महेशपुर (पाकुड़):** मिजिल्स - रूबेला की रोकथाम एवं प्रचार प्रसार को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर से जागरुकता वाहन निकाली गई, जिसको डॉ. अंजनी कुमार भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. अंजनी भगत ने कहा कि मिजिल्स रूबेला जानलेवा बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारी सतर्क व तैयार है। भारत सरकार ने इस वर्ष रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें नौ महीने से लेकर 15 साल तक के बच्चों का टीकाकरण होना है। प्रखंड में 56 हजार 610 बच्चों का टीकाकरण निर्धारित है। आगामी कल 12 अप्रैल से टीकाकरण कार्य का शुभारंभ हो चुका है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग,समाज कल्याण विभाग, सभी पंचायती राज संस्थान एवं एनजीओ से सहयोग लिया जा रहा है। कंहा की खसरा रूबेला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है।

## शहर >> अपडेट

### निधन पर शोक सभा का हुआ आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर अंचल के हल्का नंबर आठ के कर्मचारी जॉनी जोसेफ 50 वर्ष के आकस्मिक निधन पर गुरुवार शाम को अंचल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में सभी अंचल एवं प्रखंड कर्मियों ने उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

## सिटी अपडेट्स >>

### राहुल गांधी ने शोषितों दलितों के लिए आवाज बुलंद की

**कोडरमा :** राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किये जाने से उबली कॉंग्रेस की संचालित जय भारत सत्याग्रह यात्रा को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और झारखण्ड प्रभारी अविनाश पांडेय ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखा प्रहार कस्ते हुए कहा की देश मेँ आपात काल जैसी स्थिति पैदा हो गयी है । अपने सम्बोधन के दौरान उन्होने कहा की राहुल गांधी को सच बोलने के कारण टारगेट किया गया । उन्होने कहा की राहुल गांधी ने दबे कुचले आदिवासियों पीड़ितों को हक दिलाने के लिए हमेशा आवाज बुलंद की । 2024 के चुनावों मेँ बीजेपी के मंसूबों को विफल करने का इशारा और अपील उन्होने की । तिलैया शहर के स्टेशन रोड मेँ आयोजित जनसभा को उनके अलावा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पार्टी के उप नेता व विधायक प्रदीप यादव प्रदेश अध्यछ राजेश ठाकुर ने भी सम्बोधित किया । मंच संचालन प्रदेश कार्यकारी अध्यछ सहजादा अनवर ने किया । मौके पर मौजूद कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अनुमंडल पदाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत के मुखिया निहारिका सुकृति ने बताया कि बुंडू पंचायत के सचिवालय के शौचालय का टंकी भर जाने के कारण दुर्गंध और पानी का बहाव हो जा रहा हो रहा है। जिससे बहुत ही परेशानी हो रही है। शौचालय का टंकी साफ कराने में बहुत बड़ी समस्या यह आ रही है की टंकी के ऊपर पोली देवी के द्वारा अतिक्रमण कर दुकान बनाकर रह रही है। कई बार अंचल अधिकारी के द्वारा नोटिस देने के बाद भी वह हटने को तैयार नहीं है। उस पर कार्रवाई करते हुए अधिकारी पेटरवार के पत्रांक 305 दिनांक 27/3/2023 के द्वारा सूचित किया गया की अभिलेख संख्या- 02/ 2022-23 के द्वारा अतिक्रमण वाद चलाया गया है। जिसमें मौजा गागीके खाता संख्या 01प्लॉट संख्या 140 कुल रकवा 5 .33 एकड़ गागी हाट की भूमि के अंश भाग में बुंडू पंचायत भवन से सटे उत्तर पूरब के भाग पर लगभग रकवा 0.01/2 एकड भूमि पर मौजा बुंडू निवासी पोली देवी के द्वारा एल्बेस्टर का मकान बनाकर दुकान खोल कर अतिक्रमण किया गया है। उक्त वाद में अतिक्रमण को हटाने हेतु दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के प्रतिनियुक्ति करने का अनुरोध किया गया है । उक्त पत्र के आलोक में अतिक्रमण को हटाने हेतु पारित आदेश के तहत मौजा गागी के खाता संख्या 01 प्लॉट संख्या 140 कुल रकबा 5 एकड़ 33 डिसमिल गागी हॉट की भूमि के अंश में बुंडू पंचायत भवन से सटे उत्तर - पूरब के भाग पर लगभग रकवा 0.01/2 एकड भूमि पर दिनांक 13/04/2023 को उक्त स्थान को अतिक्रमण मुक्त करने के दौरान विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृष्ण चंद्र दौराई बुरू को निर्देश दिया जाता है कि वे संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था साधारणार्थ समुचित करवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

**जनसभा**

झुमरीतिलैया में हुई जय भारत सत्याग्रह जनसभा

# हमारा देश संकट के दौर से गुजर रहा : अविनाश पांडे



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** हमारा देश संकट के दौर से गुजर रहा है और जब कोई भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और नफरत को लेकर सवाल खड़े करता है तो उसे प्रताड़ित किया जाता है। गुरुवार को झुमरीतिलैया में जय भारत सत्याग्रह जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि गोडसे की विचारधारा के लोगों ने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कराई पर आने वाला दिन कांग्रेस का होगा और 2024 में भाजपा को सत्ता छोड़ना होगा। सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी जी ने 4 हजार किलोमीटर पदयात्रा के जरिए आम लोगों के मुद्दों की लड़ाई शुरू की तो उन्हें प्रताड़ित किया गया। उनके मकान को खाली करने को कहा गया।

हम लोगों ने हर जिले शहर में जाकर गांव के अंतिम व्यक्ति को बताने का प्रयास किया कि आर्थिक असमानता कैसे बढ़ रही है। हर जगह लोगों ने स्वागत किया और आने वाला दिन कांग्रेस का होगा। वहीं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और कांग्रेस विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि भाजपा के लोग संविधान की हत्या करना चाहते हैं। आपकी गाढ़ी कमाई का पैसा अडानी के पॉकेट में चला गया और जब जब इन बातों पर सवाल उठाए गए तो हमारे पार्टी के नेताओं को प्रताड़ित किए जाने का काम शुरू किया गया।

विधायक प्रदीप यादव ने कार्यकताओं से कहा कि आपको कमर कसना होगा, उनकी खामियों को उजागर करना होगा। आज देश की अखंडता, एकता को कमजोर करने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ाई लड़ने की जरूरत है और निश्चित तौर पर कार्यकताओं को आगे आकर जनता के हित की लड़ाई लड़नी होगी। मौके पर कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, ईश्वर आनंद, भागीरथ पासवान, मंजू कुमारी, अभिजीत राज, मनोज सहाय, नारायण वर्णवाल, रविशंकर, उपेंद्र सिंह, निर्मल कुमार ओझा, अर्चना सिंह, उमेश साव, उपेंद्र सिंह एवं अन्य कांग्रेस नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। इसके पहले कांग्रेस नेताओं के कोडरमा पहुंचने पर पार्टी कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए।

### भाजपा कार्यकताओं ने काला बिल्ला लगाकर हेमंत सरकार के विरोध में नारेबाजी की

**पेटरवार :** पेटरवार विधानसभा सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा कार्यकताओं पर की गई लाठी चार्ज के विरोध में पेटरवार भाजपा ने सड़क पर उतर कर व काला बिल्ला लगाकर हेमंत सरकार के विरोध में नारेबाजी की। प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय से एक जुलूस निकाल कर व काला बिल्ला लगाकर सड़क पर उतर कर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि विगत 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव के दौरान पुलिस की ओर से बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किये जाने के कारण दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए है जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ता काला बिल्ला लगाकर हेमंत सरकार का विरोध कर रहे है।

# कोडरमा में हत्या एवं दुष्कर्म की घटनाओं में हो रही वृद्धि : प्रकाश रजक



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** डोमचांच थाना कांड संख्या 39/2022 के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर कोडरमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष चल रहे अनिश्चितकालीन धरना को भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक एवं भाकपा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव ने धरना स्थल पहुंचकर समर्थन किया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिले में सिर्फ अर्जुन साव की नहीं, कई हत्याएं हुई है जिसका उदभेदन कोडरमा पुलिस नहीं कर पाई है। डोमचांच थाना कांड संख्या 46 /2021 मे जयनगर प्रखंड के अंतर्गत ग्राम डंडाडीह निवासी ओम कुमार साव की हत्या हुई थी जिसमें ओम कुमार साव के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठे थे। कोडरमा पुलिस अधीक्षक के द्वारा एसआईटी गठित किया गया था इसके बावजूद भी अभी तक हत्यारों का पता नहीं लगा पाई। डोमचांच थाना कांड संख्या 137/ 2022 गोलवाढाब मे नाबालिग बच्ची की हत्या हुई थी जिसको लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया, लेकिन उक्त कांड में भी असली मुजरिम तक पुलिस नहीं पहुंच पाई। कोडरमा जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद पुलिस अधीक्षक से मांग करती है कि सभी थाना प्रभारियों को अपने स्तर से सख्त निर्देश देकर जिले में हत्या, दुष्कर्म, चोरी डकैती आदि चीजों पर नकेल कसें। श्री रजक ने कहा कि अर्जुन साव के हत्यारों को अभिलंब गिरफ्तार करने एवं धरना पर बैठे आंदोलनकारियों के साथ अभिलंब वार्ता कर धरना को समाप्त करवाने की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सड़क पर उतरकर आंदोलन चलाने पर भी मजबूर होगी।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में मनी भीमराव अंबेडकर की जयंती



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिल:** सेक्रेड हार्ट स्कूल में गुरुवार को संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। हमें अपने जीवन को संविधान की मयार्दा के अनुरूप जीना चाहिए। मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, राकेश पांडेय, दीपक सर्राफ, कुंदन राणा, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, विक्की कुमार, सतीश कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, विक्रम कुमार, संजय तिवारी, जेपी सिंह, अलका सिंह, रूबी वर्मा, प्रियंका गुप्ता, प्रियंका सिंह, स्वीटी सिन्हा, कामिनी सहाय, सपना शर्मा, कुंतल जेठवा, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, विशाल आनंद, पवन ठाकुर, रंजीत सिंह समेत अन्य शिक्षक शिक्षकेतर कर्मी व बच्चे मौजूद थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नए प्राचार्य केके सिंह का आगमन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** गुरुवार को पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कार्यभार सम्हाला। उनका स्वागत विद्यालय परिवार ने आर्य वैदिक परंपरा के अनुसार किया। वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ उन्हें तिलक लगाया गया।इस अवसर पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्वागत गान संगीत शिक्षक आलोक चक्रवर्ती और उनके समूह ने प्रस्तुत किया। पुष्पगुच्छ प्रदान कर विद्यालय की सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने उनका स्वागत किया। मंच का संचालन अपूर्वा सरकार ने किया। उसके पश्चात उन्होंने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ एक संगोष्ठी की। जिसमें उन्होंने शिक्षक- शिक्षिकाओं से निवेदन किया कि वे अपने अध्यापन में नई शिक्षा नीति के अनुसार क्रियाकलाप आधारित अध्यापन करें और अपनी पूरी निष्ठा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने पहले भी अनेक उपलब्धियों को प्राप्त किया है और अब विद्यालय अपने स्वर्णिम उपलब्धियों को प्राप्त करेगा और नित्य-प्रतिदिन नयी ऊँचाइयों को छूएगा। उन्होंने कहा विद्यालय सभी शिक्षकों और अभिवावकों के सहयोग से पूरे जिले में ही नहीं पूरे भारतवर्ष में अपना नाम रोशन करेगा और इस विद्यालय के बच्चे हर कोने-कोने में अपने ज्ञान की ज्योति फैलाएंगे और पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेंगे।

**महायज्ञ का आयोजन**

फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित

# फील्ड क्वारी में 51 कुंडली गायत्री महायज्ञ का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो /फुसरो:** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित फील्ड क्वारी ग्राउंड में गुरुवार से चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू हुआ। यहाँ मुख्य रूप से ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी अर्चना अग्रवाल शामिल रहे। सर्वप्रथम यहॉ ध्वज पूजन एवं भूमि पूजन करा कलश यात्रा निकाली गई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि श्री राम तपस्या आचार्य, गूंज सागर राणा व कमल किशोर ने मंत्रोचार के साथ पूजन करवा कर कलश यात्रा को आरंभ करवाया। इसमें सकड़ो की संख्या में महिलाएं और युवतियां अपने सिर पर कलश लेकर निकाली। कलश यात्रा अमलो बस्ती के देवी मंदिर होते हुए कारो स्थित तलाब तक गई। इसके पश्चात विधि विधान से पूजन करवाकर कलश में जल भरवाए। उसके उपरांत वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान लोग धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि जयघोष किये। जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन काल से भारत को अध्यात्मिक देश माना गया है. यहां के लोग धर्म प्रेमी है। गयात्री परिवार भारत मे ही नहीं बल्कि दूसरे देशों में भी लोगो को धर्म की और जोडने का कार्य कर रही है।वर्तमान समय में लोग अपने धर्म को भूलते जा रहे है। यदि ऐसा चलता रहा तो आने वाले समय मे हमारा धर्म खतरे में पड़ सकता है, इसलिए सभी वर्ग के लोग जाती भेदभाव को छोड़कर एक झंडे के नीचे खड़े होने की आवश्यकता है, तभी जाकर हमारा धर्म और संगठन अधिक मजबूत होगा। मौके पर बोकारो शक्ति पीठ से पधारे दयाशंकर पंडित, कृतियानंद वरनवाल तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परिषद के संवमय सह ट्रस्टी प्रमोद कुमार शर्मा, बोकारो जिला प्रकोष्ठ का संवमय धनेश्वर महतो, बेरमो प्रखंड संवमय रघुनंदन वरनवाल, अजंता समद, मुकेश मिश्रा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, मंजू शर्मा, अशोक अग्रवाल, अरुण कुमार सिंह, पुष्पा देवी, शकुंतला देवी, अनीता साव, रानी सिंह, तिलोतना देवी, सुमित्रा देवी, राजकुमारी देवी, विनोद रवानी, मोहन ठाकुर, शंकर रवानी, संजय सिंह आदि सैकडो लोग मौजुद थे।

## न्यूज फटाफट

### गैस भरा टैंकर और कंटेनर की टक्कर, चालक और उपचालक बचे



**कोडरमा:** गुरुवार को कोडरमा थाना अंतर्गत घाटी नौवा माइल के पास गैस भरा टैंकर और कंटेनर की टक्कर में दोनों के चालक बाल-बाल बचे। जानकारी के अनुसार गैस भरा टैंकर हल्दिया से लोड करके बिहार की तरफ जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर से टक्कर हो जाने से दोनों के चालक बाल-बाल बच गए। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने पहुंचकर क्रेन की मदद से गाड़ी को साइड कराया। दोनो गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### बच्चों ने बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प




**झुमरीतिलैया:** गुमो बचपन प्ले स्कूल में बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। स्कूल की छात्रा अराध्या गुप्ता ने हिंदी में तथा मीनल महतो ने अंग्रेजी में भाषण देकर बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता रहे, संविधान के लिखने में उनकी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम की समाप्ति स्कूल की छात्रा आरना अग्रवाल सहित सभी बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सकिंदर कुमार, संयोजिका अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, मारिया मंडल षिक्षिका श्वेता अग्रवाल, रष्मि सूद, संजू कुमारी, सोनी गुप्ता, सदफ नाज, गुरजीत कौर, दिषा सोनी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी, दिव्याली कुमारी, नेहालाल, प्रियम, बीषा, ईषिका, श्रुति, पूनम तेजपाल, सोनाली कुमारी, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अंजली सलूजा, नेहा गुप्ता, रितिका पाण्डेय, अंजली कुमारी, डिम्पल, साक्षी, रितिका जैन, रिद्धिमा, रिंकी, ज्योती, षलिनी, मनीमाला दत्ता, साक्षी सावंत, प्रतिमा शर्मा, दीपिका, सूरज कुमार, काषीनाथ, मुकेष कुमार, प्रतीक जैन, अनिल कुमार यादव, रजनीष कुमार, संजय कुमार एवं सतबीर की भूमिका सराहनीय रही।

### उपायुक्त ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



**कोडरमा:** उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को कोडरमा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं सम्बंधित अधिकारियों से सदर अस्पताल के मौजूदा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने अस्पताल के विभिन्न वार्ड का जायजा लेते हुए वहां की सुविधाओं की जानकारी ली। अपने निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सीएस को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसका ख्याल रखें। साथ ही अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा को और बेहतर व सुदृढ़ करने को लेकर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी लगन के साथ कार्य करने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज, डीपीएम महेश व अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग की जिला कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक



**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत जिला कार्यकारिणी समिति, समग्र शिक्षा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो में संचालित सरकारी विद्यालयों में चयनित एवं कार्यरत सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षक के ग्राम शिक्षा समिति, विद्यालय प्रबंधन समिति तथा प्रखंड शिक्षा समिति से चयनित एवं अनुमोदन के संबंध में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के अध्यक्षता में जाँच कमिटी बनाकर 30 मई तक प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### 5 टन ढिबरा लदा शक्तिमान ट्रक जप्त



**कोडरमा:** वन विभाग की टीम ने रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में गुरुवार को ढिबरा लदा शक्तिमान ट्रक वाहन को जब्त किया। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच घ्जवा जंगल के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि घ्जवा जंगल मे शक्तिमान ट्रक ढिबरा लोड करके खडा था। सूचना पर उक्त शक्तिमान को जप्त कर लिया गया। गाड़ी को छोडकर चालक भागने में सफल रहा। शक्तिमान ट्रक में 5 टन ढिबरा लोड था जिसकी कीमत उसकी लगभग 2 लाख रुपया बताई जा रही है। मौके पर वनरक्षी अमरेंद्र कुमार, राजेश कुमार शर्मा, पिंटू कुमार, ललन किशोर, पियुष प्रभाकर, रविकांत यादव, अभिमन्यु कुमार मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### दोहा डाइमंड लीग के साथ सत्र की शुरूआत करेंगे नीरज चोपड़ा



**नयी दिल्ली:** ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा दोहा में पांच मई को सितारों से सजी डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ सत्र की शुरूआत करेंगे। पिछले साल सितंबर में डाइमंड लीग का ग्रैंड फिनाले जीतने वाले गत चैंपियन 25 साल के चोपड़ा के अलावा विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक रजत पदक विजेता याकुब वाडलेच भी इस 14 चरण की एक दिवसीय सीरीज की सत्र की पहली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। पिछले साल स्टॉकहोम में डाइमंड लीग प्रतियोगिता में रजत पदक के दौरान 89.94 मीटर का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले चोपड़ा अभी तुर्किये में ट्रेनिंग कर रहे हैं और 31 मई तक वहां रहेंगे।चोट के कारण यह भारतीय सुपरस्टार दोहा 2022 डाइमंड लीग में नहीं खेल पाया था जहां पीटर्स ने 93.07 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीता था जो इतिहास की पांचवीं सबसे लंबी दूरी थी। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वाडलेच 90.88 मीटर के निजी सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस स्टार तिकड़ी के अलावा दोहा प्रतियोगिता में यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर, त्रिनिदाद एवं टोबैगो के पूर्व ओलंपिक चैंपियन केशोर्न वालकोट (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 90.16 मीटर), पूर्व विश्व चैंपियन और 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता कीनिया के जूलियस येगो (निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 92.72 मीटर) भी टूनार्मेंट में चुनौती पेश करेंगे। ट्रैक एवं फील्ड में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय चोपड़ा की नजरें इस साल 90 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने पर टिकी हैं।

आईपीएल

### राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को हार

# जियो-सिनेमा पर 2.2 करोड़ दर्शकों ने देखे धोनी के छक्के



एजेंसियां

**चेन्नई:** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार रात बल्लेबाजी के लिये उतरे तब जियो-सिनेमा पर दर्शकों की संख्या 2.2 करोड़ को पार कर गयी, जो अब तक एक बार में दर्ज की गयी दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड है। एम ए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले गये रोमांचक मुकाबले में राजस्थान ने चेन्नई को तीन रन से मात दी।

चेन्नई को तीन ओवर में 54 रन की जरूरत थी लेकिन धोनी के क्रीज पर होने के कारण दर्शक अंतिम गेंद तक सांस थामे मैच के उतार चढ़ाव को देखते रहे। धोनी ने पुराने दिनों की झलक एक बार फिर दिखाते हुए 17 गेंद पर 32 रन बनाये। उन्होंने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर मैच को रोमांचक बनाया, हालांकि चेन्नई को जब आखिरी गेंद पर पांच रन की जरूरत थी तब राजस्थान के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने केवल एक रन दिया और चेन्नई तीन रन से हार गयी। दर्शकों की संख्या के मामले में आईपीएल 2023 के डिजिटल स्ट्रीमिंग साझेदार जियो-सिनेमा ने पिछले सप्ताहांत पर शानदार शुरुआत की थी। पहले सप्ताहांत पर दर्शकों की संख्या ने पिछले पूरे सीजन के दौरान दर्शकों के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। जियो-सिनेमा पर वीडियो रिकॉर्ड 147 करोड़ से अधिक बार देखे गये। जियो-सिनेमा पर प्रति मैच बिताया गया समय भी 60 फीसदी बढ़ गया है।

## राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में चोटिल हुए एमएस धोनी, अगला मैच खेलने पर संशय



एजेंसियां

**चेन्नई:** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को हार का सामना करना पड़ा है। इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी ने 17 गेंदों में 32 रनों की धमाकेदार पारी खेली तो जरुर मगर वो अपनी टीम को जीत दिलाने में सफल नहीं हो सके। महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी पारी में 3 छक्कों और एक चौके की मदद से धमाकेदारी पारी तो खेली मगर इस पारी को जीत में सफल नहीं हो सके और चेन्नई को तीन रन से हार का सामना करना पड़ा।इस मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी अंतिम गेंद पर छक्का नहीं लगा सके और टीम को जीत नहीं मिली। मगर इस मुकाबले में हार के साथ ही कुछ ऐसा हुआ जो फैंस के लिए अधिक चिंता का विषय बन गया है। दरअसल इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चोटिल हो गए है। इसकी जानकारी कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दी है। उन्होंने मीडिया को बताया कि माही चोटिल हुए है, जिससे फैंस काफी परेशान हो गए है।

### घुटने की चोट से परेशान

कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने बताया कि धोनी घुटने की चोट से परेशान हो गए है। मैच के दौरान धोनी को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। धोनी की फिटनेस अब तक हमेशा शानदार रही है।

# सीएसके के खिलाफ जीत पड़ी राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसंग को भारी

एजेंसियां

**नई दिल्ली:** चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ में हराने के बाद राजस्थान रॉयल्स की टीम पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। इस बेहद ही रोमांचक मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने अंतिम ओवर की अंतिम गेंद पर जीत हासिल की है। मुकाबले के अंत तक फैंस के होश उड़े रहे मगर खुश होने का मौका राजस्थान रॉयल्स को मिला। खास बात है कि चेन्नई के खिलाफ मुकाबले में जीत की खुशी राजस्थान की टीम के पास अधिक समय तक नहीं रह सकी।चेन्नई सुपर किंग्स को उसके गढ़ चेपॉक में मात देने के बाद राजस्थान रॉयल्स को लाखों रुपये के नुकसान का दर्द झेलना पड़ा है। दरअसल आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित नियमों के मुताबिक स्लो ओवर रेट के नियमों का राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने उल्लंघन किया है। आईपीएल के मुकाबलों में हर सीजन में इस नियम का उल्लंघन कोई ना कोई कप्तान करता ही है। इस नियम का उल्लंघन पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर भी ये जुमार्ना लगा है।



### चुकाने होंगे 12 लाख रुपये

राजस्थान रॉयल्स की जीत में खलल बनकर एक बड़ा फाइन भी टीम पर लगा है। टीम के कप्तान संजू सैमसन की जीत की खुशी को भंग करने के लिए उनपर स्लो ओवर रेट को लेकर जुमार्ना लगाया गया है। चेन्नई सुपर किंग्स से मुकाबले के बाद ये जुमार्ना संजू सैमसन पर लगा है। उन्हें जुमार्ने के तौर पर 12 लाख रुपये की राशि भरनी होगी।आईपीएल 2023 के 17वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 3 रनों से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम ने 8 विकेट पर 175 रन बनाए। 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 172 रन ही बना सकी। राजस्थान के स्पिन गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। चेन्नई की ओर से डेवॉन कॉन्वॉय ने 38 गेंदों में 50 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अजिंक्य रहाणे 31 रन बनाकर आउट हुए।

हालांकि, अपने 200वें में आईपीएल मुकाबले में कप्तानी कर रहे महेंद्र सिंह धोनी और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने आखिरी क्षणों में कोशिश जरूर की। लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। चेन्नई को अपने गृह मैदान पर हार का सामना करना पड़ा है। इस जीत के साथ जहां राजस्थान के 6 अंक हो गए तो वहीं चेन्नई सुपर किंग्स 4 मुकाबलों में से 2 में हार का सामना कर चुकी है।

# प्रियांश की आक्रामक बल्लेबाजी से खालसा कॉलेज फाइनल में

एजेंसियां

**नयी दिल्ली:** प्रियांश राठी (51 गेंद, 76 रन) की धुआंधार बल्लेबाजी से मेजबान श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज ने चौथे गुरु नानक देव इंटर कॉलेज टी20 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज को नौ विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रियांश राठी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव और डॉ. विनयनीत कौर ने दिया। पीजीडीएवी कॉलेज के मैदान में खेले गये सेमीफाइनल में आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज की टीम टॉस जीतकर 17.3 ओवरों में 128 रन पर ऑल आउट हो गई। केशव ने 41 गेंद पर 59 रन बनाये, जबकि कोई और बल्लेबाज महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सका। अमन गर्ग और हरमन सिंह ने दो-दो विकेट चटकाकर खालसा कॉलेज के गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई की। जवाब में खालसा कॉलेज ने 14.3 ओवर में मात्र एक विकेट खोकर 129 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रियांश ने 51 गेंद पर 76 रन बनाये, जबकि शिवांश कपूर 35 गेंद पर 40 रन बनाकर नाबाद रहे।



# जरा हटके जरा बच के में नजर आयेगी विक्की कौशल और सारा अली खान की जोड़ी



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान और अभिनेता विक्की कौशल की जोड़ी फिल्म जरा हट-के जरा बच के में नजर आयेगी। विक्की कौशल और सारा अली खान की आने वाली फिल्म का नाम ह्यजरा हटके जरा बचकेह्ल है। यह एक फैमिली फिल्म है। इसमें विक्की इंदौर के युवा के रोल में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए हिंदी को इंदौरी टोन में बोलने का लहजा भी सीखा है। सारा का किरदार प्रॉपर इंदौर से नहीं रखा गया है। इस फिल्म को लक्ष्मण उटेकर निर्देशित करेंगे, जो एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी। हाल ही में ह्यजरा हटके जरा बच केह्ल फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। जिसमें सारा को नीले और लाल रंग की खूबसूरत साड़ी पहने और मंगलसूत्र और चूड़ियां पहने देखा जा सकता है। वहीं, विक्की कैजुअल आउटफिट में बाइक चलाते नजर आए थे। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। सारा और विक्की ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। अब फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है।

# शाहिद कपूर की फिल्म ब्लडी डैडी का पोस्टर रिलीज




एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म ब्लडी डैडी का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म ब्लडी डैडी के पोस्टर में शाहिद कपूर बेहद इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में शाहिद कपूर के साथ अंकुर भाटिया भी हैं। शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्टर को शेयर करते हुए बताया है कि इसका टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। बताया जा रहा है कि फिल्म ब्लडी डैडी ओटीटी पर रिलीज होगी। इस फिल्म में शाहिद अंडरकवर कॉप के रोल में दिखने वाले हैं। फिल्म में वह अपने बेटे को छुड़ाने के लिए दुश्मनों से टक्कर लेते हुए दिखेंगे। फिल्म में रोनित रॉय और संजय कपूर ने विलेन की भूमिका निभाई है। ह्यब्लडी डैडीह्ल को फ्रेंच फिल्म ह्यनिट ब्लैंचह्ल (स्लीपलेस नाइट) का आधिकारिक रीमेक बताया जा रहा है।

# शाहरूख खान की फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म डंकी का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी की आने वाली फिल्म डंकी में शाहरूख खान और तापसी पन्नू की मुख्य भूमिका है। शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शाहरुख खान और राजकुमार हिरानी एक फ्रेम में नजर आ रहे हैं।

# 31 अगस्त 2024 को रिलीज होगी राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर की स्त्री 2



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 , 31 अगस्त 2024 को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता दिनेश विजान सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल ह्यस्त्री 2ह्ल बना रहे हैं। स्त्री 2 में राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक कर रहे हैं। फिल्म स्त्री 2, 31 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एकता कपूर की 'द क्रू' में नजर आयेंगे कपिल शर्मा!



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता कपिल शर्मा फिल्म निर्माता एकता कपूर की आने वाली फिल्म 'द क्रू' में काम करते नजर आ सकते हैं। एकता कपूर की फिल्म 'द क्रू' में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सैनन की मुख्य भूमिका है। चर्चा है कि कपिल शार्म भी फिल्म 'द क्रू' में काम करने जा रहे हैं। कपिल शर्मा जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर सकते है।कृति सैनन पिछले महीने फिल्म की शूटिंग कर चुकी हैं वहीं, करीना कपूर खान कुछ दिन पहले ही टीम का हिस्सा बनी हैं, वहीं इस हफ्ते से, तब्बू भी फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाली हैं। फिल्म 'द क्रू' को एकता कपूर और रिया कपूर मिलकर प्रोड्यूस करने वाली हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### कोविड संक्रमित मामले 45 हजार के करीब

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 10 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 45 हजार के करीब हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 10158 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 44998 हो गयी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### नदी में नहाने गये दो बच्चों की पानी में डूबने से मृत्यु

**शहडोल :** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में नदी में नहाने के लिए गये दो बच्चों की पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिंहपुर थाने के बूढ़ी दाई नाले में आज सुबह शुभ कुशवाहा (9) अपने दोस्तों के साथ नहा रहा था कि गहरे पानी में चला गया, डूब गया। साथियों के हल्ला मचाने पर ग्रामीणों ने पुलिस को खबर दी तब मृत्यु हो गयी। दूसरी घटना जैतपुर थाने के बहगढ गाँव में स्थित कसेड नदी में मुकेश बैगा (7) अपनी माँ के साथ नहाने आया था। नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया। माँ के हल्ला मचाने पर जब तक ग्रामीण पहुँचे तब तक मुकेश की मौत हो गई।

### फूड प्वाईजनिंग से 50 लोग बीमार

**सतना :** मध्यप्रदेश के सतना जिले में भंडारे के आयोजन में भोजन करने से महिला और पुरुष मिलाकर करीब पचास लोग बीमार हो गये। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि सिंहपुर थाना क्षेत्र के नगौरा गांव में एक व्यक्ति के परिवार में कल कन्या पूजन तथा भंडारे का आयोजन था। भंडारे में शामिल प्रसाद ग्रहण कर कुछ बच्चों की तबियत बिगड़ने लगी आनन-फानन में सभी लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मकान में आग लगने से एक व्यक्ति की झुलसकर मौत

**हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला में नादौन उपमंडल के चलैली गांव में गुरुवार तड़के एक मकान में आग लगने से एक व्यक्ति की झुलसकर मौत हो गई। नादौन पुलिस ने हादसे की पुष्टि की और बताया कि मृतक की पहचान अशोक कुमार (57) के रूप में की गयी है। पुलिस के अनुसार तड़के चार बजे एक कच्चे मकान में आग लग गई और अंदर सो रहे अशोक की झुलसकर मौत हो गई। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### ट्रक की चपेट में आने से सात तीर्थयात्रियों की मौत

**होशियारपुर :** पंजाब के होशियारपुर में गुरुवार को रविदास महाराज श्री खुरालगढ़ साहिब के चरण छोए गंगा के पास गुरुवार तड़के बेकाबू ट्रक ने बैसाखी मनाने जा रहे तीर्थयात्रियों को रौंद दिया, जिससे सात लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गये। पुलिस उपाधीक्षक दलजीत सिंह खाख ने बताया कि मृतकों की पहचान राहुल, सुदेश पाल, संतोष, अंगूरी, कुंती, गीता और रमोह के रूप में हुई है। मरने वालों में ज्यादातर उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में मस्तान खेड़ा के रहने वाले हैं और इस समय यह सभी नाभा में काम करते थे। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पांच लोगों को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ भेजा दिया गया है। उन्होंने बताया कि एक ढलान पर ट्रक चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और 17 राहगीरों को कुचल दिया, जिनमें से सात की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गये थे। उल्लेखनीय है कि खुरालगढ़ में श्रद्धालुओं के साथ दो दिन में यह दूसरा हादसा है। मंगलवार की रात यहां एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। उस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए थे।

---

**रिपोर्ट** अडाणी के स्पष्टीकरण के बाद भी निवेश का विवाद टला नहीं

# एफटी ने कहा वे अपनी बात पर कायम हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**लंदनः** प्रमुख व्यापारिक समाचार पत्र फाइनेंशियल टाइम्स ने अडाणी समूह के विस्तारित स्पष्टीकरण और अपनी रिपोर्ट वापस लेने की मांग को खारिज कर दिया है। दरअसल उसमें एक रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद ही अडाणी समूह ने इस बारे में प्रकाशित तथ्यों का खंडन करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी। इसके बाद विवाद बढ़ गया था।

अडाणी समूह का आरोप है कि उनके कारोबार और परिवार की छवि धूमिल करने का यह प्रयास है और अखबार ने खुद अपने ही तथ्यों को सही ढंग से पेश नहीं किया है। इस पर भारतीय मीडिया में अडाणी के पक्ष में लगातार समाचार प्रकाशित किये गये हैं। अब एफटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनका लेख सटीक और सावधानी से तैयार किया गया है और इसी वजह से वे अपनी रिपोर्टिंग पर कायम हैं। दरअसल फाइनेंशियल टाईम्स ने विदेशी कंपनियों के निवेश के बारे में जो सूचनाएं छापी हैं, उनकी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया हुई है। अडाणी के कारोबार में निवेश करने वाली कई बड़ी कंपनियों ने इस पर कंपनी से स्पष्टीकरण भी मांगा है।

इनमें फ्रांस की वह कंपनी भी शामिल हैं, जिसने अडाणी कंपनी में हिस्सेदारी खरीदी है। अडाणी समूह ने 10 अप्रैल, 2023 को एफटी को लिखे एक पत्र में एफटी की उसी रिपोर्ट को हटाने की मांग की थी। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अडाणी से जुड़ी अपतटीय कंपनियों ने 2017 और 2022 के बीच समूह में कम से कम $ 2.6 बिलियन का निवेश किया, कुल एफडीआई में प्राप्त $ 5.7 बिलियन से अधिक का 45.4 प्रतिशत होता है। डेटा रेखांकित करता है कि कैसे अस्पष्ट मूल के धन ने अडाणी को अपने विशाल समूह का निर्माण करने में मदद की है क्योंकि उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे के साथ खुद को संरेखित करते हुए एक बुनियादी ढांचा क्षेत्र में व्यापार और प्लास्टिक संचालन का विस्तार किया। इससे जुड़ी तमाम ऐसी कंपनियों, जिन्हें भारतीय राजनीति में शेल कंपनी भी कहा गया है, के बारे में कहा गया है कि दरअसल उन कंपनियों का निवेश अभी के आकलन से अधिक भी हो सकता है। एफटी, जो कई रिपोर्टों के साथ अडाणी समूह में गहरी दिलचस्पी ले रहा है, ने कहा है कि सितंबर 2022 तक, अडाणी समूह भारत के सबसे बड़े धन प्राप्तकताओं में से एक था, जिसे आधिकारिक तौर पर एफडीआई के रूप में दर्ज किया गया था, जिसे 6 प्रतिशत प्राप्त हुआ था। 12 महीने की अवधि में सूचीबद्ध एफडीआई में समूह के 2.5 बिलियन डॉलर में से 526 मिलियन डॉलर अडाणी परिवार से जुड़ी दो मॉरीशस कंपनियों से आए, जबकि लगभग 2 बिलियन डॉलर अबू धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी से आए। अडाणी समूह ने कहा है कि निवेश संबंधी पूरी जानकारी पहले से ही सार्वजनिक स्तर पर उपलब्ध है। इस खंडन के अनुरोध के बाद भी फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी बात से पीछे हटने से इंकार कर दिया है।

## अवकाश के दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 14 अप्रैल (डॉ. अम्बेडकर जयंती/वैशाखी), 15 अप्रैल (शनिवार) एवं 16 अप्रैल (रविवार) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार भोपाल शहर वृत्त के चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली का बिल ऑनलाइन भुगतान करने की अपील की है।

## उच्च शिक्षण संस्थान कर रहे हैं बेहतर प्रदर्शन : यादव



**एजेंसियां**

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन कर लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं। डॉ यदव ने कहा कि प्रदेश नई शिक्षा नीति को लागू करके गुणवत्ता उन्नयन की ओर पहल करने वाला देश का अग्रणी राज्य बन गया है। महाविद्यालयों की शिक्षण गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिये एवं देश के बेहतरीन महाविद्यालयों की सूची में शामिल करने के लिये लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिये केन्द्रीय स्तर पर स्थापित संस्थान नेशनल एसिसमेंट एण्ड एक्रीडिटेशन काउंसल (एनएएसी) के साथ राज्य स्तर पर भी स्टेट लेवल नेक सेल (एसएलएनसी) संचालित है। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्तर पर स्थापित संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा शिक्षण संस्थानों में नैक ग्रेडिंग में वृद्धि करना है। वर्तमान में 120 महाविद्यालय में नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि अधिकतर महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में प्राप्त ग्रेड से बेहतर ग्रेड प्राप्त किये है और नये महाविद्यालय भी नैक प्रक्रिया में सम्मिलित किये गये हैं। डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे नैक प्रत्यायन एवं एनआईआरएफ रैंकिंग पर विशेष जोर देते हुए सभी महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों को लगातार बेहतर प्रदर्शन के लिये हर संभव सहयोग किया जा रहा है।

## सीवरेज के कार्य हर हालत में मई तक पूरा करें: आयुक्त



**एजेंसियां**

**भोपाल :** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त भरत यादव ने कहा कि सीवरेज के कार्य को हर हालत में मई माह के अंत तक पूरा करें। यादव ने रीवा एवं शहडोल संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन निकायों में अमृत योजना एक एवं दो में पाइप लाइन आदि बिछाने का कार्य शेष है, वहाँ कार्य पूरा होने के बाद ही कायाकल्प योजना की सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जाय। उन्होंने अर्बन ट्रांसपोर्ट के तहत शहर में ज्यादा से ज्यादा सिटी बसें चलाने के लिये निर्देशित किया। इससे अधिक से अधिक लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। अमृत योजना-2 में पार्क एवं तालाबों के किनारे सौन्दर्यीकरण के ज्यादा से ज्यादा कार्य किए जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी लेते हुये आवासों का डीपीआर शीघ्र बना कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। शहर में पार्क का निर्माण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। कार्य पूरा होने के बाद उनकी लैब से जॉच कराने के बाद ही भुगतान किया जाय। कार्य सही न होने पर ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। शहर में पानी की व्यवस्था समुचित रूप से करें। गर्मी के कारण अग्नि दुर्घटनायें रोकने के समुचित उपाय करें। फायर विग्रेड को 24 घंटे पानी भर कर तैयार रखें। आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में किस कारण रैंकिंग कम होती है और कैसा काम करने से रैंकिंग बढ़ती है। अमानक पॉलीथीन पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुये सभी निकायों से प्रगति की जानकारी ली। जिन निकायों में प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी नहीं की गई है उनके सीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही राशि जारी करने के भी निर्देश दिये।

## टिकट नहीं मिलने पर विधायक कुमारस्वामी भाजपा से हुए अलग



**एजेंसियां**

**चिक्कमगलुरु :** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एम पी कुमारस्वामी ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कुमारस्वामी चिक्कमगलुरु जिले के मुदिगेरे विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहे थे लेकिन पार्टी ने उनकी जगह दीपक डोड्डैया को इस सीट से टिकट दिया है। कुमारस्वामी के खिलाफ एक अदालती मामले को उनके टिकट नहीं मिलने एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। फरवरी में एक विशेष अदालत ने उन्हें आठ चेक बाउंस होने के मामले में दोषी ठहराया था। उन्होंने अभी अपने अगले कदम का खुलासा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ बैठक के बाद ही कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि वह एक संत नहीं हैं और अगर भाजपा चिक्कमगलुरु में हार जाती है तो इसके लिए सीटी रवि को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि येदियुरप्पा के बिना भाजपा 50 सीटें भी नहीं जीत सकती।

**जलजला** रूस के सुदूर पूर्व में ज्वालामुखी फटा राख हवा में 20 किलोमीटर तक ऊंची

## विमान सेवा पर भी असर पड़ने की पूरी आशंका

**राष्ट्रीय खबर**



**मॉस्कोः** रूस के सुदूर पूर्वी कामचटका क्षेत्र में मंगलवार की सुबह शिवलुच ज्वालामुखी फट गया, जो समुद्र तल से 20 किलोमीटर ऊपर राख उगल रहा था। भूभौतिकीय सर्वेक्षण ने कहा, मंगलवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:54 बजे (सोमवार को 8:54 पूर्वाह्न) के आसपास भूकंपीय गतिविधि की सूचना दी गई थी, जिसमें कहा गया था कि लगभग 15 घंटे बाद भी ज्वालामुखी फट रहा था। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में ज्वालामुखी से लगभग 90 किलोमीटर (55 मील) दूर उस्त-कामचत्स्की शहर में आसमान में राख का एक बड़ा बादल और सड़कों और कारों को ढंकते हुए राख दिखाई दे रही है। भूभौतिकीय सर्वेक्षण ने कहा कि उपग्रह के आंकड़ों के अनुसार, प्लम क्लाउड का आकार 400 गुणा 250 किलोमीटर है और यह ज्वालामुखी के पश्चिम और दक्षिण में फैल गया है। आसमान पर इस ज्वालामुखी की राख से फैल जाने की वजह से विमान सेवा के भी बाधित होने की आशंका है।

ऐसा इसलिए है कि यह ज्वालामुखी की राख ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के इंजनों में जाकर चिपक जाती है। इससे विमान का ईंजन बंद हो जाता है। रूसी राज्य समाचार एजेंसी ने बताया कि सुदूर पूर्वी शाखा के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान ने कहा कि एक लाल चेतावनी संकेत जारी किया गया है और गर्म लावा प्रवाह पास के सड़कों को अवरुध कर चुका है। तास के के अनुसार, संस्थान ने कहा, पिघला हुआ लावा प्रवाह 20 किलोमीटर तक यात्रा कर सकता है। कामचटका प्रायद्वीप, रूस के पूर्वोत्तर क्षेत्र में शेवेलुच ने होलोसीन के दौरान कम से कम 60 विस्फोट किए हैं, जिसमें 10,000 साल पुराने टेफ्रोक्रोनोलॉजी से ज्ञात विस्फोट हैं। इस लिहाज से यह पहले से ही एक जिंदा ज्वालामुखी घोषित था, जिससे समय समय पर राख निकलता रहता था। लगातार जमीन के अंदर के दबाव से पहाड़ का सिरा ऊपर की तरफ उठता जा रहा है। अब उसी शिखर से विस्फोट के बाद गर्म लावा तेजी से नीचे की तरफ निकलता हुआ आ रहा है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान विस्फोट की अवधि अगस्त 1999 में शुरू हुई और इसमें हाल ही में चल रहे विस्फोट, लगातार राख उत्सर्जन, गरमागरम ब्लॉक हिमस्खलन, और लावा गुंबद वृद्धि शामिल हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### स्पेसएक्स कार्गो अंतरिक्ष यान नमूनों के साथ लौटेगा पृथ्वी पर

**लॉस एंजिलिस :** स्पेसएक्स ड्रैगन कार्गो पुन:आपूर्ति अंतरिक्ष यान अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से वैज्ञानिक अनुसंधान के नमूने और सामग्री के साथ शनिवार को पृथ्वी पर लौटेगा। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि अंतरिक्ष यान शनिवार 11:05 बजे अंतरिक्ष स्टेशन से रवाना होगा और स्टेशन से सुरक्षित दूरी पर जाने के लिए अपने थ्रस्टरों को फायर करेगा। पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करने के बाद अंतरिक्ष यान फ्लोरिडा के तट पर पैराशूट की सहायता से उतरेगा। नासा के अनुसार कार्गो अंतरिक्ष यान करीब 4,300 पाउंड की आपूर्ति और अंतरिक्ष स्टेशन के माइक्रोग्रैविटी वातावरण का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किए गए वैज्ञानिक प्रयोगों को पृथ्वी पर वापस लायेगा।

### सऊदी अरब काउंसलर सेवा और उड़ानों की बहाली पर सहमत

**दमिश्क/रियाद :** सीरिया और सऊदी अरब ने दोनों देशों के बीच काउंसलर सेवाओं और उड़ानों को फिर से शुरू करने पर सहमति जताई हैं। सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद के निमंत्रण पर सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद की बुधवार को यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की। सीरिया में 2011 में गृहयुद्ध शुरु होने के बाद किसी विदेश मंत्री की पहली यात्रा हैं। बयान में कहा गया है कि सीरिया और सऊदी अरब दोनों देशों के बीच कांसुलर सेवाओं और उड़ानों को फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। सीरिया के विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने पर बल दिया है। इस दौरान दोनों पक्षों ने सीरिया में संकट के लिए एक व्यापक राजनीतिक समाधान प्राप्त करने के लिए आवशयक कदमों पर चर्चा की। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार दोनों देश मानवीय कठिनाइयों के समाधान और सीरिया के सभी हिस्सों तक पहुँचने के लिए सहायता के लिए उपयुक्त वातावरण बनाने, शरणार्थियों और विस्थापित की वापसी को लेकर चर्चा हुई।

### सऊदी अरब में सात वर्ष बाद खुला ईरानी दूतावास

**तेहरान :** सऊदी अरब के साथ ईरान के राजनयिक संबंधों की बहाली को लेकर एक समझौते के तहत राजधानी रियाद में सात वर्ष के अंतराल के बाद ईरानी दूतावास खोला गया है। सऊदी अरब के अखबार 'ओकाज' ने सूत्रों के हवाले से गुरुवार को यह जानकारी दी। ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीरअब्दोलहियान और सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने पिछले हफ्ते चीन में मुलाकात की और राजनयिक संबंधों की बहाली और राजनयिक मिशनों को खोलने की तैयारी से संबंधित एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। दोनों विदेश मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने पर भी सहमति जतायी। रियाद में बुधवार को ईरानी प्रतिनिधिमंडल के आगमन की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद दूतावास का उद्घाटन हुआ। ईरानी विदेश मंत्रालय ने सऊदी अरब की राजधानी में ईरानी दूतावास और जेद्दा में वाणिज्य दूतावास खोलने की तैयारी के लिए मंगलवार को तेहरान से एक तकनीकी प्रतिनिधिमंडल रियाद भेजा। ईरान और सऊदी अरब चीन की मध्यस्थता से मार्च की शुरुआत में राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल करने पर सहमत हुए, जो 2016 में शिया उपदेशक निम्र अल-निम्र को मृत्युदंड दिये जाने के बाद ईरान स्थित सऊदी अरब के राजनयिक मिशनों पर हमलों के बाद टूट गये थे।

### सुरक्षाबलों ने गोला-बारूद से लदे ड्रोन को मार गिराया

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास नकदी और गोला-बारूद से लदे एक ड्रोन को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि राजौरी के बेरी पट्टन इलाके में नियंत्रण रेखा पर बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात को उड़ने वाली संदिग्ध वस्तु की गतिविधि की सूचना मिली थी।

### कराची के बहुमंजिला फैक्ट्री में लगी आग,चार दमकलकर्मियों के शव बरामद

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के कराची में एक बहुमंजिला फैक्ट्री में भीषण आग लगने के बाद आग बुझाते समय इमारत के ढहने से चार दमकलकर्मी मलबे में दब गए। दमकलकर्मियों के शव को गुरुवार सुबह मलबे से बरामद किया गया। राहत एवं बचाव दल ने यह जानकारी दी। सायलानी वेलफेयर ट्रस्ट के एक दमकलकर्मी सलमान कुरैशी ने प्रेस के हवाले से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह एक चादर बनाने वाली बहुमंजिला फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर भेजी गयी और जिस समय दमकलकर्मी आग बुझाने में लगे हुए थे तभी यह इमारत भरभरा कर ढह गयी। दमकलकर्मी ने कहा, ''घटनास्थल पर दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे हुए थे, तभी फैक्टरी का एक हिस्सा ढह गया, जिसके मलबे में कई लोग फंस गए।'' उन्होंने कहा कि 11 दमकलकर्मियों सहित 13 घायल लोगों को भी ढही हुई इमारत से निकाला गया है। कराची के मध्य जिला उपायुक्त ताहा सलीम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मलबे के नीचे अब कोई नहीं दबा है, और बचाव दलों द्वारा क्षेत्र को साफ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इमारत में आग शार्ट सर्किट के कारण लगी थी संकरी गली होने के कारण दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल तक नहीं ले जाया सका था जिससे स्थिति ज्यादा भयावह हो गयी थी।

## आज का इतिहास

- 1659 : औरंगजेब ने दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।
- 1736 : तस्कर एंड्रयू विल्सन के निष्पादन के बाद एडिनबर्ग में निजी दंगे हुए, जब शहर के गार्ड कप्तान जॉन पोर्टियस ने अपने लोगों को भीड़ पर आग लगाने का आदेश दिया। पोर्टरी को बाद में गिरफ्तार किया गया।
- 1775 : पहली बीजावृत्तिवादी संगठन का आयोजन फिलाडेल्फिया, अमेरिका में हुआ।
- 1834 : व्हिग पार्टी को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेटर हेनरी क्ले द्वारा नामित किया गया।
- 1865 : अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को गोली मारी गई।
- 1872 : सैन फ्रांसिस्को बार एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
- 1891 : भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म।
- 1944 : मुंबई के बंदरगाह में हथियारों से भरे जहाज में विस्फोट हुआ, 1200 से अधिक लोगों की मौत।
- 1962 : भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय अभियंत्रक एम.विश्वेश्वरैया का निधन।
- 1981 : पहला अंतरिक्ष यान कोलंबिया-1 वापस धरती पर लौटा।
- 1999 : मलेशिया के अपदस्थ उपप्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को भ्रष्टाचार के मामले में छह वर्ष कद की सजा।
- 2000 : रूस की संसद ने संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच स्टार्ट-2 परमाणु शस्त्र कटौती संधि का अनुमोदन किया।
- 2003 : इजरायल के प्रधानमंत्री एरियल शैरोन पश्चिमी तट से कुछ यहूदी बस्तियाँ हटाने पर सहमत।
- 2005 : भारत और अमेरिका ने अपने-अपने उड़ान क्षेत्र एक-दूसरे की एयरलाइनों के लिए खोलने का ऐतिहासिक समझौता किया।
- 2006 : चीन में प्रथम बौद्ध विश्व सम्मेलन शुरू।
- 2008 : भारत में कोलकाता और बंगलादेश में ढाका के बीच 1965 के बाद पहली बार यात्री रेल सेवा की शुरुआत।
- 2010 : चीन के किंगगाई में 6.9 तीव्रता का भूकंप में करीब 2700 लोग मारे गए।
- 2013 : सोमालिया के मोगादिशु में आतंकवादी हमले में 20 मरे।
- 2014 : आतंकवादी संगठन बोको हराम ने नाइजीरिया में चिबोक स्थित एक बोर्डिंग स्कूल से 275 लड़कियों का अपहरण किया।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची शुक्रवार 12 | web : www.rashtriyakhabar.com | epaper.rastriyakhabar.com | 14-04-2023


## दिल्ली हाईकोर्ट में अब 22 मई को सुनवाई

रांचीः झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में दिल्ली हाईकोर्ट अब 22 मई को सुनवाई करेगा। गुरुवार को इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 मई की तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने डीए (आय से अधिक संपति) मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

दबिश

### मिले महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज

# ईडी के रेड में जमीन संबंधी जालसाजी का बड़ा खुलासा

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** गुरुवार को ईडी के रेड में जमीन संबंधी जालसाजी को लेकर कई बड़े खुलासे हुए हैं। ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बड़गाई अंचल के कर्मचारी भानु प्रताप के घर से बड़े-बड़े बक्सों में रखे गए कई महत्वपूर्ण जमीनों के कागजात ईडी ने बरामद किए हैं। वहीं अफसर खान के घर हुई छापेमारी में ईडी ने कोलकाता रजिस्टार ऑफिस से संबंधित फर्जी स्टांप बरामद किए हैं। जमीन माफिया और कर्मचारियों की मिलीभगत से झारखंड में जमीन के फजीर्वाड़े का बड़ा खेल चल रहा था। जमीन संबंधी फजीर्वाड़े को लेकर गुरुवार की सुबह ईडी की टीम बड़गाई के अंचल कर्मी भानु प्रताप के बरियातू स्थित घर पहुंची थी। घर में जांच के दौरान ईडी को एक कमरा बंद मिला। उस कमरे में ताला बंद था जब कमरे को खोल कर ईडी के अफसर अंदर गए तो वे चौंक गए। कमरे के अंदर स्टील के कई बक्से पड़े हुए थे जिनके अंदर हजारों की संख्या में जमीन संबंधित दस्तावेज बंद थे। पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि कर्मचारी के द्वारा सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज घर में ही रखे जाते थे ताकि जरूरत के हिसाब से उन में हेरफेर किया जा सके। वहीं, फर्जी कागजातों के जरिए जमीन का हस्तांतरण करने में महारत हासिल करने वाले अफसर अली के घर पर दो कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस के फर्जी स्टांप तक बरामद किए गए हैं। अफसर के घर से कई ऐसे दस्तावेज बरामद हुए हैं जो यह साबित करते हैं कि जमीन माफिया और सीओ ऑफिस के कर्मचारियों के बीच गहरी सांठगांठ है। फिलहाल ईडी जो कागजात मिले हैं उनकी जांच कर रही है।गौरतलब है कि गुरुवार सुबह से ही रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, जमीन कारोबारी अफसर अली, सद्दाम हुसैन, अधिवक्ता मदन, इम्तियाज अली, राजस्व कर्मी अशोक सिंह, भानु प्रताप और दीपक कुमार के घर पर छापेमारी की जा रही है। सभी स्थानों पर रेड अभी भी जारी है जो देर रात तक चलने की संभावना है।

## रोजगार मेला में 272 युवाओं को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के हाथों मिला ज्वाइनिंग लेटर

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः**सीसीएल ऑडिटोरियम, दरभंगा हाउस में गुरुवार को 272 युवाओं को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और अन्य के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। इसमें सबसे अधिक सरकारी नौकरी रांची रेलवे (146) औ? चक्रधरपुर डिवीजन (93) यानि इन दोनों डिवीजनों में प्रतियोगी परीक्षाओं और अन्य प्रक्रियाओं के आधार पर चुने गये 239 युवाओं को नौकरी मिली। जिन्हें लेटर मिला, उन्होंने खुशी जताते इस ऐतिहासिक पल को यादगार बताया। मौके पर अर्जुन मुंडा ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार युवाओं के उत्थान, बेहतरी के लिए प्रयास कर रही है। इस दौरान विधायक सीपी सिंह, समरी लाल के अलावा डीआरएम प्रदीप गुप्ता, एडीआरएम, सीपीआरओ निशांत कुमार सहित रेलवे और अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे।रोजगार मेले में रांची और चक्रधरपुर रेलवे डिवीजनों के अलावा पोस्टल डिपार्टमेंट (07), झारखंड रूरल बैंक (6), पीएनबी (5), नाबार्ड और रक्षा मंत्रालय के स्टोर डिपार्टमेंट (4-4), जीएसआई (2), सीआरपीएफ, इएसआईसी, सीएसई, यूबीआई, एनबीएस (1-1) में ज्वाइनिंग लेटर बांटे गये। दरअसल गुरुवार को दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों रोजगार मेला में 71 हजार नियुक्ति पत्र का वितरण हुआ। इसी कड़ी में राज्य के 272 युवाओं को भी पत्र बांटे गये। पीएम के प्रोग्राम से झारखंड की टीम ऑनलाईन जुड़ी हुई थी। पीएम के हाथों शुभारंभ होने के बाद रांची में लेटर दिए गये।

## एथलेटिक्स में अपना स्किल डेवलप करने को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस में एडमिशन का मौका

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः**एथलेटिक्स में अपना स्किल निखारने का मौका झारखंड सरकार दे रही है। इसके लिए सेंटर ऑफ एक्सेलेंस (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) में 25 अप्रैल से एडमिशन प्रोसेस शुरू होगा। राज्य के इच्छुक लड़के, लड़कियां इसके लिए चयन ट्रायल में निर्धारित सेंटरों पर उपस्थित हो सकते हैं। 6 विभिन्न सेंटरों पर इसके लिए उन्हें मौका मिलेगा। 25 अप्रैल से 11 मई तक अलग अलग जिलों में ट्रायल के बाद सभी प्रशिक्षुओ का अंतिम चयन 12 और 13 मई को रांची में बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में होने वाले अंतिम राउंड के बाद होगा। चयन ट्रायल के लिए निर्धारित फॉर्मेट झारखंड खेल प्राधिकरण से प्राप्त किया जा सकता है।साझा की ओर से जारी सूचना के मुताबिक 25-26 अप्रैल को गुमला में अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में ट्रायल होगा। 28-29 अप्रैल को लातेहार में संत जोसेफ हाई स्कूल, महुआडांड़, 2-3 मई को हजारीबाग के कर्जन स्टेडियम में, 5-6 मई को साहेबगंज स्टेडियम, 8-9 मई को एसोसिएशन फुटबॉल ग्राउंड, चाईबासा और 11 मई को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में सुबह 9 बजे से होगा।ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का झारखंड राज्य का निवासी होना जरूरी होगा। उम्र 16-22 वर्ष (01-04-2023 के आधार पर) की होनी चाहिये। ट्रायल के समय अपना जन्म प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र) लाना अनिवार्य होगा। आवेदक खिलाड़ी मान्यता प्राप्त इंटरनेशनल, नेशनल, स्टेट लेवल, ऑल इंडिया इंटर स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित खेलों में भागीदारी किया हो या मेडलिस्ट हो। चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में रखा जायेगा जहां उन्हें विशेष प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि राज्य के विभिन्न जिलों में एथलेटिक्स के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र खेल विभाग (खेलकूद निदेशालय) की ओर से संचालित हैं। इनमें आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (बालक) संत पैट्रिक बालिका आवासीय उच्च विद्यालय, गुमला, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग (बालिका), साहेबगंज में आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र सिद्धो-कान्हू स्टेडियम, (बालक), लातेहार (बालक) में आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र एसएस विद्यालय और आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र, संत टेरेसा उच्च विद्यालय, महुआडांड़ (बालिका) सेंटर शामिल हैं। इसके अलावा साझा के स्तर से बोकारो के आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र (बालक), चंदनकियारी (बोकारो) का संचालन किया जाता है।

## कुख्यात नक्सली मुनेश्वर गंजू और गोविंद बिरिजिया एनआईए रिमांड पर

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड पुलिस के वांटेड लिस्ट में शामिल कुख्यात नक्सली कमांडर रविंद्र गंझू के दो खास सहयोगियो को एनआईए ने रिमांड पर लिया है। 14 अप्रैल तक दोनो से एनआईए पूछताछ करेगी। झारखंड के नक्सल प्रभावित पेशरार थाना क्षेत्र के रहने वाले कुख्यात नक्सली मुनेश्वर गंजू और गोविंद बिरिजिया को एनआईए ने रिमांड पर लिया है। टेरर फंडिंग मामले में दोनों से एनआईए पूछताछ कर रही है। टेरर फंडिंग को लेकर ही इससे पहले एनआईए ने साजन कुमार भूमिया नाम के ईंट भट्ठे के मुंशी को भी रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

## 14-16 अप्रैल तक हरमू मैदान में झारखंड मिथिला मंच का विराट मिथिला महोत्सव

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः**झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में 14 अप्रैल से त्रिदिवसीय मिथिला महोत्सव सह विराट सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन होगा। मंच प्रमुख मनोज मिश्रा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 14 अप्रैल के दिन महोत्सव की शुरूआत होगी। मेन रोड स्थित बाबा विद्यापति की प्रतिमा पर मिथिला समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद संध्या काल? में हरमू के लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल में कवि सम्मेलन होगा। इस अवसर पर मैथिली के नामचीन कवि, गीतकार एवं साहित्यकार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे।